सुप्रभात

रांची, गुरुवार

19.01.2023

* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net माघ, कृष्ण पक्ष, द्वादशी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 187



12 दोहरे शतक में शुभमन गिल ने वनडे में लगायी रिकॉर्ड की झड़ी

# रामगढ़ में 27 फरवरी को वोटिंग, रिजल्ट 2 मार्च को

**रामगढ़ उपचुनाव**

- 31 जनवरी : गजट नोटिफिकेशन, 7 फरवरी तक नामांकन, 8 फरवरी को स्क्रूटनी, 10 फरवरी नाम वापसी की अंतिम तारीख

## उपचुनाव को लेकर के सभी दल तैयार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के रामगढ़ विधानसभा उप चुनाव का बिगुल बज गया है। केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने बुधवार को रामगढ़ उप चुनाव के तिथि की घोषणा की है। आयोग के अनुसार रामगढ़ उपचुनाव के लिए 27 फरवरी को मतदान होगा और 2 मार्च को काउंटिंग (मतगणना) होगी। आयोग ने सूचना जारी करते हुए बताया कि झारखंड में पूर्व विधायक ममता देवी की सदस्यता रद्द होने के कारण रामगढ़ में उपचुनाव होना है। 31 जनवरी को इन चुनावों से संबंधित गजट जारी हो जायेगा। 7 फरवरी तक नामांकन किये जा सकेंगे। 8 फरवरी को स्क्रूटनी होगी और 10 फरवरी तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। इसके साथ ही आयोग ने त्रिपुरा में 16, मेघालय और नागालैंड में 27 फरवरी को मतदान, 2 मार्च को मतगणना की घोषणा कर दी।

**रामगढ़** उपचुनाव को लेकर के सभी राजनीतिक दल अपनी-अपनी तैयारी में पहले से ही लगे हुए हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी रामगढ़ की राजनीतिक रणनीति को बनाने में जुटे हुए हैं। रामगढ़ सीट कांग्रेस के खाते में थी। ममता देवी ने आजसू उम्मीदवार को हरा कर उसका गढ़ को तोड़ा था। काफी समय बाद कांग्रेस को इस सीट पर जीत मिली थी। इस बार उपचुनाव में एनडीए के तरफ से संयुक्त उम्मीदवार आजसू का होना तय माना जा रहा है। वही महागठबंधन की ओर से कांग्रेस के उम्मीदवार होंगे। असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआइएमआइएम ने प्रत्याशी उतारने की घोषणा पहले ही कर दी है।





## त्रिपुरा में 16, मेघालय व नागालैंड में 27 फरवरी को चुनाव

**पूर्वोत्तर** के तीन राज्यों त्रिपुरा (16फरवरी), मेघालय और नगालैंड(27 फरवरी) के विधानसभा चुनावों का एलान हो गया है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बुधवार को इसका एलान किया। इसके साथ ही उन्होंने छह राज्यों की सात विधानसभा और लोकसभा सीटों पर उपचुनाव की प्रक्रिया और तारीखों की भी घोषणा की। जिन सीटों के लिए उपचुनाव की घोषणा की गयी है उनमें अरुणाचल प्रदेश, रामगढ़ (झारखंड) प. बंगाल और तमिलनाडु की एक-एक विधानसभा सीट के साथ ही ही महाराष्ट्र की दो विधानसभा सीटें शामिल हैं। इसके अलावा केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप की एक लोकसभा सीट पर भी उपचुनाव की घोषणा की गयी है। (पेज 12 भी देखे)

### क्यों हो रहा उपचुनाव

**रामगढ़** की कांग्रेसी विधायक ममता देवी को गोला गोलीकांड में दोषी पाया गया था। अदालत की ओर से सजा सुनाये जाने के साथ ही उनकी विधानसभा सदस्यता रद्द कर दी गयी थी। उनकी सदस्यता रद्द होते ही रामगढ़ विधानसभा सीट खाली हो गयी थी। चुनाव आयोग की ओर से उपचुनाव किया जा रहा है।

### उपचुनाव का कार्यक्रम

**चुनाव** आयोग के मुताबिक, इन सीटों पर चुनाव के लिए 31 जनवरी को अधिसूचना जारी की जायेगी। वहीं नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख सात फरवरी है। आठ फरवरी को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 10 फरवरी तक नामांकन वापस लिए जा वापस लिए जा सकेंगे। इन सीटों पर 27 फरवरी को मतदान होगा। दो मार्च को छह विधानसभा सीटों और एक राज्य की लोकसभा सीट पर उपचुनाव के नतीजों की घोषणा होगी।

## दिल्ली में पहलवान धरना पर, अध्यक्ष पर आरोप

## अध्यक्ष बोले, यदि आरोप सही साबित हुए तो फांसी लगा लूंगा



- धरने के पीछे एक बड़े उद्योगपति का हाथ : सिंह

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली में पहलवानों ने भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह और कई कोच पर शोषण सहित अलग-अलग तरह के आरोप लगाये। जंतर-मंतर पर बुधवार को कई नामी-गिरामी पहलवान धरने पर बैठ गये। इनमें स्टार पहलवान विशेन फोगाट द्वारा लगाया गया यौन शोषण का आरोप प्रमुख है। वहीं अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने पहलवानों द्वारा लगाये गये आरोपों को निराधार बताया। उन्होंने कहा कि इसके पीछे एक बड़े उद्योगपति का हाथ है। साथ ही कहा कि अगर ये सही साबित हुए तो मैं फांसी पर लटक जाऊंगा।

कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने कहा, "क्या ऐसा कोई खिलाड़ी है जो आकर कह सकता है कि कुश्ती संघ ने उसे प्रताड़ित किया? (शेष 11 पर)

## खतियानी जोहार यात्रा में सीएम ने मोदी सरकार को घेरा

# सांस लेने पर भी टैक्स लगा सकता है केंद्र : हेमंत

- कहां गया मुफ्त सिलेंडर, केंद्र को महिलाओं के आंसू अब नहीं दिखते



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची, गिरिडीह।** खतियानी जोहार यात्रा के दूसरे चरण में बुधवार को सीएम हेमंत सोरेन ने गिरिडीह में केंद्र सरकार पर जम कर हमला बोला। उन्होंने कहा कि मुफ्त में सिलेंडर बांटनेवाली केंद्र की मोदी सरकार को अब महिलाओं के आंसू नहीं दिख रहे हैं। कहां गया मुफ्त का सिलेंडर। देश को भुखमरी की तरफ ले जाने की साजिश रची जा रही है। महंगाई इतनी बढ़ गयी है कि गरीबों को भोजन के लाले पड़ रहे हैं। वहीं केंद्र की सरकार सिर्फ टैक्स लेने पर जुटी है। हर बात पर कहती है टैक्स दो, तभी सुविधा लो। इससे तो लगता है किग आने वाले दिनों में केंद्र की सरकार सांस लेने पर भी टैक्स लगा देगी। ऐसी सरकार से बच कर रहने की जरूरत है। सीएम ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचते ही पहले दिवंगत विभूतियों की तश्वीर पर माल्यार्पण किया। उपस्थित जनसमूह को जोहार से संबोधित करते हुए सीएम ने कहा, तीन वर्ष में जितनी चुनौती इस सराकर ने देखी वैसी चुनौती किसी भी सरकार ने नहीं देखी। कोरोना, सुखाड़ जैसी विपरीत स्थिति के बावजूद सरकार व यहां के लोगों ने हिम्मत नही हारी। यहां के लोगों को सरकार ने भूखा रहने नहीं दिया। कोरोना काल में गरीब मजदूरों को हेलीकॉप्टर तक से घर वापस लाने का काम राज्य की सरकार ने किया। सीएम ने कहा कि दिल्ली, गुजरात, महाराष्ट्र चलाने वालों ने 20 साल तक झारखंड को चलाया। यहां के धन दौलत से दूसरे राज्य को समृद्ध किया गया लेकिन यहां की स्थिति जस की तस बनी हुई है। इस राज्य को सिर्फ लूटने का काम किया गया लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। राज्य को यहां का झारखंडी ही चलायेगा। हम इस राज्य को समृद्ध बनायेंगे। गैर भाजपा शासित राज्यों में लोगों को अपने विरोधियों को परेशान करने में झूठा मुकदमा करने में जुटी है।

## नया साल काम का वर्ष, कोताही करनेवाले होंगे दंडित : मुख्यमंत्री

- अधिकारियों संग समीक्षा बैठक में विकास योजनाओं पर सीएम का जोर

**रांची।** नया साल क्रियान्वयन (इम्पलीमेंटेशन) का वर्ष है। सरकार की कई योजनाएं चल रही हैं। इन योजनाओं का सही तरीके से क्रियान्वयन हो। योजनाएं धरातल पर उतरे और समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्तियों को इसका लाभ मिले, यह हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस कड़ी में हर जिले में चल रही योजनाओं की लगातार निगरानी होगी। उक्त बातें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कही। वह बुधवार को गिरिडीह जिले के नगर भवन में गिरिडीह और कोडरमा जिले में चल रहे विकास कार्यों और योजनाओं की अधिकारियों के साथ समीक्षा कर रहे थे। सीएम ने कहा, नया साल काम करने का वर्ष है। रिजल्ट चाहिए।

हर काम को ईमानदारीपूर्वक करना है। कार्य मे कोताही बरतने वाले अधिकारी अब नापेंगे और दंडित किये जायेंगे। बैठक में सीएस सुखदेव सिंह और डीजीपी नीरज सिन्हा भी मौजूद थे। बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए सीएम ने कहा कि कुछ पदाधिकारियों की निराशाजनक रिपोर्ट आयी है। (शेष 11 पर)

## सम्मेद शिखर विवाद के पीछे भाजपा : सीएम

**गिरिडीह/ रांची।** झारखंड के पारसनाथ पहाड़ पर स्थित जैन तीर्थ सम्मेद शिखर विवाद भाजपा का हिडेन एजेंडा है। वे जैन और आदिवासी समाज के लोगों को लड़ाने की साजिश रच रहे हैं। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने यह आरोप लगाया है। सोरेन ने संताली भाषा में कहा कि मरांग बुरु हमारा था हमारा है और हमारा रहेगा। आप लोग निश्चिंत रहें। झारखंड का हिमालय माने जाने वाले सम्मेद शिखर पर जैनियों का पवित्र तीर्थ शिखरजी स्थापित है। इस पुण्य क्षेत्र में जैन धर्म के 24 में से 20 तीर्थंकरों ने मोक्ष की प्राप्ति की।

## ब्रेसवेल का शतक बेकार, रोमांचक मैच में जीता भारत

- पहले वनडे में न्यूजीलैंड को 12 रन से हराया, सीरीज में 1-0 की बढ़त
- न्यूजीलैंड से 4 साल बाद जीता भारत, गिल ने ठोका दोहरा शतक

एजेंसी

**हैदराबाद।** शुभमन गिल की डबल सेंचुरी के दम पर टीम इंडिया ने 3 मैचों की वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में न्यूजीलैंड को 12 रन से हरा दिया। न्यूजीलैंड की ओर से माइकल ब्रेसवेल ने 78 गेंद पर 140 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली, लेकिन वे अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। न्यूजीलैंड की टीम 49.2 ओवर में 337 रन ही बना सकी। मेहमान टीम के मिचेल सेंटनर (57 रन) ने तीसरी फिफ्टी जमाई। इन दोनों के बीच 162 रन की साझेदारी हुई। इस जीत से टीम इंडिया सीरीज में 1-0 से आगे हो गयी है। हैदराबाद में बुधवार को भारत ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में आठ विकेट पर 349 रन बनाये। टीम इंडिया की ओर से गिल ने अपने वनडे करियर की बेस्ट पारी खेली। गिल ने अपनी पारी के दौरान 149 गेंदों का सामना करते हुए कुल 208 रन बनाये जिसमें 19 चौके और 9 छक्के शामिल थे। गिल के अलावा अन्य कोई बल्लेबाज खास प्रभाव नहीं डाल सका। रोहित ने 34 रन की सबसे बड़ी दूसरी पारी खेली। गिल ने हार्दिक पंड्या (28 रन), सूर्यकुमार यादव (31 रन) और रोहित शर्मा के साथ अर्धशतकीय साझेदारियां कीं। पंड्या के साथ 5वें विकेट के लिए 74, सूर्या के साथ चौथे विकेट के लिए 65 रन और रोहित के साथ पहले विकेट के लिए 60 रन जोड़े। एक समय न्यूजीलैंड ने 131 पर 6 विकेट गंवा दिए थे। ऐसे लग रहा था टीम इंडिया बड़े अंतर से जीतेगी, लेकिन ब्रेसवेल-सेंटनर ने 7वें विकेट के लिए शतकीय साझेदारी कर न्यूजीलैंड को मैच में ला दिया। फिर स्लग ओवर में मोहम्मद सिराज ने 46वें ओवर में 2 विकेट झटककर भारत को आगे कर दिया। रोमांच यहीं खत्म नहीं हुआ। आखिरी ओवर में कीवियों को 20 रन की जरूरत थी। जबकि भारत को एक विकेट चाहिए था। (पेज 12 भी देखे)

## इडी ने साहिबगंज डीसी को समन भेजा, 23 को पूछताछ करने बुलाया

**रांची।** साहिबगंज में 1000 करोड़ के अवैध खनन के जरिये की गयी मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की जांच की दिशा हर दिन आगे बढ़ रही है। इस मामले में अब इडी ने साहिबगंज के डीसी राम निवास यादव को समन भेजकर पूछताछ के लिए 23 जनवरी को एजेंसी के रांची दफ्तर में बुलाया है। इडी ने साहिबगंज डीसी को इस मामले में बुधवार को समन भेजा है। अवैध खनन के आरोप में जेल में बंद पंकज मिश्रा से बात करनेवाले सचिवालय व जिला स्तर के दो दर्जन से अधिक पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को चिह्नित किया है। इन अधिकारियों में साहिबगंज के डीसी रामनिवास यादव और एसपी अनुरंजन किस्पोट्टा भी शामिल हैं। इसी को लेकर ईडी ने डीसी को समन भेजा है। इसके अलावा संबंधित अधिकारियों को पूछताछ के लिए जल्द ही समन जारी करने की तैयारी है। (शेष 11 पर)

## न्यूज डायरी

### सिंडिकेट की बैठक में सात प्रस्तावों पर मुहर

**रांची।** रांची विवि में बुधवार को हुई सिंडिकेट की बैठक में सात प्रस्तावों को स्वीकृति किया गया। वहीं दो प्रस्तावों पर संपुष्ट किया गया। बैठक में नये पाठ्यक्रम को शामिल करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। बिरसा कॉलेज, खूंटी की शिक्षिका डॉ जूही रोज वंदना मिंज के त्यागपत्र को मंजूरी दी गयी। पीपीके कॉलेज बुंडू के सहायक प्राध्यापक डॉ. बरुण कुमार मंडल को एक साल के लिए झारखंड ओपन विवि के वित्त पदाधिकारी पद पर भेजने की मंजूरी दी गयी। इसके अलावा तीन शिक्षकों को उप प्राचार्य के पद पर प्रमोशन दिया गया।

### डॉ अजय कुमार पर त्रिपुरा में हमला

**रांची।** जमशेदपुर के पूर्व सांसद और त्रिपुरा कांग्रेस के प्रभारी डॉ अजय कुमार पर हमला हुआ है। यह हमला त्रिपुरा के मजलिसपुर विधानसभा क्षेत्र में हुआ है। हमले का आरोप भाजपा नेता पर लग रहा है। डॉ अजय कुमार पर यह हमला बाइक रैली के दौरान हुआ है, जिसमें उन्हें गंभीर चोट आयीं है। इलाज के लिए उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### 22 को नक्सलियों के बंद को ले पुलिस अलर्ट

**रांची।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी ने 22 जनवरी को 24 घंटे के लिए झारखंड बंद की घोषणा की है। बंद को ले कर झारखंड पुलिस पूरी तरह अलर्ट है। बंद की घोषणा 15 लाख रुपये के इनामी नक्सली कृष्णा हांसदा की गिरफ्तारी के खिलाफ लिया गया है। झारखंड रीजनल कमेटी के प्रवक्ता आजाद ने बुधवार सुबह प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि 13 जनवरी को पुलिस ने डुमरी के लुसियो गांव से कृष्णा हांसदा (सौरभ) तथा रेनुका मुर्मू को देवघर के चपरिया गांव से गिरफ्तार किया है।

### सर्द पछुआ हवाओं ने राज्य में फिर बढ़ायी ठंड

**रांची।** झारखंड में मौसम ने एक बार फिर करवट बदली है। सर्द पछुआ हवाओं ने लोगों की मुश्किलें और भी बढ़ा दी है। तापमान में गिरावट दर्ज की गयी और लोगों को ठंड का अहसास अधिक हुआ। रांची और आसपास के इलाकों में सुबह कोहरे और धुंध छाया रहा। रांची सहित कई इलाकों में धूप नहीं निकली।

**गहना आभूषण**

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 53,500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 74,000 रु./प्रति किलो |

# सम्मेद शिखरजी धार्मिक स्थल ही रहेगा

## अल्पसंख्यक आयोग ने कहा, केंद्र व झारखंड सरकार ने किया फैसला

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग (एनसीएम) के प्रमुख इकबाल सिंह लालपुरा ने बुधवार को कहा कि केंद्र और झारखंड सरकार ने तय किया है कि जैन स्थल सम्मेद शिखरजी तीर्थस्थल ही रहेगा और इसे पर्यटन केंद्र के तौर पर परिवर्तित नहीं किया जायेगा। पूरे क्षेत्र में पहले की तरह ही शराब या मांस की अनुमति नहीं होगी। श्री लालपुरा ने कहा कि आयोग ने मंगलवार को इस मामले पर सुनवाई की थी जहां झारखंड सरकार ने आश्वासन दिया कि वह जल्द ही इस बाबत आदेश जारी करेगी। झारखंड के गिरिडीह जिले के मधुबन स्थित पारसनाथ पर्वत शिखर जैन धर्म के 24 में से 20 तीर्थंकरों की तपस्थली है। जैन धर्म के लोग इसे अपना सबसे पवित्र स्थल मानते हैं। लालपुरा ने यहां प्रेस वार्ता में कहा, झारखंड समेत देश भर में में सम्मेद शिखर को लेकर जैन समुदाय के लोग प्रदर्शन कर रहे हैं। इसे लेकर तय किया गया है कि यह तीर्थस्थल ही रहेगा। उन्होंने कहा, शराब या मांस की वहां पर अनुमति नहीं होगी। हमने मामले में दखल दिया और हमारी सिफारिश पर ध्यान देने के लिए हम केंद्र और झारखंड की सरकारों का आभार जताते हैं।

हमने मंगलवार को सुनवाई की थी और फैसला किया गया कि इसे पर्यटन केंद्र में नहीं बदला जायेगा और यह धार्मिक स्थल ही रहेगा। लालपुरा ने कहा कि जैन समुदाय इस फैसले से संतुष्ट है। आयोग ने पहले कहा था कि इसे जैन तीर्थस्थल श्री सम्मेद शिखरजी को झारखंड और केंद्र सरकार द्वारा पर्यटन केंद्र के तौर पर बदलने के खिलाफ समुदाय से कई प्रतिवेदन मिले हैं। केंद्र सरकार ने पारसनाथ पर्वत पर पर्यटन से संबंधित सभी गतिविधियों पर पांच जनवरी को रोक लगा दी थी जहां सम्मेद शिखरजी स्थित है। साथ ही झारखंड सरकार को निर्देश दिया था कि वह स्थल की पवित्रता की रक्षा के लिए जरूरी कदम उठाये। इससे पहले केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने इस मुद्दे पर जैन समुदाय के विभिन्न प्रतिनिधियों से मुलाकात की थी और उन्हें आश्वस्त किया था कि सरकार सम्मेद शिखरजी पर्वत क्षेत्र' की पवित्रता को बनाये रखने को प्रतिबद्ध है।





## रांची विवि सिंडिकेट की बैठक में सात प्रस्तावों पर मुहर

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय में बुधवार को हुई सिंडिकेट की बैठक में सात प्रस्तावों को स्वीकृति किया गया। वहीं दो प्रस्तावों पर संपुष्ट किया गया। वहीं नए पाठ्यक्रम को शामिल करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। बिरसा कॉलेज, खूंटी की शिक्षिका डॉ जूही रोज वंदना मिंज के त्यागपत्र को मंजूरी दी गयी। पीपीके कॉलेज बुंडू के सहायक प्राध्यापक डॉ. बरुण कुमार मंडल को 1 साल के लिए झारखंड ओपन विश्वविद्यालय के वित्त पदाधिकारी पद पर भेजने की मंजूरी दी गयी। तीन शिक्षकों को उप प्राचार्य के पद पर प्रमोशन दिया गया। मांडर कॉलेज के प्रोफेसर के आवेदन को स्वीकृत करने के साथ 21 दिसंबर 2022 के वित्त संबंधित प्रस्ताव को स्वीकृत किया गया। इसके साथ ही जेपीएससी द्वारा 21 दिसंबर 2022 को कुडूख के 10 और खड़िया के 4 सहायक प्राध्यापकों को रांची विश्वविद्यालय के लिए की गयी अनुशंसा को मंजूरी दी गयी।

### अब 10 फरवरी तक जमा किये जायेंगे आकलन परीक्षा के लिए एप्लीकेशन

# सहायक अध्यापकों के आकलन परीक्षा के आवेदन की तिथि बढ़ी

**डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन की प्रक्रिया में अब तक 300 के करीब पारा शिक्षक फर्जी**

### राज्य में 1458 अप्रशिक्षित सहायक अध्यापक

तय नियमावली के मुताबिक मानदेय में वृद्धि हर वर्ष एक जनवरी से होगी। इसकी शुरूआत एक जनवरी 2023 से हो गयी है। साथ ही वैसे पारा शिक्षक जिनके प्रमाण पत्र का सत्यापन हो गया है। उनके संतोषप्रद सेवा की संपुष्टि प्रशासनिक सह अनुशासनिक प्राधिकार से कराया जा रहा है। राज्य में वर्तमान में 61421 पारा शिक्षक कार्यरत हैं। इनमें 12772 शिक्षक झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा में सफल हैं, जबकि 47191 शिक्षक प्रशिक्षित हैं। वहीं राज्य में 1458 अप्रशिक्षित हैं।

### दो लेवल की होगी आकलन परीक्षा

पारा शिक्षकों की आकलन परीक्षा दो लेवल की होगी। पहला लेवल क्लास एक से पांच का होगा। वहीं दूसरा लेबल कक्षा छह से आठ का होगा। पहले लेवल की परीक्षा में छह पेपर होंगे। चार पेपर कंपलसरी होंगे, जबकि पेपर पांच और छह भाषा का होगा। यह वैकल्पिक पेपर होगा। परीक्षा कुल 200 अंक की होगी। वहीं दूसरे लेवल की परीक्षा में पांच पेपर होंगे। इसमें पेपर एक से चार कंपलसरी पेपर होगा। वहीं 5वां पेपर ऑप्शनल होगा। परीक्षा 250 अंक की होगी।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पारा शिक्षकों यानि सहायक अध्यापकों के लिए आकलन परीक्षा के आवेदन की तारीख बढ़ाई गयी है। अब 10 फरवरी तक आकलन परीक्षा के लिए एप्लीकेशन जमा किए जाएंगे। अप्रैल में परीक्षा आयोजित कराने की योजना है। इस आकलन परीक्षा में राज्य के 60 हजार से अधिक पारा शिक्षकों को शामिल होना होगा। झारखंड एकेडमिक काउंसिल इसके लिए तैयारी कर रहा है। 15 जनवरी तक डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन की प्रक्रिया पूरी करने के बाद आकलन परीक्षा के आवेदन के लिए एप्लीकेशन डालने की तिथि 10 फरवरी तय की गयी है।

बताते चलें कि पारा शिक्षक या सहायक शिक्षक के वेतन में इस साल चार फीसदी की बढ़ोत्तरी की गयी है।

मालूम हो कि अप्रैल महीने से चल रही डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन की प्रक्रिया में अब तक 300 के करीब पारा शिक्षक फर्जी पाए गए हैं। कई तो एफआइआर होने के डर से प्रक्रिया में शामिल नहीं हुए हैं। शिक्षा विभाग के सूत्रों के अनुसार सही सर्टिफिकेट नहीं होने की वजह से शिक्षकों ने नौकरी छोड़ दी है, तो वहीं 13 पारा शिक्षकों पर क्रिमिनल केस दर्ज हैं।

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
एक मिनीरत्न कम्पनी
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी)
G20
सूचना
सामग्री, कार्यों एवं सेवाओ के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियो द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in / संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in) सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।

## इडी ने पंकज मिश्रा के खिलाफ एक और प्राथमिकी दर्ज की

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** संताल में 1000 करोड़ के अवैध खनन मामले में मनी लांड्रिंग की जांच कर रही ईडी ने पंकज मिश्रा के विरुद्ध एक नया केस दर्ज किया है। यह केस साहिबगंज के जिरवाबाड़ी ओपी में पिछले साल 26 जुलाई को दर्ज प्राथमिकी के आधार पर दर्ज की गई है। इस मामले में पंकज मिश्रा के अलावा उनके सहयोगी पवीतर यादव और विष्णु यादव भी आरोपी बनाए गए हैं। अब ईडी इस मामले में मनी लांड्रिंग के तहत जांच करेगी। पंकज मिश्रा फिलहाल न्यायिक हिरासत में रिम्स में अपना इलाज करा रहे हैं। पंकज मिश्रा को ईडी ने पिछले साल 19 जुलाई को अवैध खनन के मामले में गिरफ्तार किया था।

ईडी ने पिछले साल 25 जुलाई को साहिबगंज में अवैध खनन के मामले में छापेमारी की थी। उस वक्त ईडी ने विष्णु यादव और पवीतर यादव के माध्यम से संचालित मां अंबे स्टोन वर्क्स के माध्यम से संचालित दो अवैध क्रशर को ध्वस्त किया था। छापेमारी में क्रम में ही ईडी ने जिरवाबाड़ी ओपी क्षेत्र में ही तीन हाइवा ट्रकों को पकड़ा था, जो बिना खनन चालान के ही अवैध तरीके से स्टोन चिप्स लेकर जा रहे थे। ट्रक के चालकों ने विष्णु यादव और पवीतर यादव का नाम लिया था। इसके बाद ईडी की अनुशंसा पर साहिबगंज के जिला खनन पदाधिकारी विभूति कुमार ने जिरवाबाड़ी ओपी में 26 जुलाई को विष्णु यादव और पवीतर यादव के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जहां साहिबगंज पुलिस पूरे मामले की जांच कर ही रही थी कि इधर ईडी ने भी मनी लांड्रिंग के तहत जांच में पाया कि इन सबके पीछे पंकज मिश्रा की भी संलिप्तता है।

## साहिबंगज में खनन माफियाओं ने पत्थर तस्करी का निकाला नया तरीका : बाबूलाल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि साहिबगंज में खनन माफियाओं ने चोरी के पत्थरों को गंगा पार कराने का धंधा फिर से शुरू कर दिया है। इस बार माफियाओं ने यह धंधा नये तरीके से शुरू किया है। ट्विट कर बाबूलाल ने कहा कि एक दिन के चालान पर उसी गाड़ी से तीन खेप पत्थर गंगा में पार कराये जा रहे हैं। पहली खेप तय सरकारी भाड़ा से भेजा जाता है, जबकि दूसरे और तीसरे खेप में चोरी के पत्थर ट्रकों में लादकर मालवाहक जहाज से भेजे जाते हैं। इसके लिए रेट भी फिक्स है। दस चक्का ट्रक के लिए 5 हजार, 12 चक्का ट्रक के लिए 6 हजार और 14 चक्का ट्रक के लिए 7 हजार अवैध रकम निर्धारित है।

### अधिकारियों की टीम भेज जांच कराएं सीएम



बाबूलाल ने कहा कि साहिबगंज खनन घोटाले में ईडी की गिरफ्त में आये माफियाओं के केस-मुकदमों में खर्च का पैसा जुटाने के लिए यह गोरखधंधा किया जा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि एक और घोटाला एजेंसियों की पकड़ में आये, उससे पहले रांची से सचिव स्तर के अधिकारी की टीम भेजकर मामले की जांच करायें अन्यथा पत्थर माफिया मुख्यमंत्री को एक नये झमेले में फंसा देंगे।

**वसूली का पैसा बीच रास्ते से ही नाव से हटा दिया जाता है :** बाबूलाल मरांडी ने कहा कि अवैध पत्थरों को दूसरी और तीसरी खेप में गंगा पार कराने के लिए वसूले गये अतिरिक्त पैसों को गंगा के बीच में ही दूसरे नाव से हटा दिया जाता है, ताकि गंगा किनारे कोई एजेंसी चेकिंग के दौरान अवैध वसूली वाले रकम को पकड़ न सके।

### मानव शृंखला बनाकर एकजुटता का परिचय देंगे कंट्रैक्ट चिकित्सा कर्मी

**रांची।** अपनी मांगों के समर्थन में एनआरएचएम एएनएम/जीएनएम एवं झारखंड अनुबंधित पारा चिकित्सा कर्मी संघ के आहवान पर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। हड़ताल के दूसरे दिन बुधवार को भी अस्पतालों में मरीज परेशान रहे। संघ की वीणा सिंह ने बताया कि अभी तक सरकार के किसी भी उच्च अधिकारी की ओर से उनके मामले में कोई भी सकारात्मक पहल नहीं की गई है। यह स्वास्थ्य कर्मियों के प्रति सरकार की उदासीनता को दशार्ता है। उन्होंने बताया कि गुरुवार की सुबह 11 बजे मानव शृंखला बनाकर स्थायीकरण के लिए एकजुटता का परिचय दिया जाएगा। मांगें नहीं माने जाने पर आंदोलन जारी रहेगा।

## झारखंड राज्य समन्वय समिति के सदस्यों को वेतन और भत्ता मिलेगा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झामुमो सुप्रीमो और दिशोम गुरु सह राज्यसभा सदस्य शिबू सोरेन की अध्यक्षता में गठित राज्य समन्वय समिति (स्टेट को-ऑर्डिनेशन कमेटी) के सदस्यों-सह दर्जा प्राप्त मंत्रियों के के वेतन-भत्ता एवं अन्य सुविधा मिलने का रास्ता साफ हो गया है। इस समिति में राजेश ठाकुर, फागु बेसरा, बिनोद पांडेय और योगेन्द्र प्रसाद शामिल है। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग ने इनके वेतन-भत्ता आदि के व्यय के लिए स्थापना व्यय से बजट शीर्ष तय कर दिया है। इन्हें अब मुख्याशीर्ष-2013, मंत्रिपरिषद लघुशीर्ष 101, मंत्रियों और उपमंत्रियों के वेतन-शीर्ष 01 से भुगतान किया जायेगा। इसके साथ कैबिनेट ने सदस्य योगेंद्र महतो के अनुरोध पर उनके नाम में बदलाव कर योगेंद्र प्रसाद कर दिया है। इस संबंध में स्वयं योगेंद्र प्रसाद ने राज्य सरकार से अनुरोध किया था।

मालूम हो कि राज्य समन्वय समिति के गठन बाद से उनके वेतन-भत्ता आदि का भुगतान किस हेड हो यह तय नहीं हो पाया था। ऐसे में वेतन निकासी कर भुगतान में कठिनाई हो रही थी, इसके बाद बजट शीर्ष तय किया गया है।

### टाटा मल्टीकैप फंड लॉन्च, एनएफओ 30 जनवरी तक

**रांची।** टाटा एसेट मैनेजमेंट ने एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम टाटा मल्टीकैप फंड लॉन्च किया है। नया फंड निवेश के लिए 16 जनवरी को खुल गया है। यह 30 जनवरी को बंद होगा। आवंटन के बाद स्कीम निरंतर बिक्री तथा पुनः खरीद के लिए फिर से खुलेगी। इस संबंध में टाटा एसेट मैनेजमेंट के सीआइओ (इक्विटीज) राहुल सिंह ने कहा कि टाटा मल्टी कैप फंड का उद्देश्य सम्पूर्ण पोर्टफोलियो की जोखिम समायोजित आमदनी को सुधारना तथा निवेशक को सुखद अनुभव प्रदान करना है। अगले 3 से 5 वर्षों के लिए आर्थिक विकास के नजरिए को देखते हुए टाटा मल्टीकैप फंड एक बढ़िया क्षमता वाला फंड साबित हो सकता है। फंड का पोर्टफोलियो ऐसी कंपनियों के सिक्योरिटीज से निर्मित होगा, जो कि आमदनी के चक्र की विभिन्न अवस्थाओं में हों, ताकि स्थिरता और अवसरों के बीच सही संतुलन प्रदान कर सके। इसे निफ्टी 500 मल्टीकैप 50:25:25 टोटल रिटर्न्स इंडेक्स पर बेंचमार्क किया गया है।

## राशन कार्डधारियों को ससमय खाद्यान्न उपलब्ध होगा : डीसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** रांची जिला में जन वितरण प्रणाली के तहत लाभुकों को ससमय खाद्यान्न एवं अन्य सामग्रियों की उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने को लेकर चावल दिवस का आयोजन किया जाएगा। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा इस संबंध में जिला के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी, विपणन पदाधिकारी अनुभाजन क्षेत्र, रांची और सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को इस संबंध में पत्र जारी कर निर्देश दिया गया है।

**महीने की 15, 16, 25 और 26 तारीख को चावल दिवस :** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा प्रत्येक महीने की 15, 16, 25 और 26 तारीख को चावल दिवस का आयोजन करने का निर्देश दिया गया है। उपायुक्त द्वारा लक्षित जन वितरण प्रणाली के तहत लाभुकों को खाद्यान्न एवं अन्य सामग्री का वितरण स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं सतर्कता समिति के सदस्यों की उपस्थिति में सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

### व्यापक प्रचार-प्रसार का दिया निर्देश

जागरूकता के अभाव में कई ऐसे लाभुक हैं जो कि समय बीत जाने के बाद खाद्यान्न एवं अन्य सामग्री जन वितरण प्रणाली दुकान से प्राप्त नहीं कर पाते हैं, ऐसे लाभुकों को जन वितरण प्रणाली दुकानों से ससमय खाद्यान्न प्राप्त हो इसे लेकर उपायुक्त की ओर से संबंधित पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र के लाभुकों को चावल दिवस के संबंध में जानकारी देने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करने का भी निर्देश दिया गया है।

## सरकारी स्कूलों में अर्द्धवार्षिक परीक्षा शुरू

**उर्दू स्कूलों में 20 को होने वाली परीक्षा अब 22 को होगी**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के सरकारी स्कूलों में पहली से सातवीं कक्षा के लिए अर्द्धवार्षिक परीक्षा बुधवार से शुरू हो गई। परीक्षा 20 जनवरी तक चलेगी। वहीं दूसरी ओर स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने राज्य के अधिसूचित उर्दू प्राथमिक और मध्य विद्यालयों में 20 को होने वाली परीक्षा की तिथि को आगे बढ़ा दिया है। राज्य के अधिसूचित उर्दू स्कूलों में अब 20 को होने वाली परीक्षा 22 जनवरी यानी रविवार को होगी।

इधर बुधवार को आयोजित परीक्षा में राज्य के विभिन्न प्राथमिक और मध्य विद्यालयों में 95 फीसदी बच्चे शामिल हुए। दूसरे दिन की परीक्षा गुरुवार को होगी। बुधवार को तिलता मध्य विद्यालय में परीक्षार्थियों ने शांतिपूर्वक परीक्षा लिखी।

### नल-जल योजना का जायजा लेने आज आयेगी केंद्रीय टीम

**रांची।** केंद्रीय ग्रामीण जलापूर्ति हर-घर, नल-जल योजना का जायजा लेने वाली केंद्रीय टीम अब 19 जनवरी को रांची आयेगी। पहले टीम को 18 जनवरी को आना था। रांची पहुंचने वाली टीम में केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय के सचिव विनी महाजन भी शामिल रहेंगी। बताते चलें कि 19 जनवरी को टीम फर्स्ट हॉफ में फील्ड विजिट करेगी। दूसरे हॉफ में केंद्रीय सचिव मुख्यमंत्री के साथ बैठक करेंगी। इसमें विभागीय मंत्री मिथिलेश ठाकुर मौजूद रहेंगे।

## हर हाल में मार्च तक 1 लाख स्मार्ट मीटर लगायें : जीएम

**रांची में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर को लेकर एजेंसी और इंजीनियरों के साथ की बैठक**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी में बिजली उपभोक्ताओं के घरों में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर को लेकर बुधवार को जेबीवीएनएल के रांची जीएम पीके श्रीवास्तव ने इंजीनियरों एवं एजेंसी जीनस के साथ बैठक की। जीएम को बताया गया कि रांची में कुल 145 टीम स्मार्ट मीटर लगाने का काम कर रही है। प्रतिदिन 730 मीटर लगाए जा रहे हैं। अब तक 14,235 मीटर लगाए जा चुके हैं। जीएम ने इससे असंतुष्टि जाहिर करते हुए एजेंसी को मार्च तक 1 लाख मीटर लगाने का निर्देश दिया। कहा कि तीन से चार दिनों के अंदर मैन पावर में बढ़ोतरी करते हुए इसकी संख्या 175 तक किया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि प्राथमिकता पर खराब मीटर और नए कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं के मीटर को स्मार्ट मीटर में बदला जाए।

**जीएम की आम उपभोक्ताओं से अपील :** जीएम ने उपभोक्ताओं से कहा कि स्मार्ट मीटर पूरी तरह से निःशुल्क लगाया जा रहा है, किसी प्रकार का शुल्क उपभोक्ता न दें। यह मीटर मेन गेट के पास ही लगाया जाएगा, इसके लिए घर जाने वाले कर्मी से किसी प्रकार की बहस न करें। पोल और स्मार्ट मीटर के बीच का तार कटा हुआ अथवा जुड़ा हुआ नहीं होना चाहिए। स्मार्ट मीटर लगाने के बाद अगर कोई भी व्यक्ति अवैध राशि की मांग करता है, लाइन जोड़ने में विलंब करता है, तो इसकी सूचना वाट्सप नंबर - 94311-35682 पर दें, दो घंटे के अंदर समस्या का समाधान होगा।

## रामगढ़ उपचुनाव को कांग्रेस उम्मीदवार की घोषणा जल्द

**प्रदेश मुख्यालय में बनेगा कंट्रोल रूम, पंचायत को सेक्टर में बांटकर नेताओं को सौंपी जायेगी जिम्मेवारी**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रामगढ़ उपचुनाव की तिथि की घोषणा के बाद अब प्रदेश कांग्रेस ने भी कमर कस ली है। बुधवार को जैसे ही केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने तिथि की घोषणा की, वैसे ही प्रदेश मुख्यालय में चुनाव की तैयारी को लेकर प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर की अध्यक्षता में बैठक की हुई। इस दौरान निर्णय लिया गया कि उपचुनाव को पूरी तैयारी एवं मजबूती के साथ लड़ा जाएगा। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय हुआ कि रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर कंट्रोल रूम की स्थापना, पंचायत के कलस्टर को सेक्टर में बांटकर कर प्रत्येक क्षेत्र में नेताओं को जिम्मेवारी दी जाएगी।

बताते चलें कि कांग्रेस पार्टी द्वारा पहले से ही संगठन सशक्तिकरण अभियान के तहत प्रखंड, मंडल एवं बूथ स्तर की कमिटियों का गठन की जा चुकी है। उपचुनाव अभियान की देखरेख को लेकर प्रदेश से लेकर जिला पदाधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी।

प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि ममता देवी जन आंदोलन के केस में जेल में हैं। भाजपा सरकार के कार्यकाल में इन्होंने जनहित में आंदोलन किया, लेकिन आज साजिश के तहत उन्हें फंसाकर सजा दी गयी। रामगढ़ की जनता इस सच्चाई से पूरी तरह अवगत है। जनता ने विगत विधानसभा चुनाव में ममता देवी के इसी जुझारू छवि एवं जनमुद्दों को लेकर सदैव सजग रहने के कारण अपना प्रतिनिधि चुनने का काम किया था। आज संकट की इस घडी में पूरी पार्टी ममता देवी के साथ खडी है। राजेश ठाकुर ने कहा, शीर्ष नेतृत्व के साथ चर्चा कर पार्टी जल्द ही अपना उम्मीदवार घोषित करेगी। माना जा रहा है कि उपचुनाव में ममता देवी के पति बजरंग महतो को पार्टी उम्मीदवार बना सकती है।

### एक्सआईएसएस में ब्रांड रिपोजिशनिंग प्रतियोगिता एलेगरी 2.0 आयोजित

# एक्सआईएसएस की ब्रेनी बडीज बनी विजेता तो आईआईएम रांची की टीम 'एक्सप्लोरर्स' ने उप-विजेता का खिताब जीता

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल सर्विस (एक्सआईएसएस) के एम्बार्क-द मैनेजमेंट क्लब के तत्वावधान में एलेगरी 2.0-द ब्रांड रिपोजिशनिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में आईआईएम रांची, बीआईटी मेसरा, सेंट जेवियर्स कॉलेज और एक्सआईएसएस सहित विभिन्न कॉलेजों की 8 टीमों ने हिस्सा लिया। एक्सआईएसएस के डायरेक्टर डॉ जोसफ मारियानुस कुजूर एसजे ने प्रतिभागियों और दर्शकों को 'प्रतिभागियों द्वारा जो कल्पना की गई है उसे वितरित करने के महत्व के विचार से अवगत कराया। इस प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ. तपोश घोषाल, पूर्व-प्रोफेसर आईआईएम कलकत्ता ने मार्केटिंग और ब्रांडिंग रणनीतियों की बुनियादी बातें विस्तार से रखीं। वहीं डॉ राणा एस चक्रवर्ती, पूर्व निदेशक (विपणन और उत्पादन), एचईसी ने उद्यमिता के समग्र विकास के लिए इस तरह के आयोजनों की अनिवार्यता पर चर्चा की।

प्रतियोगिता में कुल 8 टीमों ने भाग लिया। जिसमें प्रतिभागियों को एक उत्पाद के साथ उसके विपरीत का एक स्थापित ब्रांड दिया गया था। इस प्रतियोगिता में कुल 2 राउंड शामिल थे जिसमें टीमों को एक ऐसे उत्पाद के लिए रणनीति और मार्केटिंग योजना विकसित करनी थी जो एक प्रसिद्ध ब्रांड के विपरीत हो। पहले दौर में, प्रतिभागियों को ब्रांड और उत्पाद सौंपे गए और प्रतिभागियों को अपनी प्रस्तुति तैयार करने के लिए एक घंटे का समय दिया गया। संस्थान के फैकल्टी, डॉ अराना कौसर और श्री प्रशांत कुमार झा द्वारा प्रथम राउंड का निर्णय किया गया था।

भाग लेने वाली टीम और जजों के बीच एक विचारिक सत्र चला। जिसके बाद प्रेजेंटेशन देने के उपरांत सवाल-जवाब सत्र संपन्न हुआ। जहां जजों ने मूल्यांकन किया और व्यवसाय योजना के उन व्यावहारिक पहलू और परिवर्तनों पर सुझाव दिया जिन्हें बाजार हेतु तैयार करने के लिए शामिल किया जाना चाहिए।

प्रतियोगिता के अंत में, निर्णायकों द्वारा परिणामों की घोषणा की गई। जिसमें टीम-एक्सआईएसएस की ब्रेनी बडीज को विजेता के रूप में चुना गया। आईआईएम रांची की टीम 'एक्सप्लोरर्स' ने उप-विजेता का स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के अंत में विजेता टीम को 7,000 रुपये और उप-विजेता टीम को 5,000 रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। साथ ही सभी प्रतिभागियों के बीच सर्टिफिकेट्स वितरित किए गए।

## भारत बिल-पे के माध्यम से भी बिजली उपभोक्ता बिल का कर सकेंगे भुगतान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड बिजली वितरण निगम इन दिनों बिलिंग व्यवस्था में बदलाव करने में लगा है। निगम की ओर से इसकी तैयारी की जा रही है। पहले निगम की ओर से ईजी बिजली एप और ईजी बिल एप के जरिए बिल पेमेंट लिया जाता था। वहीं, अब निगम की ओर से भारत बिल भुगतान प्रणाली के जरिए बिल पेमेंट लिया जा रहा है। हालांकि भारत एप के साथ ही ईजी बिजली और ईजी बिल एप भी सक्रिय है। लेकिन जल्द ही निगम इन एप्स को रिप्लेस करने में लगा है। भारत बिल पे एप एक ऐसा एप है, जिसके जरिए राज्यवासी बिजली, पानी, डिश टीवी, गैस सिलेंडर समेत अन्य सुविधाओं के लिये ऑनलाइन पेमेंट कर सकते है। हालांकि निगम की ओर से अभी भारत एप पर काम किया जा रहा है। इसमें नये फीचर्स जोड़ने के साथ ही इसे यूजर फ्रेंडली बनाने पर जोर दिया जा रहा है।

**ईजी बिजली एप के एक लाख यूर्जस :** इसके पहले तक निगम ईजी बिजली एप और ईजी बिल एप के जरिए बिल भुगतान ले रहा था। ईजी बिजली एप की बात करें एप के अभी एक लाख यूर्जस हैं। इस एप के जरिए निगम बिजली कनेक्शन, बिजली मरम्मत, बिजली कनेक्शन में परेशानी, लोड परिवर्तन, नाम परिवर्तन समेत अन्य जानकारी दे सकते हैं। हालांकि इस एप को निगम ने कोविड महामारी के दौरान बनाया था, ताकि बिलिंग में आ रही कमी को घटाया जा सके। निगम की मानें तो व्यवस्था में बदलाव से एक ही एप के जरिए उपभोक्ता सभी बिल पेमेंट कर सकते है।

भारत बिल पे का इस्तेमाल उपभोक्ता निगम के आधिकारिक वेबसाइट से कर सकते है। वहीं, गूगल पे से भी एप इंस्टॉल कर सकते है। एप ओपन करते झारखंड बिजली वितरण निगम के उपभोक्ताओं की जानकारी मांगी जाती है। इसमें कस्टमर नंबर, सबडिवीजन, नाम, मोबाइल नंबर, ईमेल, पता आदि मांगा जाता है। इसके बाद उपभोक्ता बिल भुगतान कर सकते हैं।

### जल संयोजन के पेपर्स नहीं दिखाने पर छह घरों में पानी का लाइन कटा

**तीन दिनों के अंदर 10,000 दंड शुल्क जमा करने की का नोटिस निर्गत**

**रांची।** रांची नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नं. 18 गोपालगंज चडरी में बुधवार को अवैध जल संयोजन की जांच हेतु गठित धावा दल के द्वारा अभियान चलाया गया। उसके आलोक में दिनांक 21.12. 22 को कुल -13 , आवास/व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को जांच के क्रम में जल संयोजन का कागज दिखलाने हेतु नोटिस दिया गया था। जिसमें कुल 07 घर अपार्टमेंट/ व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के द्वारा जल संयोजन वैद्य होने के कागजात दिखाए गए थे। शेष के द्वारा कागजात नहीं दिखाया गया। जिसके बाद छह घरों का लाइन विच्छेदन करने का कार्य किया गया और तीन दिनके अन्दर 10,000 दंड शुल्क की राशि जमा करने से संबंधित नोटिस भी निर्गत किया गया। मौके पर जलापूर्ति शाखा के पाइप लाईन निरीक्षक, कनीय अभियंता इन्फोर्समेंट टीम एवं अन्य कर्मी मौजूद थे।

# झारखंड में कक्षा 1 से 8 तक के 45.3 प्रतिशत बच्चे लेते हैं प्राइवेट ट्यूशन

## हाल ग्रामीण क्षेत्र का, असर-2022 रिपोर्ट में राज्य के स्कूलों का सच

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के ग्रामीण क्षेत्र में प्राइवेट और सरकारी स्कूलों में कक्षा 1 से 8 तक पढ़ रहे करीब 45.3 प्रतिशत बच्चे प्राइवेट ट्यूशन लेते हैं। इसके लिए बच्चे फीस चुकाते हैं। कोरोना महामारी या उसके बाद बच्चों के ट्यूशन लेने के आंकड़ों में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है। वर्ष 2018 में जहां कक्षा 1 से 8 तक के 36.9 प्रतिशत बच्चे प्राइवेट ट्यूशन लेते थे, वहीं वर्ष 2022 में यह आंकड़ा 45.3 प्रतिशत हो गया है। यह बताता है कि प्राइवेट ट्यूशन लेने वाले बच्चों में 8 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी हुई है। यह बात एनजीओ प्रथम के द्वारा बुधवार को जारी शिक्षा की वार्षिक स्थिति असर-2022 रिपोर्ट में हुई है।

रिपोर्ट वर्ष 2018 से 2022 के बीच राष्ट्रीय स्तर के साथ झारखंड के 24 जिलों में 720 गांवों के 14,335 घरों में रहने वाले 3 से 16 आयु वर्ग के बच्चों के सर्वेक्षण पर आधारित है।



रिपोर्ट में राज्य के ग्रामीण स्तर की शिक्षा की स्थिति पर आकलन किया गया है। इसमें बच्चों में पढ़ने और गणित व अंग्रेजी को समझने की क्षमता, सरकारी विद्यालयों में नामांकन की स्थिति, विद्यालयों में सुविधाओं की स्थिति का सर्वेक्षण किया गया है। बताया गया कि नामांकन और उपस्थिति में 6 से 14 वर्ष उम्र के बच्चों के लिए कुल नामांकन में बढ़ोतरी हुई है। वर्ष 2018 में यह 97.4 प्रतिशत था, जो वर्ष 2022 में बढ़कर 98.3 प्रतिशत हो गया। राष्ट्रीय स्तर पर यह आंकड़ा 98.4 प्रतिशत है।

### प्ले स्कूलों में नामांकन

**वर्ष** 2022 में 3 साल आयु वर्ग के कुल 77 प्रतिशत बच्चे प्ले स्कूलों यानी किसी न किसी संस्था में नामांकन लिये हुए हैं, जो वर्ष 2018 की तुलना में 10.1 प्रतिशत ज्यादा है। वहीं, वर्ष 2018 में 3-5 आयु वर्ग के कुल 72 प्रतिशत बच्चे नामांकित थे, जबकि वर्ष 2022 में 68.2 प्रतिशत बच्चे नामांकित हैं।

### सरकारी विद्यालयों में नामांकन

**झारखंड** में सरकारी विद्यालयों में नामांकन वर्ष 2018 में 78 प्रतिशत था, जो वर्ष 2022 में 83.3 प्रतिशत हो गया। राष्ट्रीय स्तर पर यह आंकड़ा 72.9 प्रतिशत है।

### अनामांकित लड़कियों का अनुपात

**राज्य** में वर्ष 2008 में 11-14 आयु वर्ग की 3.4 प्रतिशत लड़कियां अनामांकित थी, जो वर्ष 2022 में घटकर केवल 1.2 प्रतिशत रह गया है। राष्ट्रीय स्तर पर यह आंकड़ा 2 प्रतिशत है। वहीं, 15-16 आयु वर्ग की लड़कियों का आंकड़ा वर्ष 2018 में 11.2 प्रतिशत और वर्ष 2022 में 5.2 प्रतिशत था।

## एमटीआइ सेल ने किया आइआइटी मद्रास के साथ समझौते पर हस्ताक्षर

**रांची।** त्वरित डिजिटल परिवर्तन के लिए अपनी खोज में आगे बढ़ते हुए, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान (एमटीआइ), रांची ने विस्तारित वास्तविकता (एक्सआर) प्रायोगिक लैब की स्थापना के लिए आइआइटी मद्रास के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये हैं। इस वित्तीय वर्ष के अंत तक लैब के चालू होने की उम्मीद है और यह हितधारकों को आभासी वास्तविकता (वीआर), संवर्धित वास्तविकता (एआर) और मिश्रित वास्तविकता (एमआर) का एक व्यापक अनुभव प्रदान करेगा। सबसे शक्तिशाली उद्योग 4.0 उपकरणों में से एक माना जाता है, यह अपनी तरह का एक एक्सआर लैब सेल के सीखने और विकास के क्षेत्र में नये विस्तार का द्वार खोलेगा। समझौता ज्ञापन पर 17 जनवरी, 2023 को संजीव कुमार, कार्यपालक निदेशक (एचआरडी), सेल और प्रोफेसर मनु संतनम, डीन (आइसी एंड एसआर), सेंटर फॉर इंडस्ट्रीयल कंसल्टेंसी एंड स्पांसर्ड रिसर्च (आइसी एंड एसआर), आइआइटी मद्रास द्वारा हस्ताक्षर किये गये थे। मौके पर संजीव कुमार ने कहा कि ऐसी पहल एक निश्चित बदलाव का मार्ग प्रशस्त करेगी।

## रातू के तिगरा नया टोली में प्राकृतिक खेती पर किसान मेले का आयोजन




खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** दिव्यायन कृषि विज्ञान केंद्र, रांची रामकृष्ण मिशन आश्रम द्वारा बुधवार को रातू प्रखंड के तिगरा नया टोली गांव में किसान मेले का आयोजन किया गया। इस वर्ष का किसान मेला प्राकृतिक खेती विषय पर आधारित है।

किसान मेला में लगभग 2000 किसानों ने भाग लिया। इसमें कृषि वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को प्राकृतिक खेती के साथ-साथ विभिन्न आधुनिक कृषि तकनीकों के बारे में जागरूक करने के लिए स्टॉल भी लगाया गया था। विभिन्न प्राइवेट कंपनियों, इफको, झारखंड, फल उद्योग नर्सरी, रांची आदि ने भी स्टॉल लगाकर किसानों को अपने उत्पादों के बारे में जानकारी प्रदान की। किसान मेला में फसल एवं पशु पक्षी प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया था, जहां पर किसान अपने द्वारा उगाये गये फसलों एवं अपने पशु पक्षियों की प्रदर्शनी लगायी गयी। उनमें से कुल 75 किसानों को उनके अच्छे उत्पादों के लिए सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में निदेशक, मत्स्य पालन, झारखंड, जिला कृषि पदाधिकारी, रांची, जिला मत्स्य पालन पदाधिकारी, रांची एवं राज्य विपणन प्रबंधक, इफको, झारखंड अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामकृष्ण मिशन आश्रम रांची के सचिव स्वामी भवेशानंद जी ने की।

## शारदा ग्लोबल स्कूल के 23 बच्चों को जीके ओलंपियाड में स्वर्ण पदक



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के बुकरू स्थित शारदा ग्लोबल स्कूल में वर्ष 2022-23 के अंतर्गत सामान्य ज्ञान ओलंपियाड में 23 बच्चों ने स्वर्ण पदक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया है। आठवीं कक्षा के लक्ष्य सक्सेना ने जोनल टॉप कर स्वर्ण पदक प्राप्त किया, वहीं तीसरी कक्षा के आयुष्मान तथा कवीश कुमार ने डिस्टिंक्शन के लिए स्वर्ण पदक प्राप्त किया। विद्यालय की डायरेक्टर एकेडमिक डॉ रंजना स्वरूप ने बच्चों की सफलता के लिए उन्हें बहुत-बहुत बधाई दी है। साथ ही, प्राचार्य जसमीत कौर ने बच्चों की सफलता का श्रेय उनके लगन तथा मेहनत को देते हुए विद्यालय के अन्य बच्चों को भी प्रोत्साहित किया।

## इक्फाई विश्वविद्यालय का प्लेसमेंट ब्रोशर-2023 जारी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** इक्फाई विश्वविद्यालय झारखंड में आयोजित एक समारोह के दौरान बुधवार को 2023 में स्नातक करने वाले छात्रों के लिए प्लेसमेंट ब्रोशर जारी किया गया। यूएसओएम आईटी सॉल्यूशंस के सीईओ विवेक आनंद और निशिकांत इंफो प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक शशिकांत सरिया और एफवाई ब्रोस लिमिटेड समारोह में सम्मानित अतिथि थे।

मौके पर इक्फाई विश्वविद्यालय झारखंड के कुलपति प्रो ओआरएस राव ने कहा कि हमारे छात्रों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, क्लाउड कंप्यूटिंग जैसे नवीनतम क्षेत्रों में ज्ञान और व्यावहारिक कौशल प्रदान करके सक्षम पेशेवरों में तैयार किया जाता है। एसीसी, एशियन पेंट्स, बायजूज, आईटीसी, मैरिको आदि जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों में कैंपस प्लेसमेंट में चयनित होने के अलावा, छात्र कैप जेमिनी, कॉगजिनेंट टेक्नोलॉजीज, टीसीएस, विप्रो, कोल इंडिया, एनटीपीसी आदि जैसी कंपनियों में खुली प्रतिस्पर्धा में सफलतापूर्वक प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं।

छात्रों को संबोधित करते हुए विवेक आनंद ने बताया कि कैसे डिजिटल मार्केटिंग, बिजनेस एनालिटिक्स, साइबर सुरक्षा आदि जैसे समकालीन क्षेत्रों में छात्रों के लिए करियर के उत्कृष्ट अवसर पैदा कर रहे हैं। उन्होंने छात्रों को उद्योग के लिए तैयार करने के लिए इक्फाई विश्वविद्यालय की सराहना भी की और कहा कि कंपनी द्वारा इक्फाई विश्वविद्यालय से चुने गए छात्रों ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। श्री शशिकांत सरिया ने कौशल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी कारोबारी माहौल में कंपनियां अच्छे कौशल वाले छात्रों की तलाश कर रही हैं ताकि कंपनी प्रदर्शन और विकास कर सके। हमने देखा है कि इक्फाई यूनिवर्सिटी की समर इंटर्नशिप कठोर होती है और छात्रों को अच्छे व्यावहारिक कौशल प्रदान करती है। प्लेसमेंट के प्रभारी प्रोफेसर सुमित सिन्हा ने स्नातक छात्रों को अपनी कंपनियों में प्लेसमेंट का अवसर देने के लिए कंपनियों के प्रति आभार व्यक्त किया। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार प्रोफेसर अरविंद कुमार ने धन्यवाद प्रस्ताव देते हुए कंपनियों को आश्वासन दिया कि विश्वविद्यालय यह सुनिश्‍ित करने के लिए कड़ी मेहनत करता रहेगा कि विश्वविद्यालय के हर छात्र पेशेवर रूप से सक्षम हैं और अच्छे कार्य नैतिकता का पालन करते हैं। छात्रों, संकाय सदस्यों और विश्वविद्यालय के कर्मचारियों के अलावा, भर्ती करने वाली कंपनियों के कई मानव संसाधन प्रबंधकों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

## खबर एक नजर में

### त्रिशक्ति वंदना महोत्सव 1 फरवरी को



**रांची।** म्हारा श्याम धणी दातार के तत्वावधान में 1 फरवरी को मारवाड़ी भवन में एक दिवसीय त्रिशक्ति वंदना महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इसके सफल आयोजन को लेकर आयोजन समिति के द्वारा बुधवार को महोत्सव के संबंध में विस्तृत जानकारी व पुनीत आयोजन हेतु रंगीला पोस्टर का विमोचन मारवाड़ी भवन में किया गया। समिति के सेवक मनोज बजाज ने रंगीला पोस्टर का अनावरण कर महोत्सव की जानकारी दी। कहा कि 01 फरवरी को खाटूधाम के पूज्य महंत श्री मोहनदास महाराज, भजन जादूगर श्रद्धेय नंदुजी शर्मा (अहमदाबाद), भजन सम्राट रवि बेरीवाल(कोलकत्ता), सुमधुर गायक जिम्मी शर्मा(कोलकत्ता), मयूर रस्तोगी(दिल्ली) त्रिशक्ति वंदना महोत्सव में अपनी कोकिला कंठ, मधुरवाणी व त्रिवेणी संगम में भजनों की अमृतवर्षा करेंगे।

### आचार्य राजन महाराज का किया गया अभिनंदन



**रांची।** संत शिरोमणी स्वामी सदानंद महाराज के आशीर्वाद से प्रणामी समाज के सेवाभावी सदस्यों एव स्वामी जी के शिष्यों ने बुधवार को श्री राम कथा आयोजन समिति के तत्वाधान मे हरमू मैदान मे हो रहे श्री राम कथा आयोजन में शिवान से पधारे श्री राम कथा वाचक आचार्य राजन जी महाराज को अंग वस्त्र में शाल ,दुपटा, पगड़ी एव राधा–कृष्ण जड़ित माला भेंट कर सम्मानित किया व उनका अभिनन्दन किया। आचार्य राजन जी ने कहा कि झारखंड की राजधानी रांची मे आकर बहुत ही सम्मान मिला। संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल (राजू अग्रवाल) ने यह जानकारी दी।

### जीत-हार से अधिक महत्वपूर्ण है भागीदारी : नायडू



**रांची।** मेटास एडवेंटिस्ट कॉलेज बरियातू रोड में बुधवार को कॉलेज के दो दिवसीय एनुअल स्पोर्टस कम्पीटिशन (वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता) का शुभारंभ हुआ। इस एनुअल स्पोर्टस कम्पीटिशन का विधिवत उद्घाटन कॉलेज के जनरल वाइस प्रेसिडेंट एसडीडी नायडू के हाथों किया गया। उद्घाटन संबोधन मेंश्री नायडू ने एनुअल स्पोर्टस कम्पीटिशन में भाग लेने वाले तमाम प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि किसी भी प्रतियोगिता में जीतने और हारने से ज्यादा महत्वपूर्ण है प्रतिभागी के रुप में उस प्रतियोगिता में हिस्सा लेना तथा उस इवेंट को खेल की भावना के साथ सभी प्रतिभागियों का सम्मान करते हुए उस प्रतियोगिता की गरिमा को बरकरार रखना है।

### पीएलए चेयरमैन की अध्यक्षता में हुई बैठक



**रांची।** राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 11 फरवरी को होना सुनिश्चित हुआ है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) रांची के द्वारा इसकी तैयारी प्रारंभ कर दी गयी है। इसी कड़ी में पीएलए चेयरमैन की अध्यक्षता में बैंक एवं स्मॉल फाइनांस कंपनीज के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गयी। इस बैठक में अध्यक्ष स्थायी लोक अदालत, प्रदीप कुमार, सदस्य, स्थायी लोक अदालत डॉ. रजनी कुमारी एवं सुश्री भावना उपस्थित थे। बैठक में प्रमुख रूप से केनरा बैंक, इंडियन बैंक पंजाब एंड सिंद बैंक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, एल एंड टी फाईनांस, आइडीबीआई बैंक लिमिटेड, जे एंड के बैंक, एसबीआई कार्ड न्यू इंडिया इंश्यूरेंश के अधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## समाज सुदृढ़ होगा, तो स्वाभाविक रूप से राष्ट्र भी सबल होगा : ब्रम्हा जी राव

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** विद्या भारती का कार्य समाज आधारित है, जहां का समाज सबल और सुदृढ़ होगा, वह राष्ट्र स्वाभाविक रूप से सबल होगा। उक्त बातें विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के अखिल भारतीय मंत्री ब्रम्हा जी राव ने बुधवार को कही।

उन्होंने कहा कि किसी भी राष्ट्र का मूल्यांकन वहां के समाज को देखकर किया जा सकता है। उसी प्रकार विद्या भारती का मूल्यांकन यहां के पूर्व छात्रों की जीवन शैली है। हमारे लिए महत्वपूर्ण विषय यह है कि हमारा पूर्व-छात्र अपना व्यक्तिगत एवं परिवारिक जीवन किस प्रकार व्यतीत करते हुए समाज के अभावग्रस्त व्यक्ति को स्वावलंबी बना कर राष्ट्र की मुख्यधारा से जोड़ने में सहयोगी सिद्ध हो रहा है। विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति का विद्यालय संचालन तथा उसके विकास में संपूर्ण योगदान होता है। समिति विद्यालय के शासन तथा प्रशासन के केंद्र में होती है । केंद्र बिंदु की सोच तथा उसके संचालन पद्धति से ही संस्था का विकास संभव हो पाता है। पंचपदी शिक्षा पद्धति के आधार पर विद्यालयों में जो शिक्षा दी गई है उस शिक्षा के माध्यम से तैयार हमारे पूर्व छात्र की दृष्टि भावी पीढ़ी के लिए बड़ा ही महत्वपूर्ण है। वहीं, विद्या भारती उत्तर पूर्व क्षेत्र के क्षेत्रीय मंत्री रामअवतार नरसरिया ने कहा कि जिस प्रकार लोकतंत्र में जनता महत्वपूर्ण होती है। उसी प्रकार विद्या भारती में विद्या भारती के पंचप्राण जिसमें छात्र/पूर्व छात्र, आचार्य /प्रधानाचार्य, अभिभावक, समिति सदस्य एवं समाज के शुभेच्छुक लोग है तथा उनके समन्वय से ही शिक्षा के क्षेत्र में विकास संभव है।

## छात्राओं को विज्ञान ज्योति कार्यक्रम के तहत मिलीं पुस्तकें

**रांची।** छात्राओं में विज्ञान अध्ययन को लोकप्रिय बनाने के लिए केंद्र प्रायोजित योजना विज्ञान ज्योति के अंतर्गत जवाहर नवोदय विद्यालय मेसरा में प्राचार्य एके झा के द्वारा एसएस +2 उच्च विद्यालय चिलदाग की 19 छात्राओं में प्रत्येक को छह हजार रुपये का चेक और लगभग आठ हजार की मेडिकल और इंजीनियरिंग से की प्रतियोगिता परीक्षा की पुस्तके प्रदान की गई। इस अवसर पर बच्चों के साथ चिलदाग उच्च विद्यालय के विज्ञान ज्योति प्रभारी होलिका महतो, श्रेया कुमारी एवं जवाहर नवोदय विद्यालय के उपप्राचार्य डी के साहू एवं विज्ञान ज्योति प्रभारी रंजन कुमार सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थीं।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों का कनेक्टटेक बोनांजा में शानदार प्रदर्शन




खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों ने यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट जयपुर द्वारा अंतर विद्यालय तकनीकी प्रतियोगिता कनेक्टटेक टेक्निकल बोनांजा में भाग लिया। कक्षा दसवीं के अक्षर अमिताभ और अभिषेक कुमार आयुष ने प्रथम रनर अप ट्रॉफी जीती। इन्हें 4000 रुपये का नगद पुरस्कार निर्माण के अंतर्गत एक विज्ञान मॉडल बनाने एवं उसके प्रदर्शन पर मिला। इन्होंने सोलर कर्टेन तैयार किया। इस कर्टेन पर पड़ने वाली सूर्य की किरणों को सोलर पैनल द्वारा विद्युत ऊर्जा में रूपांतरित करना था। कक्षा नवम के शिवांश जोशी ने पाइथागोरस स्टार गणित प्रतियोगिता में प्रशंसा पत्र प्राप्त किया। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा ने विजेताओं को बधाई दी। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने विजेताओं के उल्लेखनीय प्रदर्शन की सराहना की।

## श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में हुआ विशेष अनुष्ठान, खाटू नरेश ने पहना नवीन बागा

### षटतिला एकादशी पर देवी-देवताओं का फूलों से हुआ भव्य श्रृंगार

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** षटतिला एकादशी पर बुधवार को रांची के हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में विशेष अनुष्ठान किये गये। माघ मास के कृष्ण पक्ष की एकादशी के अवसर पर प्रातः 5:00 बजे पट खुलते ही मंदिर में भक्तों का आगमन प्रारंभ हो गया। 5:30 बजे मंगला आरती करके बाल भोग चढ़ाया गया। श्रृंगार आरती 8:30 बजे हुई। इस मौके पर श्री श्याम मंदिर में विराजमान सभी देवी-देवताओं का विशेष श्रृंगार किया गया। खाटू नरेश को नवीन बागा (पोशाक) पहनाया गया। मौसम के अनुसार गरम पोशाक बागा पहनाकर कोलकाता से मंगाये गये फूलों व रजनीगंधा से खाटू नरेश का श्रृंगार किया गया।


श्री श्याम मित्र मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि मंदिर में विराजमान श्री श्यामेश्वर महादेव, श्री हनुमान, श्री लड्डू गोपाल, श्री शालिग्राम, श्री गणेश व रिद्धि सिद्धि तथा गुरुजनों के प्राचीन तेल चित्रों का विशेष श्रृंगार किया गया। सुगंधित गुलाब के इत्र से खाटू नरेश का मसाज किया गया। पंचमेवा का विशेष भोग अर्पित किया गया। संध्या बेला में श्री श्याम मंदिर के पट खुलते ही भक्तों की भारी भीड़ एकत्र होने लगी सभी दर्शन को आतुर थे। षटतिला एकादशी का मुख्य समारोह रात्रि 9:30 बजे से प्रारंभ हुआ। अशोक नगर निवासी हिरेंद्र बरनवाल, श्रीमती मंजू देवी बरनवाल, जुगनू पिंटू बरनवाल, श्रीमती स्वीटी बरनवाल ने खाटू नरेश की दिव्य पावन अखंड ज्योति प्रज्वलित कर केसरिया पेड़ा, काजू, अखरोट, किशमिश, बादाम, सेब, नारियल, मघई पान का भोग समर्पित किया।

मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में 3 घंटे का भजन कीर्तन हुआ। श्रवण ढानढनिया, साकेत ढानढनिया, अनुज मोदी, सलज अग्रवाल सोनू आदि ने श्री श्याम दरबार में एक से एक सुंदर मनभावन भजन गाये। देर रात महाआरती व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, उपमंत्री अनिल नारनौली, पूर्व सांसद अजय मारू, रतन शर्मा, संजय सराफ आदि ने सहयोग किया।

### शनिवार को होगा अमावस्या महास्नान

**शनिवार** ( 21 जनवरी) को बाबा श्री श्याम का अमावस्या महास्नान होगा। इसके बाद सुबह 8:30 बजे विशेष श्रृंगार महाआरती मंदिर परिसर में होगी। इस अवसर पर कोलकाता से मंगाये गये विशेष रंग-बिरंगे सुगंधित फूल मालाओं से बाबा को सजाया जायेगा। संध्या 4:30 बजे से 46वां श्री श्याम भंडारा आयोजित होगा। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने सभी श्याम प्रेमियों को आमंत्रित किया है।

## श्री श्याम मंदिर अग्रसेन पथ में श्रद्धा के साथ मनाया गया एकादशी उत्सव



**रांची।** राजधानी रांची के अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में बुधवार को माघ कृष्ण पक्ष की एकादशी पर अत्यन्त श्रद्धा व भक्ति के साथ एकादशी उत्सव आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्री श्याम देव को प्रातः नवीन वस्त्र (बागा) पहनाकर एवं स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत कर गुलाब, रजनीगन्धा जैसे फूलों से मनमोहक श्रृंगार किया गया। साथ ही, मंदिर में विराजमान शिव परिवार एवं बजरंगबली का भी इस अवसर पर विषेश श्रृंगार किया गया। रात्रि 9:00 बजे पावन ज्योत प्रज्वलित कर भक्तगणों ने इसमें आहुति प्रदान कर मनोवांछित फलों की कामना की। श्री श्याम मंडल के सदस्यों ने गणेश वंदना के साथ संगीतमय संकीर्तन किया। आयो सांवलियो सरकार, हमें तो जो भी दिया श्याम बाबा ने दिया आदि भजनों की पर भक्तगण झूमते रहे। इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु को शुद्ध घी में बने हुए घेवर, फीणी, गोंद के लड्डु, केसरिया पेड़ा, बादाम बर्फी आदि विभिन्न प्रकार के फल एवं मेवा के भोग अर्पित किये गये। रात्रि में महाआरती व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में चंद्र प्रकाश बागला, धीरज बंका, गोपी किशन ढांढनीयां, अमित जालान आदि का विशेष सहयोग रहा।

## सदानी ध्वज का लोकार्पण 22 को

**रांची।** सदानी ध्वज (झंडा) के लोकार्पण की तैयारी को लेकर मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद की अध्यक्षता में बुधवार को मोराबादी में समीक्षा बैठक हुई। संपन्न बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 22 जनवरी को मूलवासी सदानी झंडा का लोकार्पण किया जाएगा। इस लोकार्पण के आयोजन को सफल और भव्य मनाने को लेकर कोर कमिटी ने तैयारी की समीक्षा की। मोर्चा अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि इस कार्यक्रम में पूरे झारखंड राज्य से मूलवासी सदान शामिल होंगें। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य के बाहर बसे सदान प्रतिनिधि भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगें। मोर्चा अध्यक्ष प्रसाद ने बताया कि यह सदानी झंडा मूलवासी सदानों के आस्था का प्रतीक है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि ध्वज के लोकार्पण के बाद मूलवासी सदानों के सभी परिवार अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों में श्रद्धा के साथ लगायेंगे एवं इसका सम्मान करेंगे।

## चुनौती और दायित्व

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भारतीय न्यायपालिका को दो-टूक शब्दों में चुनौती दे दी है। वे संसद और विधानसभाओं के अध्यक्षों के 83 वें सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। वे स्वयं राज्यसभा के सभापति हैं। आजकल केंद्र सरकार और सर्वोच्च न्यायालय के बीच जजों की नियुक्ति को लेकर लंबा विवाद चल रहा है। सर्वोच्च न्यायालय का चयन-मंडल बार-बार अपने चुने हुए जजों की सूची सरकार के पास भेजता है लेकिन सरकार उस पर ह्यहांह्ण या ह्यनाह्ण कुछ भी नहीं कहती है। सर्वोच्च न्यायालय का कहना है कि सरकार का यह रवैया अनुचित है, क्योंकि 1993 में जो चयन-मंडल (कालेजियम पद्धति) तय हुई थी, उसके अनुसार यदि चयन-मंडल किसी नाम को दुबारा भेज दे तो सरकार के लिए उसे शपथ दिलाना अनिवार्य होता है। इस चयन-मंडल में पांचों चयनकर्ता सर्वोच्च न्यायालय के जज ही होते हैं। और कोई नहीं होता। इस पद्धति में कई कमियां देखी गईं। उसे बदलने के लिए संसद ने 2014 में 99 वां संविधान संशोधन पारित किया था लेकिन उसे सर्वोच्च न्यायालय ने असंवैधानिक घोषित कर दिया, क्योंकि उसमें जजों के नियुक्ति-मंडल में कुछ गैर-जजों को रखने का भी प्रावधान था। अभी तक अटका ही हुआ है लेकिन धनखड़ ने इससे भी बड़ा सवाल उठा दिया है। उन्होंने 1973 के केशवानंद भारती मामले में दिए हुए सर्वोच्च न्यायालय के फैसले को संसदीय लोकतंत्र के विरुद्ध बता दिया है, क्योंकि उस फैसले में संसद के मुकाबले न्यायपालिका को निरंकुश बना दिया गया था। उसे संसद से भी ज्यादा अधिकार दे दिए गए थे। वह किसी भी संसदीय कानून को उलट सकती है। संसद को कह दिया गया था कि वह संविधान के मूल ढांचे को अपने किसी भी कानून से बदल नहीं सकती है। यानी संसद नीचे और अदालत ऊपर। ऐसा होना न तो उचित है और न ही सही दिशा।

## महंगी होती रेल

देश में आधारभूत संरचना के विकास को लेकर मोदी सरकार अपनी गंभीरता का लगातार प्रचार कर रही है। कुछ काम भी हो रहें हैं इसमें संदेश नहीं है। लेकिन मेदिनीनगर से उठी आवाज भी देश की आवाज है जो यात्री रेलगाड़ी से एक्सप्रेस रेलगाड़ी का भाड़ा उगाहने के विरोध में था। रेल देश के आम लोगों की सवारी है। कल्याणकारी राज का यह एक बेहतरीन उदाहरण है। साथ ही पर्यावरण संरक्षण की दिशा में रेल का महत्वपूर्ण योगदान है। कोरोना काल में कई फेरबदल हुए जिसमें रेलगाड़ियों का विशेषकर यात्री रेलगाड़ियों का भाड़ा बढ़ाना भी शामिल था। आज जिस प्रकार कोरोना पर सरकार ने नियंत्रण किया है उससे यह संकेत मिल रहा है कि अब कोरोना से भारत बच जायेगा ऐसे में कोरोना काल में बढ़ायी गयी दर कम नहीं की जा रही है। यात्री गाड़ियों पर आम लोग सफर करते हैं जो मध्यम और निम्न वर्ग के होते हैं। इनकी आबादी सौ करोड़ से अधिक है। इसमें पढ़ने वाले युवा छात्र और छोट व्यापारी भी होते हैं जो शहरों में महंगे होते घर-जमीन से आज भी वंचित हैं। ऐसे में सरकार को चाहिए कि नगरी और उपनगरीय रेल सेवा को सस्ता और सुलभ बनाकर कस्बों और ग्रामीण परिवेश के लोगों को रेल निश्चित उपयोगी सेवा बनाकर पेश करे। दिल्ली का मेट्रो रेल हो या मुम्बई की उपनगरीय रेल सेवा इनकी सेवा सौ किमी तक की आबादी को उपलब्ध होने से नगर में उप नगर का एक बेहतर कॉन्सेप्ट स्थापित हुआ है। लेकिन विगत कुछ वर्षो से सरकार इन सामाजिक परिवहन व्यवस्था पर ध्यान नहीं दे रही है। बंदे भारत और बुलेट ट्रेन का चलना देश के लिये आवश्यक है लेकिन जो ढाई करोड़ लोग आज भी हर दिन के रेलयात्री है उनका दस प्रतिशत ही इन महंगे रेलगाड़ियों में सफल करेंगे। ऐसे में देश के बहुसंख्यक रेल यात्रियों की चिंता रेल मंत्रालय को बजट में अवश्य करना चाहिए।


# भारतीयों की आर्थिक आजादी पर गर्व

**21 सदी** के दूसरे दशक में वैश्विक महामारी कोरोना और उसके बाद रूस-यूक्रेन के बीच छिड़ी जंग से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बन चुके विपरीत हालात से निपटने में भारत कई देशों के मुकाबले बेहतर स्थिति में है? यदि नहीं तो यह जान लीजिए कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत यह करिश्मा कर रहा है, जिसका सारा श्रेय उनके नेतृत्व में पिछले साढ़े आठ वर्षों से देश में जारी रिफॉर्म (सुधार), ट्रांसफॉर्म (परिवर्तन) और परफॉर्म (प्रदर्शन) की गहन प्रक्रिया को जाता है। अब तो वैश्विक प्रबंधन परामर्शदाता फर्म मैकिंसे तक यह मानने लगा है कि न केवल वर्तमान दशक बल्कि यह पूरी सदी भारत की होगी। यह जानकर दुनिया भर की संस्थाओं का भारत में भरोसा बढ़ा है। समझा जाता है कि सशक्त लोकतंत्र, राजनीतिक स्थिरता और सतत सुधारों के चलते भारत, पूरी दुनिया के निवेशकों के लिए निवेश की एक आकर्षक मंजिल बन चुका है, जो आज सबको लुभा रहा है। भारत सरकार की उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) भी निवेशकों के हौसले में आफजाई कर रही है।

कहना न होगा कि हमारी इस नई अद्वितीय वैश्विक स्थिति से चीन, अमेरिका और पाकिस्तान जैसे कुछ गिने-चुने देश भले ही मन ही मन ईर्ष्या करें, लेकिन भारत की स्पष्ट सोच, पक्का इरादा और उत्साही युवाओं की बदौलत निवेशक अब उसके यानी भारत के प्रति आशावादी हैं। इसकी बदौलत रक्षा से अंतरिक्ष क्षेत्र तक भारत मजबूत हुआ है। आत्मनिर्भर भारत अभियान की सफलता से विदेशी निवेशक भी बढ़ रहे हैं। कोरोना महामारी के बावजूद देश की अर्थव्यवस्था में तेजी ने सबको रिझाया है। वर्ष 2030 तक देश की करीब 42 फीसदी आबादी शहरी क्षेत्रों में रहेगी। इन सबसे एफडीआई आकर्षित हो रही है।

जानकारों का कहना है कि कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर में 24.60 प्रतिशत, वित्तीय सेवा और आर ऍंड डी में 12.13 प्रतिशत, ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री में 11.89 प्रतिशत, ट्रेडिंग में 7.72 प्रतिशत, और निर्माण क्षेत्र में 5.52 प्रतिशत एफडीआई ज्यादा आई है, अन्य क्षेत्रों के वनिस्पत। वहीं, महाराष्ट्र में 26.26 प्रतिशत, कर्नाटक में 17.55 प्रतिशत, दिल्ली में 13.93 प्रतिशत, तमिलनाडु में 5.10 प्रतिशत और हरियाणा में 4.76 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश यानी एफडीआई ज्यादा हो रहे हैं, अन्य राज्यों के वनिस्पत। सीआईआई की रिपोर्ट बताती है कि भारत अगले 5 साल में 47,500 करोड़ डॉलर की रकम प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के तहत पाने की क्षमता रखता है। बता दें कि जहां वर्ष 2014-15 में एफडीआई के तहत 4515 करोड़ डॉलर का निवेश हुआ था, वहीं वर्ष 2021-22 में यह बढ़कर 8484 करोड़ डॉलर हो गया है।





\- कमलेश पाण्डेय

भारत की मजबूत आर्थिक बुनियाद के चलते अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) भी अब देश को वैश्विक अर्थव्यवस्था के उजले बिंदु की तरह देखता है। वहीं, दूसरी ओर विश्व बैंक का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विपरीत हालात से निपटने के मामले में भारत कई देशों के मुकाबले बेहतर स्थिति में है। सदी के भीषण संकट यानी कोरोना त्रासदी के दौरान भी प्रधानमंत्री मोदी ने सुधारों की राह नहीं छोड़ी।

यही वजह है कि एक ओर जहां भारत की मजबूत आर्थिक बुनियाद के चलते अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) भी अब देश को वैश्विक अर्थव्यवस्था के उजले बिंदु की तरह देखता है। वहीं, दूसरी ओर विश्व बैंक का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विपरीत हालात से निपटने के मामले में भारत कई देशों के मुकाबले बेहतर स्थिति में है। ऐसा इसलिए सम्भव हो सका, क्योंकि सदी के भीषण संकट यानी कोरोना त्रासदी के दौरान भी प्रधानमंत्री मोदी ने सुधारों की राह नहीं छोड़ी। विशेषज्ञों के मुताबिक, मोदी ने नीतिगत रूप से नई सम्भावनाओं को जन्म देते हुए हाल ही में 8 लाख करोड़ के संभावित निवेश वाले मिशन हरित हाइड्रोजन को मंजूरी दे दी है, जो ऊर्जा के क्षेत्र में एक नई क्रांति का वाहक बनेगी। इसके अलावा, जिस तरह से प्रधानमंत्री मोदी ने अपने कार्यकाल में सड़कों, हवाई अड्डों और बंदरगाहों के विस्तार के साथ औद्योगिक गलियारों और लॉजिस्टिक्स केंद्रों के विकास की योजनाओं को गति दी है, उससे वैश्विक हल्के में अब यहां तक कहा जाने लगा है कि इंडस्ट्रियल कॉरिडोर, डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर, एक्सप्रेस-वे, लॉजिस्टिक पार्क, ये सभी नए भारत की अमिट पहचान बन रहे हैं।

आपको यह जानकर हर्ष होगा कि आज भारत विश्व का तीसरा बड़ा विमानन और ऑटो बाजार है। वहीं, महज 8 साल में ही भारतीय अर्थव्यवस्था 13वें स्थान से छलांग लगाकर 5 वें स्थान पर पहुंच चुकी है, और वह दिन दूर नहीं जब भारत, जर्मनी और जापान को पीछे छोड़ते हुए विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाए। बताया जाता है कि हमारे ये तमाम निर्णय आधुनिक बुनियादी ढांचा निवेश की नई सम्भावनाओं को जन्म दे रहे हैं। आलम यह है कि भारत में स्वास्थ्य, कृषि, पोषण, कौशल विकास, नवाचार और हरित हाइड्रोजन जैसे क्षेत्रों में उभर रही सम्भावनाएं निवेशकों का इंतजार कर रही हैं। जानकार बताते हैं कि यह भारत के साथ मिलकर नई वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के निर्माण का समय है। जिस तरह से देश में 5 जी, इंटरनेट ऑफ थिंग्स और एआई की मदद से हर उद्योग और उपभोक्ता के लिए नए मौके पैदा हो रहे हैं, इससे निःसंदेह विकास की गति तेज होगी। आप यह जानकार चौंक जाएंगे कि देश की डिजिटल दुनिया में हर ओर तेजी का आलम दिख रहा है। ऑनलाइन खरीदारी के मामले में भारत, चीन को पछाड़ चुका है और अब अगली बारी अमेरिका की है। उसे पछाड़ने के बाद भारत दुनिया में पहला स्थान प्राप्त कर लेगा। समझा जा रहा है कि इंटरनेट और मोबाइल की उपलब्धता और आसान होने के साथ वर्ष 2025 तक 90 करोड़ लोग इंटरनेट का इस्तेमाल करेंगे, जिससे ऑनलाइन खरीदारी की दुनिया का विस्तार होगा। इंडिया ब्रांड इक्विटी फाउंडेशन (आईबीईएफ) के मुताबिक, वर्ष 2021 में देश में ऑनलाइन ग्रॉसरी बाजार 395 करोड़ डॉलर का था, जो वर्ष 2027 तक 2693 करोड़ डॉलर का हो सकता है। वहीं, देश की कंज्यूमर डिजिटल अर्थव्यवस्था वर्ष 2020 में कुल 53,750 डॉलर की थी, लेकिन अनुमान है कि वर्ष 2030 तक ये बढ़कर एक लाख करोड़ डॉलर के पार हो जाएगी। देखा जाए तो भारत में जब अमृतकाल का स्वर्णयुग शुरू हुआ है, तब हम सभी देशवासी परस्पर मिलजुल कर विकसित भारत बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास कर रहे हैं। इसके चलते हमें अपने काम में अभूतपूर्व सफलता भी मिल रही है।

### खास बात

## वेदांत पर पत्रिका

स्वामी विवेकानंद ने अमेरिका से 1894 में अपने शिष्य आलासिंगा पेरुमल को कई पत्र लिखे, जिनमें उन्होंने समाचारपत्र-पत्रिकाओं को लेकर चर्चा की है। एक पत्र में स्वामीजी लिखते हैं- ह्ययदि तुम वेदांत के आधार पर एक पत्रिका निकाल सको तो हमारे कार्य में सहायता मिलेगी। एक अन्य पत्र में स्वामीजी लिखते हैं- एक छोटी-सी समिति की स्थापना करो और उसके मुखपत्रस्वरूप एक नियतकालिक पत्रिका निकालो।

तुम उसके संपादक बनो। पत्रिका प्रकाशन तथा प्रारंभिक कार्य के लिए कम से कम कितना व्यय होगा, इसका विवरण मुझे भेजो तथा समिति का नाम एवं पता भी लिखना। इस कार्य के लिए न केवल मैं स्वयं सहायता करूंगा वरन यहां के और लोगों से भी अधिक से अधिक वार्षिक चंदा भिजवाने की व्यवस्था करूंगा। तब स्वामीजी ने आलासिंगा को लिखा- मुझे कुछ काम करके दिखाओ- एक मंदिर, एक प्रेस, एक पत्रिका और हम लोगों के ठहरने के लिए एक मकान। ध्यान दें कि उन्होंने वेदांत के प्रसार-प्रचार के लिए अपने शिष्यों से एक प्रेस की अपेक्षा की।

स्वामीजी के निर्देश उनके शिष्यों ने ब्रह्मवादिन एवं प्रबुद्ध भारत का प्रकाशन तो प्रारंभ कर दिया, लेकिन समाचारपत्रों के प्रकाशन का पर्याप्त अनुभव नहीं होने के कारण अनेक प्रकार की समस्याएं खड़ी होने लगीं। जब स्वामीजी के ध्यान में यह बात आई तब उन्होंने कहा भी कि भले ही हमारे पत्र व्यावसायिक दृष्टि से नहीं निकाले जा रहे हैं लेकिन यह है तो एक व्यवसाय ही। इसलिए समाचारपत्र के व्यावसायिक पक्ष को ध्यान में रखना होगा।

यद्यपि स्वामी विवेकानंद भारत से प्रकाशित अपने समाचारपत्रों के लिए अमेरिका में धन संग्रह करते थे। परंतु इस बात को भी भली प्रकार समझते थे कि अमेरिका के धनिकों के बल पर लंबे समय तक भारत के समाचारपत्रों को संचालित नहीं किया जा सकता। भारत के लोग ही अपने समाचारपत्रों की चिंता करेंगे, तभी वांछित परिणाम प्राप्त होंगे। इसलिए वे अपने शिष्यों को कहते थे कि भारत से प्रकाशित समाचारपत्रों के आर्थिक प्रबंधन की चिंता वहीं के लोगों को करनी चाहिए।

## स्मार्ट और बुद्धिमान

### धर्म-प्रवाह

**जग्गी बासुदेव**


**स्मार्ट** होना और बुद्धिमान होना, ये दो अलग-अलग बातें हैं। 25 साल पहले, किसी के बारे में बात करते हुए, हम उसे बुद्धिमान कहते थे। लेकिन आजकल, अलग शब्दों का प्रयोग होता है। आजकल कोई परवाह नहीं करता कि आप बुद्धिमान हैं या नहीं। उनको एक ही फिक्र होती है कि क्या आप स्मार्ट हैं? अगर आप स्मार्ट हैं तो आप दुनिया में अपना काम निकाल सकते हैं - आज की अर्थव्यवस्था में आप पार लग जायेंगे। लेकिन बुद्धि का स्वभाव अलग है। बुद्धि हमेशा आपको कोई दौड़ जीतने के लिये तैयार नहीं करती। वास्तव में आप दूसरे से धीमें हो सकते हैं क्योंकि उन लोगों की अपेक्षा आप कहीं ज्यादा चीजें देख सकते हैं। जो लोग स्मार्ट हैं और सिर्फ इस कोशिश में हैं कि अपने जीवन का कोई छोटा उद्देश्य पूरा कर लें, हो सकता है वे वहां ज्यादा तेजी से पहुंच जाएं और हो सकता है लोग उनके लिये तालियां भी बजायें। लेकिन आपकी बुद्धि इतनी सारी चीजें ग्रहण कर रही होगी, कि वो आपको एक कदम भी उठाने नहीं देगी। अगर आप स्मार्ट हैं तो इसका मतलब ये होगा कि आपने अपने लाभ के लिये परिस्थितियों बना ली है। आप किस तरह के समाज में हैं, समय कैसा है, परिस्थिति कैसी है और आप किस तरह के लोगों के बीच में हैं! आज, वे लोग जो कुछ संकोच मे होते हैं, वे आम तौर पर बेवकूफ माने जाते हैं। बिना किसी संकोच वाले लोग स्मार्ट कहलाते हैं क्योंकि वे जानते हैं कि कुछ खास परिस्थितियों का लाभ कैसे लिया जाये!

वाराणसी में विश्व की सबसे लंबी रिवर क्रूज (गंगा विलास) यात्रा के शुभारंभ, टेंट सिटी समेत विभिन्न विकास परियोजनाओं के लोकार्पण/शिलान्यास कार्यक्रम में सम्मिलित हुआ। काशी के विकास को एक नई ऊंचाई प्रदान करने हेतु आदरणीय प्रधानमंत्री श्री **– योगी आदित्यनाथ**

### आपके ट्वीट

**चीन** से मुकाबला प्रधानमंत्री के अरबपति मित्र नहीं, भारत के छोटे उद्योग कर सकते हैं, देश के करोड़ों युवाओं को रोजगार दे कर।मगर, 21वीं सदी के कौरवों की आंखों पर लालच और अहंकार की पट्टी है, न प्रगति की सोच है, न दृष्टिकोण। **–राहुल गांधी**





**कहानी** दुनिया की महत्वपूर्ण तथ्यों में से एक है। बिना कहानी के हम मानव नहीं कहे जा सकते हैं। ट्रायल वाई फेयर का ट्रेलर इस बात का गवाह है। हमारे समय का यह एक महत्वपूर्ण घटना है। **– अनुपम खेर, अभिनेता**

### कॉर्टून वर्ल्ड

युद्ध का असर



# नेताओं के विवादित बयानों पर संज्ञान ले न्यायपालिका

**अजय कुमार**

**न्यायपालिका** से आमजन को काफी उम्मीद रहती है। एक आम आदमी के लिए जब इंसाफ के सभी दरवाजें बंद हो जाते हैं तब अदालत उसके लिए ह्यआखिरी रास्ताह्ण साबित होता है। कई बार तो जब कोई पीड़ित इंसाफ के लिए अदालत की चैखट तक पहुंचने में असहाय-मजबूर नजर आता है तो अदालत स्वयं उसकी चैखट पर पहुंच जाती है। पीड़ित को इंसाफ दिलाती हैं। इसके लिए अगर जरूरी होता है तो अदालत अपनी निगरानी में जांच कमेटी तक गठित कर देती हैं। कई बार तो अदालत के फैसलों से सरकारें तक गिर और बन जाती हैं। यह सिलसिला आजादी के बाद से आज तक जारी है। तमाम ऐसे मामले हैं जिनको देश की विभिन्न अदालतों ने स्वतः संज्ञान (सुओ मोटो) लेकर सुलझाने और दोषियों को सजा दिलाने मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अगर कभी कोर्ट को लगता है कि कोई सरकार या महकमा किसी विषय पर निर्णय लेने में विलंब या मनमानी कर रहा हैं तो वह ऐसे मामलों में स्वयं हस्तक्षेप करने से चूकती नहीं हैं। इतना ही नहीं अदालतें, कोर्ट की अवमानना के मामलों को भी स्वतः संज्ञान लेने से गुरेज नहीं करती हैं।

सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशात भूषण इसकी सबसे बड़ी और ताजा मिसाल हैं, जिन्हें हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने अवमानना का दोषी करार दिया था। प्रशांत भूषण ने भारत के मुख्य न्यायाधीश के खिलाफ मानहानि संबंधी ट्वीट किया था। सुप्रीम कोर्ट ने प्रशांत को अवमानना को दोषी करार देते हुए कहा था कि यह माना जाता है कि भारतीय न्यायपालिका का प्रतीक होने के नाते, सर्वोच्च न्यायालय पर एक हमले से देश भर में उच्च न्यायालय के साधारण वादी और न्यायाधीशों का सर्वोच्च न्यायालय से विश्वास उठ सकता है। हालांकि न्यायालय ने स्वीकार किया कि उसकी अवमानना शक्तियों का उपयोग केवल कानून की महिमा को बनाए रखने के लिये किया जा सकता है, इसका उपयोग एक व्यक्तिगत न्यायाधीश के खिलाफ नहीं किया जाना चाहिये जिसके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की जाती है।

### न्याय

शीर्ष न्यायालय को स्वतः संज्ञान की अवमानना शक्तियाँ संविधान के अनुच्छेद 129 द्वारा प्रदान की गई हैं। न्यायालय का अवमानना अधिनियम, 1971 के अनुसार, न्यायालय की अवमानना दो प्रकार की होती है। एक नागरिक अवमानना दूसरी अपराधिक अवमानना। नागरिक अवमानना में न्यायालय के किसी भी निर्णय, डिक्री, निर्देश, आदेश, रिट अथवा अन्य किसी प्रक्रिया या किसी न्यायालय को दिये गए उपकरण के उल्लंघन के प्रति अवज्ञा को नागरिक अवमानना कहते हैं। वहीं आपराधिक अवमानना के तहत किसी भी मामले का प्रकाशन है या किसी अन्य कार्य को करना है जो किसी भी न्यायालय के अधिकार का हनन या उसका न्यूनीकरण करता है, या किसी भी न्यायिक कार्यवाही में हस्तक्षेप करता है, या किसी अन्य तरीके से न्याय के प्रशासन में बाधा डालता है। न्यायालय की अवमानना अधिनियम, 1971 में दोषी को दंडित किया जा सकता है। यह दंड छह महीने का साधारण कारावास या 2,000 रुपए तक का जुमार्ना या दोनों एक साथ हो सकता है। इस कानून में वर्ष 2006 में एक रक्षा के रूप में ह्यसच्चाई और सद्भावना को शामिल करने के लिये संशोधित किया गया था। जब न्यायपालिका किसी खास आपराधिक घटना या फिर भ्रष्टाचारियों के खिलाफ स्वतः संज्ञान लेकर मुकदमा चलने में देरी नहीं करती है तो फिर देशद्रोही बयान देने वाले नेताओं उसमे भी खासकर सांसद/विधायक के मामलों को स्वतःसंज्ञान लेने से क्यों हिचकिचाती है।

### लेटर टू एडिटर

#### तबाही की राह

**लद्दाख** तथा पैंगोंग झील के आसपास चीनी घुसपैठ को लेकर तार्किक विचार व्यक्त करने वाला था। दोनों देशों के बीच विभिन्न स्तरों पर संघर्ष से पहले की स्थिति कायम करने को लेकर समझौता भी हो गया था लेकिन इस पर अमल करने के बजाय चीन ने भारत के अन्य क्षेत्रों में घुसपैठ करने की असफल कोशिश की। बातचीत का रास्ता अपनाकर संकट टाल सकते हैं। **–श्याम कौशल,रांची**

#### जुमार्ना मकसद नहीं

**यातायात** पुलिस लोगों का जमकर जुर्माना काटती है। पुलिस का काम लोगों की सहायता करना तथा नियमों की पालना करवाना है, न कि चालान काटना। नियमों को लेकर लोग पहले से ज्यादा सतर्क हैं। ज्यादातर लोग नियमों की पालना करते हैं पर ऐसे में केवल कम चालान काटने पर नोटिस जारी करना कहीं न कहीं गलत है। यह जनता को परेशान करने वाली बात है। **–रमन कुकरेजा, रातू**

# शरद यादव: विचारों की आग कभी नहीं बुझती

**मुकुंद**

### स्मृति शेष

**समग्र** क्रांति के स्वप्नदृष्टा लोकनायक जयप्रकाश नारायण और प्रखर समाजवादी चिंतक डॉ. राममनोहर लोहिया के विचारों की लौ को अपने समाजवादी नजरिये से जीवन पर्यंत प्रज्वलित करने वाले राजनेता 75 वर्षीय शरद यादव का निधन हिंदी पट्टी को आंसुओं से डुबो गया। बिहार, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश की राजनीति में सन्नाटा पसर गया। इस सन्नाटे को उनके विचार हमेशा तोड़ेंगे और राजनीति को मथेंगे। एक जुलाई, 1947 के मध्य प्रदेश के होशंगाबाद (अब नर्मदापुरम) जिले के आंखमऊ गांव में जन्मे शरद की आंखों ने इंजीनियर बनने का सपना देखा और इसके लिए जबलपुर के इंजीनियरिंग कॉलेज (रॉबर्ट्सन मॉडल साइंस कॉलेज) में दाखिला लिया। मगर इस कॉलेज की छात्र राजनीति ने उनकी दिशा बदल दी। वह छात्रसंघ अध्यक्ष चुने गए।

जबलपुर से शरद यादव का गहरा नाता रहा। इस शहर ने उन्हें बेबाक बनाया। मध्य प्रदेश की सांस्कृतिक राजधानी ने शरद को निखारा। जेपी के समय समग्र क्रांति की मशाल थामने के बावजूद शरद कभी समाजवादी विचारधारा के प्रति दुराग्रही नहीं रहे। जबलपुर में छात्र राजनीति के समय वह देवा के मुंगोड़ों के दीवाने रहे। चाय-पान के अड्डों और श्याम टाकीज चौक पर उनकी महफिलें आज भी लोगों की जुबान पर हैं। कैम्प्स से निकले शरद ने संसद की पगडंडियां चढ़ीं। मंत्री बने। राजनीतिक दल के अध्यक्ष भी रहे। यह इत्तेफाक ही है कि मध्य प्रदेश मूल के होते हुए भी उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन की धुरी बिहार और उत्तर प्रदेश को बनाया। युवा नेता के तौर पर सक्रियता से कई आंदोलनों में कूदे। आपातकाल के दौरान मीसा बंदी बनकर जेल भी गए। मंडल कमीशन की सिफारिशों के प्रबल समर्थक रहे।

शरद कुल सात बार लोकसभा और तीन बार राज्यसभा सदस्य चुने गए। 27 साल की उम्र में पहली बार 1974 में मध्य प्रदेश की जबलपुर लोकसभा सीट से सांसद चुने गए। उत्तर प्रदेश की बदायूं और बिहार की मधेपुरा लोकसभा सीट से भी चुनाव जीते। जनता दल के संस्थापक सदस्यों में से एक शरद 1989-1990 तक केंद्रीय टेक्सटाइल और फूड प्रोसेसिंग मंत्री रहे। 1995 में जनता दल के कार्यकारी अध्यक्ष चुने गए। 1996 में बिहार से पांचवीं बार लोकसभा सदस्य निर्वाचित हुए। 1997 में जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने और 1998 में जॉर्ज फर्नांडीस के सहयोग से जनता दल यूनाइटेड का गठन किया। एनडीए के घटक दलों में शामिल होकर केंद्र में फिर से मंत्री बने। 2004 में शरद यादव राज्यसभा गए। 2009 में सातवीं बार सांसद बने लेकिन 2014 के लोकसभा चुनाव में उन्हें मधेपुरा से हार का सामना करना पड़ा। जीवन के अंतिम पड़ाव में अपने घनिष्ठ सहयोगी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मनमुटाव भी हुआ। इसके बाद शरद यादव ने जनता दल यूनाइटेड से नाता तोड़ लिया। लोहड़ी की पूर्व संध्या पर गुरुग्राम के फोर्टिस अस्पताल में आखिरी सांस लेने वाले शरद यादव 14 जनवरी को उसी आंखमऊ के पारिवारिक बगीचे में पंचतत्व में विलीन होंगे, जहां की माटी में पले-बढ़े।

(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## सरकार से बायपास बनाने की मांग की


अनुज मेहता।

खबर मन्त्र संवाददाता

**ईचाक।** मंगुरा निवासी माले नेता सह सावित्री आवासीय विद्यालय संस्थापक अनुज मेहता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दुख प्रकट करते हुए कहा कि कि पूरा देश बेरोजगारी का दंश झेल रहा है। बच्चे पढ़ लिखकर बेरोजगार हो रहे हैं केंद्र सरकार रोजगार दे पा रही है और ना ही राज्य सरकार इसके बावजूद सरकार रोजगार छीनने का कोशिश कर रही है। प्रधानमंत्री एवं राज्यसरकार को अवगत कराना चाहता हूं कि इचाक मोड़ से बरकट्ठा सड़क को चौड़ीकरण होने जा रहा है उसमें हजारों लोग बेरोजगार और बेघर हो जाएंगे इसलिए सरकार से मेरा निवेदन है कि ईचाक रोड को इचाक मोड़ से करियातपुर तक बायपास निकाला जाए ताकि हजारों लोगों का नया रोजगार करने का अवसर मिले और जो लोग रोजगार में है उनको भी बेरोजगारी का दंश झेलना ना पड़े इससे सरकार को भी वित्तीय भार कम होगा क्योंकि बायपास रोड से सिर्फ जमीन का मुआवजा देना पड़ेगा और पुरानी सड़क के चौड़ीकरण जमीन के साथ-साथ मकान का भी मुआवजा देना पड़ेगा। श्री मेहता ने यह भी कहा कि अगर सरकार इस पर विचार नहीं करती है तो हम सभी ईचाक वासी उग्र आंदोलन करने की तैयारी में है।

## मवेशी व चारा के दाम में बढ़ोतरी से दूध विक्रेता हैं परेशान

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा व भदानीनगर क्षेत्र के दूध व्यवसायियों की बैठक बुधवार को पटेलनगर नीचे खटाल में हुई। इसमें पटेलनगर, रिभर साईड, सौंदा डी, सेंट्रल सौंदा, सीसीएल सौंदा, सयाल, पोड़ा, जवाहर नगर, थाना चैक आदि क्षेत्र के दूध विक्रेता शामिल थें। कहा गया कि दुधारू मवेशी व पशुओं के चारा में बेतहासा वृद्धि हो गई है। जिसके कारण दूध विक्रेताओं को काफी परेशानी हो रही है। निर्णय हुआ कि दूध व्यवसायियों के परिस्थिति के अनुरूप दूध का रेट बढ़ाना एक मात्र विकल्प है।

## कोयला लदी चलती हाइवा में शॉट सर्किट से लगी आग

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रिवर साइड भुरकुंडा स्थित पीओ ऑफिस होस्टल के समीप बुधवार को कोयला लदी चलती हाइवा नंबर जेएच 02 एएक्स 5351 में अचानक आग लग गई। जानकारी के अनुसार बलकुदरा आउट सोर्सिंग खदान से हाइवा कोयला लाद कर सौंदा बी साइडिंग की ओर जा रहा था। इसी बीच भुरकुंडा चेक पोस्ट से गाड़ी इंट्री के बाद जैसे ही हाइवा रिवर साइड मेन रोड में कुछ दूर चली तो उसमें आग लग गई। चालक बंटू महतो ने बताया कि शॉट सर्किट के कारण हाइड्रोलिक पम्प में आग पकड़ लिया और हाइवा के अगले हिस्से मे आग लग गई।

## जनसंख्या असंतुलन से भारत में विभिन्न तरह की समस्याएं : अनिल

**रामगढ़।** जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी रामगढ़ जिले में 18 जनवरी को आयोजित सभा में शामिल हुए। मौके सभा को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बढ़ती जनसंख्या पर रोक लगाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि देश में बेरोजगारी, गरीबी, भुखमरी और कुपोषण का मुख्य कारण बढ़ती जनसंख्या है। इस समस्या के समाधान के लिए देश के सभी नागरिकों के लिए जाति, धर्म, क्षेत्र व भाषा से ऊपर उठकर समान रूप से जनसंख्या कानून लागू होना अति आवश्यक है।

# विनोद बिहारी महतो का मनाया गया स्मृति दिवस


संबोधित करते शिवलाल महतो।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बड़कागांव।** विस्थापित/ प्रभावित संघर्ष मोर्चा बड़कागांव के तत्वधान में राजा बागी स्थित प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वर्गीय विनोद बिहारी महतो का 32 वा स्मृति दिवस मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा के अध्यक्ष कुलेश्वर महतो एवं संचालन अजय सिंह ने किया। स्वर्गीय बिनोद बिहारी महतो के प्रतिमा पर सभी अतिथियों द्वारा फूल अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए उनके बताए हुए कदमों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष शिवलाल महतो ने कहा कि झारखंड अलग राज्य का सबसे पहली सोच स्वर्गीय विनोद बाबू का था। कई कुर्बानियों का फल स्वरूप झारखंड राज्य अलग तो हो गया लेकिन यह जब से अलग हुआ है तब से विवादों से ही घिरा हुआ राज्य के रूप में पहचान हो रही है।

भारत के अन्य राज्य में जमीन दाता को प्राथमिकता पर कंपनी स्थापित होती है। लेकिन झारखंड में नियम अलग है एक ही देश में दो तरह की नियम कैसे चल रही है? झारखंड की सरकार सुबह कुछ एवं शाम को कुछ बोलती है। हेमंत सरकार सिर्फ घोषणा की सरकार है। बिहार के समय से अब तक झारखंड विस्थापन का दंश झेल ही रही है। भाषण से राशन नहीं मिलती है लड़ने से हक एवं अधिकार मिलेगी, इसलिए अब यहां कंपनी के विरुद्ध आंदोलन तेज होगी। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सैकड़ों वृद्ध महिला पुरुषों के बीच कंबल का वितरण किया गया।

गणतंत्र दिवस की तैयारियों के मद्देनजर उपायुक्त ने की बैठक

# कार्यक्रम को भव्य रूप देने पर हुई चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के तैयारियों के मद्देनजर उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय सभाकक्ष में तैयारी बैठक आयोजित की गई बैठक मे उन्होने गणतंत्र दिवस समारोह को भव्य व आकर्षक रूप से मनाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। झंडोतोलन कार्यक्रम के संबंध में उन्होंने कहा 8 बजे उपायुक्त आवास,8:10 बजे शहीद स्मारक, पुलिस लाइन 8:30 बजे, मुख्य समारोह स्थल (स्थानीय कर्जन ग्राउण्ड) में 09:05 बजे,आयुक्त कार्यालय 10 बजे, उपायुक्त कार्यालय 10:15 बजे पर झंडोत्तोलन का आयोजन किया जायेगा। झंडोत्तोलन के अवसर पर परेड, राष्ट्रीय ध्वज को सलामी सम्मान सार्जेंट मेजर द्वारा की जाएगी। परेड में झारखंड सैन्य पुलिस,बीएसएफ मेरु एवं



बैठक करती उपायुक्त व अन्य।

सीआरपीएफ के एक एक प्लाटून बल रहेंगे तथा जिला सशस्त्र बल के 2 प्लाटून रहेगें। पार्टी बैंड की व्यवस्था बीएसएफ मेरु कैंप के स्तर से करने की जाएगी। 24 जनवरी को जवानों द्वारा फुल ड्रेस रिहर्सल परेड का आयोजन किया जायेगा। वेल्स क्रिकेट मैदान में मीडिया क तथा प्रशासन क के बीच एक दोस्ताना फैंसी क्रिकेट मैच का भी आयोजन किया जाएगा। वहीं टाउन हॉल में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति स्थानीय विधालय के बच्चों व कलाकारों के द्वारा देश भक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने कर्जन ग्राउंड एवं शहीद स्मारक की वर्तमान स्थिति से अवगत होते हुए साफ सफाई और रंग रोगन आदि कार्यो को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा की गणतंत्र दिवस पर जिला के स्वतन्त्रता सेनानियों व उनके आश्रितों को भी जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किया जाएगो इसके अलावा 25 जनवरी को कनहरी हिल से कर्जन ग्राउंड तक क्रॉस कंट्री दौड़, प्रभात फेरी में बच्चों की भागीदारी, पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित करने के संबंध में चर्चा की गई एवं संबंधितों को निर्देशित किया गया। मौके पर पुलिस अधीक्षक चोथे मनोज रतन, उपविकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित,अपर समाहर्ता राकेश रोशन,सदर एसडीओ विद्याभूषण कुमार, एसडीओ बरही पुनम कुजूर, ज़िला स्तर के पदाधिकारी, विभिन्न क्षेत्रों के कलाकार, एनजीओ के प्रतिनिधि व अन्य मौजूद थे।

एक नजर में

## जिला मुखिया संघ का चुनाव संपन्न


अनिकेत कुमार नायक।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बड़कागांव।** जिला मुखिया संघ का चुनाव हजारीबाग नेशनल पार्क में आयोजित किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से चेपाकला पंचायत मुखिया अनिकेत कुमार नायक को जिला सचिव बनाया गया। उन्होंने कहा कि मैं पूरे निष्ठा पूर्वक अपने दायित्व को निर्वाहन करूंगा। मौके पर मुख्य रूप से बड़कागांव मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार मेहता, मोहम्मद इलियास अंसारी, करम राम, प्रभु महतो, मोहम्मद तकरममुउल्ला खान, विमला देवी, आस्मत आरा, सुलेखा कुमारी, पारसनाथ प्रसाद, लीलावती देवी, कविता देवी, सुनीता देवी, मुखिया संघ के सचिव बासुदेव यादव, गणेश साव, पूजा कुमारी, गीता देवी, नीलम मिंज, पूर्व मुखिया विकास महतो, मुखिया प्रतिनिधि राजकुमार साव, सनित महतो आदि ने बधाई दी है।

## श्रद्धानंद सिंह ने किया शिवांगी सुपर मार्ट का उद्घाटन


उद्घाटन में शामिल लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** शहर के बाद अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी फूड मार्ट का क्रेज बढ़ता जा रहा है। दारु प्रखंड स्थित झुमरा बाजार में बुधवार को 'शिवांगी सुपर मार्ट' नामक नवीन प्रतिष्ठान का बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग के प्रसिद्ध समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह और विशिष्ट अतिथि सदर विधायक प्रतिनिधि विजय कुमार एवं दारू विधायक प्रतिनिधि बालदेव बाबू सहित अन्य गणमान्य लोगों ने फीता काटकर उद्घाटन किया। मौके पर समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह ने मार्ट का अवलोकन किया और कहा की एक छत के नीचे ग्रोसरी, कॉस्मेटिक्स समेत अन्य प्रकार के खाद्य पदार्थ के उपलब्ध होने से जहां लोगों का समय बचेगा वहीं अपने पसंद के अनुरूप सामग्री का चयन कर ग्राहक खरीद पाएंगे। झूमरा बाजार इस क्षेत्र के लोगों का सेंटर प्वाइंट है और यह मॉल इस क्षेत्र के लोगों के लिए बेहद उपयोगी साबित होगा।

मार्ट के संचालक जोन्हिया निवासी संजीव कुमार सिंह और उनके पिता तापेश्वर सिंह ने बताया की ग्राहकों की सुविधा और उचित दर हमारी प्राथमिकता होगी। हमारे यहां कंप्यूराइज्ड और बार कोडिंग सिस्टम लागू होगा। मौके पर विशेषरूप से संजीव कुमार सिंह, भाजपा नेता अशोक कुशवाहा, अरुण सिंह, मिथलेश सिंह, रामनारायण कुशवाहा, संजीत कुमार वर्मा, राजन सिन्हा, मनोज सिंह, विश्वनाथ सिंह, सचिन कुमार, विजय सिंह, राहुल सिंह, पप्पू मिश्रा, विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें।

प्रजापिता ब्रह्मा बाबा का 55वां पुण्य स्मृति दिवस मनाया गया

# यहां आकर शांति व शक्ति की अनुभूति होती है : अंबा

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय हजारीबाग के मुख्य सेवा केंद्र बड़ा अखाड़ा स्थित सेवा केंद्र पर संस्था के संस्थापक प्रजापिता ब्रह्मा बाबा का 55 वां पुण्य स्मृति दिवस विश्व शांति दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर केंद्र पर सारा दिन योग तपस्या का वातावरण बना रहा। वहीं राजस्थान माउंट आबू स्थित मुख्यालय का ढांचा तैयार कर


अंबा प्रसाद व अन्य।

चारधाम बनाए गया। शांति स्तंभ बाबा की कुटिया बाबा का कमरा हिस्ट्री हाल आदि इस मौके पर बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद जी ने संस्था के संस्थापक के स्मृति चिन्ह पर माल्यार्पण किया। विधायक ने कहा कि इस स्थान पर आकर मुझे बहुत शांति और शक्ति की अनुभूति होती है। इस जगह से मेरा विशेष जुड़ाव है यूं तो मैं सभी जनमानस की सेवा में उपस्थित रहती हूं लेकिन शक्ति मुझे यहां से ही प्राप्त होती है। उन्होंने यहां आकर इस स्थान की महिमा की इस अवसर पर सेवा केंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी हर्षा दीदी ने अतिथि को तिलक लगाकर तथा ईश्वरीय सौगात देकर सम्मानित किया और संस्था के संस्थापक का संक्षिप्त परिचय भी दिया। इस मौके पर लगभग साडे 300 ब्रह्मा वत्स उपस्थित रहे। प्रोफेसर पूजा सिन्हा हंटरगंज क्वाड्रेटिक ऑफिसर विकास रंजन अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने उपस्थित होकर आज विश्व शांति दिवस पर विशेष मेडिटेशन के अनुभूति की तथा प्रसाद ग्रहण किया। और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किया गया सभी ने इसका भरपूर आनंद उठाया स्टेज संचालक ब्रम्हाकुमारी तृप्ति दीदी ने किया।

सीएम हेमंत सोरेन ने कई ऐतिहासिक फैसले लिये

# गांवों का भी हो रहा है विकास : संजीव बेदिया

## झामुमो की बैठक में पाली पंचायत कमेटी का हुआ गठन

खबर मन्त्र संवाददाता

**भदानीनगर (रामगढ़)।** भदानीनगर के पाली पंचायत में मंगलवार को झारखण्ड मुक्ति मोर्चा की बैठक हुई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि झामुमो के केंद्रीय सचिव सह झारखण्ड परिवहन प्राधिकार के सदस्य संजीव बेदिया व विशिष्ट अतिथि जिला उपाध्यक्ष रोहन बेदिया, जिला संगठन सचिव हरिलाल बेदिया, केंद्रीय सदस्य मुकेश राउत, प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र बेदिया व प्रखंड सचिव उदय अग्रवाल मौजूद थें। मौके पर मुख्य अतिथि संजीव बेदिया ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार गांव की सरकार है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में शहर ही नहीं गांवों में भी


मुख्य अतिथि संजीव बेदिया के साथ चयनित पदाधिकारी

तेजी से विकास हो रहा है। सरकार ने कई ऐतिहासिक फैसले लिये हैं जिससे गरीब तबके को काफी लाभ पहुंचा है। उन्होंने कहा कि जब पंचायत मजबुत रहेगी तभी पार्टी मजबुत होगा। श्री बेदिया ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ होते हैं। बैठक में सर्वसम्मति से पाली पंचायत कमेटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष तीरथ बेदिया, उपाध्यक्ष अरुण रवानी व शान्ति देवी, सचिव किशोर प्रजापति, सहसचिव सोनाली देवी व ओम प्रकाश सिंह, कोषाध्यक्ष देव बेदिया, संगठन सचिव संतोष बेदिया सहित कार्यकारणी सदस्यो में श्याम सुन्दर बेदिया, महावीर करमाली, रामकिशुन बेदिया, नवीन बेदिया, गुदरीया बेदिया, ललीता देवी, राजो देवी, सुनीता देवी, प्रदीप बेदिया, किशोर बेदिया, जग्गू बेदिया, बाबुलाल बेदिया, रामा बेदिया, मुकेश बेदिया, जितेन्द्र बेदिया, धनेश्वर प्रजापति, सुरज बेदिया, कन्हैया बेदिया, रोगन बेदिया, गनसु बेदिया, धनु बेदिया, बलराम बेदिया, नवीन, बेदिया, अमर बेदिया आदि चुने गये। इससे पूर्व मुख्य अतिथि संजीव बेदिया का ग्रामीणों ने फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया।

## श्री अग्रसेन स्कूल में गणतंत्र दिवस पर निःशुल्क नामांकन की हुई घोषणा

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा प्रबंधन ने गणतंत्र दिवस के अवसर निःशुल्क नामांकन की घोषणा की है। निःशुल्क नामांकन नर्सरी से 11 तक किसी भी कक्षा में सिर्फ एक दिन 26 जनवरी को कराया जा सकता है। बुधवार को स्कूल प्रांगण में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में स्कूल प्रबंधन ने बताया कि कोरोन काल के विगत दो वर्षों में स्कूल द्वारा अभिभावकों को कई तरह की आर्थिक राहत दी जा चुकी है। इस वर्ष निःशुल्क नामांकन भी इसी राहत का हिस्सा है। प्राचार्य विवेक प्रधान ने बताया कि नामांकन लेने वाले विद्यार्थियों का आने वाले किसी भी सत्र में वार्षिक शुल्क, लैब, लाइब्रेरी, कंप्यूटर फी समेत अन्य कोई भी शुल्क नहीं लिया जाएगा।

## 2 करोड़ 44 लाख की लागत से बने पीसीसी पथ का किया गया उद्घाटन


उद्घाटन करते अतिथि।

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नं 13 अरगड्डा में 1 करोड़ 13 लाख की लागत से कालीचरण महतो के घर से चांडी मोहल्ला अरगड्डा अस्पताल, मनोकामना सिंह के घर से रूपलाल घर तक पीसीसी पथ एवं वार्ड नं 14 में 1 करोड़ 31 लाख की लागत से यादव जी के घर से मुंडा जी के घर तक, प्रकाश महतो के घर से राहुल सिंह के घर तक,हनुमान मंदिर से हाई स्कूल तक,मोहन पासवान से स्टेडियम तक,तीरु बनर्जी के घर से शंकर केसरी के घर तक, शिशु ज्ञान निकेतन से साई मंदिर,पप्पू के घर से जोगिंद्र के घर तक,संजय कोल के घर से सिंह जी के घर तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य का उद्घाटन 18 जनवरी को बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा, विशिष्ट अतिथि मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो, नगर परिषद अध्यक्ष युगेश बेदिया, उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो, प्रवीण मेहता,वार्ड पार्षद संगीता देवी द्वारा विधिवत रूप से नारियल फोड़ कर किया गया। इस अवसर पर रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, अमरलाल महतो, सत्येंद्र महतो, रंजीत पासवान, प्रदीप प्रजापति, दिवाकर सिंह, आनन्द बेदिया, मनोज गिरी, सुशील सिंह, छोटू पटेल, हुसैन अंसारी, शिवम पिल्लई मौजूद थे।

चेन्नई में नौकरी करने गयी एक की हालत गंभीर

# तीन युवतियां हाई टेंशन तार की चपेट में आकर झुलसीं


हंगामा करते लोग व इलाजरत कुमकुम कुमारी व इनसेट में फाइल फोटो।

**कुजू।** सक्षम झारखंड कौशल विकास केंद्र कुजू से प्रशिक्षण प्राप्त कर नौकरी करने चेन्नई गई तीन युवती विधुत हाईटेंशन तार के चपेट में आने से झुलस गई। जिसमें एक युवती की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना की सूचना पाकर झुलसे युवतियों के परिजन डटमामोड़ स्थित ट्रेनिंग सेंटर पर आकर मुआवजे की मांग को लेकर जमकर बवाल काटा। घटना की सूचना पाकर आजसू मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो सेंटर पहुंचकर एक करोड़ रुपए मुआवजा, सरकारी नौकरी और संस्था द्वारा भेजे गए सभी युवतियों को वापस बुलाने आदि की मांग की। बताया जाता है कि सक्षम झारखंड कौशल विकास योजना के तहत झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी( निष्ठा) द्वारा डटमामोड में कौशल प्रशिक्षण केंद्र संचालित किया जा रहा है। जहां युवतियों को सिलाई कढ़ाई और फैशन आदि की ट्रेनिंग दी जाती है। बाद में युवतियों को नौकरी के लिए अन्यत्र भेजा जाता है। उक्त केंद्र से ट्रेनिंग के पश्चात गत 22 अगस्त 2022 को चेन्नई स्थित सेलिब्रिटी फैशन लिमिटेड में नौकरी के लिए अन्य युवतियों के साथ रबोध निवासी कुमकुम कुमारी, टंडवा चतरा निवासी पूनम कुमारी और केरीबंदा मांडू निवासी उर्मिला कुमारी भी गई थी।

## 8 दिवसीय महायज्ञ को लेकर किया गया भूमि पूजन

**रामगढ़।** श्री श्री 1008 श्री स्वामी शालिग्राम ब्रह्मचारी फरहाबा बाबा के सानिध्य में नगर परिषद के फूलसराय में 21 फरवरी से 28 फरवरी तक चलनेवाले आठ दिवसीय श्री श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर 28 जनवरी को भूमि पूजन किया गया। मुख्य यजमान इन्द्र देव राम पत्नी दुलारी देवी एवं शिव नारायण साहू पत्नी बुधनी देवी की मौजूदगी में विधि- पूर्वक पुजारियों द्वारा भूमि पूजन कराया गया।

# रामगढ़ जिले में आदर्श आचार संहिता लागू

## 27 फरवरी को होंगे चुनाव

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** विधानसभा उपचुनाव की घोषणा के साथ ही बुधवार को जिला समाहरणालय में प्रेस वार्ता कर उप विकास आयुक्त नागेंद्र कुमार सिन्हा ने कहा कि पूरे रामगढ़ जिले में आदर्श आचार संहिता लागू हो गयी है। उन्होंने बताया कि 5 जनवरी 2023 को प्रकाशित मतदाता सूची एवं 1 जनवरी 2023 को अहर्ता तिथि मानते हुए नामांकन के आखिरी दिन तक अद्यतन मतदाता सूची में शामिल मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग उपचुनाव के दौरान कर सकेंगे। आयोग की घोषणा के अनुसार उपचुनाव के लिए 31 जनवरी 2023 को गजट नोटिफिकेशन जारी होगा। 27 फरवरी मतदान और 2 मार्च को मतगणना के साथ ही चुनाव की प्रक्रिया 4 मार्च तक पूरी कर ली जायेगी।

**405 मतदान केंद्र :** रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव के लिए कुल


मंचासीन अतिथि।

233 भवनों में 405 मतदान केंद्र बनाये गये हैं। इनमें रामगढ़ के लिए 118, दुलमी के लिए 64, चितरपुर के लिए 70 एवं गोला प्रखंड के लिए 153 मतदान केंद्र होंगे। उपचुनाव के दौरान कुल 334167 मतदाता (172923 पुरुष एवं 161244 महिलाएं) अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

**सुरक्षा की पूरी तैयारी :** वहीं पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे ने कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से उप चुनाव संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। जिले के विभिन्न एंट्री व एग्जिट प्वाइंट पर चेकपोस्ट बनाये जायेंगे एवं दंडाधिकारियों व पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जायेगी वही फ्लाइंग स्क्वायड, एसएसटी आदि के माध्यम से भी चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न कराने का कार्य किया जायेगा। प्रेस वार्ता में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 23 रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र सह अनुमंडल पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, सहायक जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, एसमपीओ सहित अन्य उपस्थित थे।

## वार्ड नं 26 में मनाया गया गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी का जन्मदिन


जन्मदिन मनाते लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** आजसू पार्टी के रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नं 26 कैथा फुटबॉल मैदान में बुधवार को वार्ड कमिटी, बूथ कमिटी, महिला मोर्चा कमिटी और ग्रामीणों ने गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी का जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर आजसू पार्टी के रामगढ़ नगर परिषद कमिटी अध्यक्ष राजेश महतो ने कहा कि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे सूबे में बतौर जन प्रतिनिधि अपने विकास कार्यों से लोगों को लाभान्वित किया है। बतौर अभिभावक उनका आशीर्वाद हम सभी को मिलता रहा है। वही, वार्ड पार्षद देवधारी महतो ने कहा कि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी हर सुख -दुख में आम आवाम के साथ खड़े रहते हैं। वे एक आदर्श राजनेता और कुशल नेतृत्वकर्ता हैं। उपस्थित लोगों ने जन्मदिन के अवसर पर गिरिडीह सांसद के उत्तम स्वास्थ्य और चिरंजीवी होने की कामना किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला संगठन सचिव राजकुमार महतो, लक्ष्मी देवी, कमली देवी, मालती देवी, अंजू देवी, गीता देवी, पायल देवी आदि उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## आमजनों की सेवा के लिए कांग्रेस पार्टी सदैव तत्पर है : विशाल

**लोहरदगा।** युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष विशाल डुंगडुंग के द्वारा राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के मद से लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र में जरूरतमंद ग्रामीणों के बीच कंबल का वितरण किया गया।मौके पर विशाल डुंगडुंग ने कहा कि शीतलहर एवं कनकनी बढ़ने से ग्रामीण परिवेश में रह रहे गरीब, मजदूर,बुजुर्गो को काफी मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के पहल पर कंबल का वितरण विभिन्न क्षेत्रों में किया जा रहा है।

## नामजद युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के सीठियो निवासी स्व सुनेशवर महली की पुत्री हीरामणी कुमारी द्वारा 7/12/22 को चार नामजद किशोर महली जितिन देवी,कृष्णा महली एवं सोनी देवी के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न एवं दुर्व्यवहार का आरोप लगाते हुए न्यायालय से न्याय का गुहार लगया गया था। जिसके आलोक में सेन्हा थाना कांड संख्या 03/23 दर्ज कर नामजद आरोपियों के विरुद्ध पुलिस कारवाई करते हुए किशोर महली को गिरफ्तार कर जेल बुधवार के भेजा गया।

## डीसी ने योजनाओं की समीक्षा की

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में बुधवार को पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल के विभिन्न योजनाओं की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जलजीवन मिशन और स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत जिला में संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई जिसमें हर घर नल योजना में सभी पूर्ण योजनाओं वाले गांवों का सर्टिफिकेशन पूर्ण कराने का निदेश दिया गया।

## नाबालिग को भगाने का आरोपी हिमाचल प्रदेश से गिरफ्तार

**भंडरा।** नाबालिग लड़की को भगाने के आरोपित युवक कृष्णा महली पिता स्व भौवा महली उर्फ देवनाथ महली ग्राम भौरों को भंडरा थाना पुलिस ने हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिला के रेडी गांव से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी युवक को बुधवार को जेल भेज दिया गया। आरोपित कृष्णा को सोमवार की शाम गिरफ्तार किया गया था। जिसे भंडरा थाना लाया गया। बता दें कि 21 नवंबर 2021 की रात भंडरा थाना अंतर्गत भौरों गांव से नाबालिग लड़की को शादी की नीयत से युवक भगा ले गया था। पीड़िता के पिता ने मामला दर्ज कराया था। पुलिस आरोपित को पकड़ने के लिए छापेमारी कर रही थी। इसी बीच पुलिस को पता चला कि आरोपित हिमाचल प्रदेश मे छिपा है। भंडरा पुलिस ने गुप्त तरीके से हिमाचल प्रदेश पुलिस से मिल कर लड़का व लड़की को बरामद कर लिया। थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि गिरफ्तार युवक पर भंडरा थाना कांड संख्या 56/2021 धारा 363,365,366 भादवी के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत मे भेज दिया गया है।

## दोबा गांव में नया ट्रांसफार्मर

**लोहरदगा।** जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू बुधवार को कुडू प्रखंड के दोबा बर टोली में 63 केवी का नया ट्रांसफार्मर का एक सादे समारोह में फीता काटकर उद्घाटन किए। मौके पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए आलोक कुमार साहू ने कहा कि कुछ दिन पूर्व दोबा गांव के ग्रामीण उनसे मुलाकात कर उन्हें बताया था कि विगत 3 माह पूर्व 63 केवी का ट्रांसफार्मर जल गया था जिसके कारण यहां की जनता अंधेरे में रहने को विवश है। जिससे जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है इसलिए शीघ्र नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने की मांग किए थे। श्री साहू ने कहा कि लोहरदगा विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता से बोलकर यहां 63 केवी का नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया। श्री साहू ने ग्रामीणों से आग्रह किया कि गांव में जिनका भी बिजली का बकाया है उनका भुगतान वे समय से करें ताकि विद्युत विभाग भी समय से लोगों को ट्रांसफार्मर उपलब्ध करा सके।

# शिक्षकों का पद सृजित करे सरकार : अघनू

### धरना के बाद डीसी को सौंपा गया मांग पत्र



धरना पर बैठे खड़िया समाज के लोग।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** खड़िया विकास समिति के द्वारा बुधवार को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर कचहरी परिसर में एक दिवसीय धरना दिया गया। धरना के माध्यम से प्राथमिक व उच्च विद्यालय प्लस टू में खड़िया भाषा की पढ़ाई हेतु पद सृजित करने, कर्मचारी प्रोन्नति परीक्षा में खड़िया भाषा को शामिल करने एवं आठवीं अनुसूची में खड़िया भाषा को शामिल करने की मांग रखी गई। मौके पर खड़िया विकास समिति के जिला उपाध्यक्ष अघनू खड़िया ने कहा कि राज्य में खड़िया भाषा की अनदेखी की जा रही है। खड़िया भाषा को शिक्षा से दूर करने की साजिश रची जा रही है। खड़िया भाषा के शिक्षकों की नियुक्ति कॉलेजों व स्कूलों में नहीं होने से बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है। गुमला जिला में खड़िया समाज की जनसंख्या एक लाख है। गुमला के पूर्व भाग के उच्च विद्यालय ढिढौली, पतिया व मुरकुंडा विद्यालय में विद्यार्थी संस्कृत के बदले खड़िया भाषा में परीक्षा लिखते हैं।

जिले के बीस से अधिक विद्यालयों में खड़िया भाषा के विद्यार्थी हैं। लेकिन शिक्षकों के अभाव में ऐसी विद्यार्थी खड़िया भाषा नहीं पढ़ पाते हैं। पूर्व के सरकार के द्वारा हाई स्कूल में जनजातीय व क्षेत्रीय भाषा की पढ़ाई के लिए शिक्षकों की नियुक्ति की गई थी परंतु गुमला जिला में खड़िया भाषा के लिए एक भी शिक्षक का पोस्ट नहीं दिया गया है।

### चैनपुर में रौतिया समाज ने भू-माफिया का किया पुतला दहन

# भू-माफिया को दी सेंदरा करने की चेतावनी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय में रौतिया समाज के सैकड़ों लोगों ने चैनपुर के भू माफियाओं के खिलाफ जुलुस निकाल व पुतला दहन कर आक्रोश पूर्ण प्रदर्शन किया। भू माफियाओं के खिलाफ आक्रोशित रौतिया समाज के लोग रौतिया बस्ती से जुलूस की शक्ल में चैनपुर के विभिन्न मार्गो से होते हुए बस स्टैंड पहुंचे। जहां भू माफियाओं का पुतला दहन किया गया। साथ ही जमकर भू माफियाओं के खिलाफ नारेबाजी की गई। भू माफिया मुदार्बाद रौतिया समाज के लोगों का जमीन को वापस करना होगा, नहीं सुधरने पर जमीन माफिया व दलालों का सेंदरा होगा, सीओ साहब होश में आओ अनुमंडल पदाधिकारी होश में आओ चैनपुर कर्मचारी होश में आओ जैसे नारे लगा रहे थे। रौतिया समाज के अध्यक्ष राजेशरण भगत ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भोले भाले रौतिया समाज के लोगों का जमीन को माफियाओं के द्वारा अंचल कर्मियों से मिलीभगत कर फर्जी तरीके से



पुतला दहन करते रौतिया समाज के लोग।

रजिस्ट्री कर मोटेसन कर लिया जा रहा है। फिलहाल के दिनों में रामप्रसाद रौतिया का 3 एकड़ जमीन को फर्जी तरीके से लिखा लिया गया।

चैनपुर के छतरपुर निवासी महिनाथ रौतिया की इसी वजह से सदमे में मौत हो गई। जिससे रौतिया समाज भड़क उठा और माफियाओं के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। श्री भगत ने कहा कि जब तक माफियाओं के खिलाफ प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं करता है तब तक हमारा आंदोलन जारी रहेगा। इस मामले पर रामप्रसाद रौतिया ने कहा कि मेरा 3 एकड़ जमीन को दूर के एक रिश्तेदार तहनु रौतिया से जमीन की रजिस्ट्री करा ली गई है। इस खेल में चैनपुर के सक्रिय भूमाफिया रितेश गुप्ता, विनोद जयसवाल, संतोष सिंह, ओमप्रकाश सिंह, लव जायसवाल का नाम शामिल है। ज्ञात हो कि 1 दिन पूर्व भू माफियाओं के खिलाफ रौतिया समाज के द्वरा सड़क जाम कर भू माफियाओं के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया गया था। बावजूद प्रशासन की आंख खुलता नहीं दिखा।

जिसके कारण भू माफियाओं का पुतला दहन किया गया। इधर इस मामले पर फर्जी नाम चढ़ा जमीन की रजिस्ट्री करने वाले तहनु रौतिया से पूछे जाने पर कहा कि मुझे किसी भी तरीके का कोई जानकारी नहीं है। इस अवसर पर काफी संख्या में रौतिया समाज के लोग शामिल थे।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में राजस्व संबंधित जिला स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न

# राजस्व संग्रहण के लक्ष्य को करें पूरा, कोताही बर्दाश्त नहीं होगी : उपायुक्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में राजस्व संग्रहण से सम्बंधित कार्यों की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से राजस्व, नीलामपत्र वाद एवं दाखिल-खारिज के लंबित मामलों से सम्बंधित किये जा रहे कार्यों के सम्बंध में विस्तृत चर्चा की गयी। जिसमें मुख्य रूप से उत्पाद विभाग मत्स्य विभाग, परिवहन विभाग,खनन विभाग, निबंधन विभाग, नगर परिषद, विद्युत विभाग तथा अंचलवार राजस्व वसूली, ऑनलाईन दाखिल खारिज मामलों, अवैध जमाबंदी सहित अन्यान्य विषयों पर बिंदुवार समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान उपायुक्त द्वारा राजस्व संग्रहण सहित अन्य संबंधित मामलों के विस्तार पूर्वक जानकारी लेते हुए संबंधित मामलों पर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साथ ही मासिक राजस्व वसूली की समीक्षा की गयी। जिसमें उन्होंने निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण



बैठक में शामिल उपायुक्त व अन्य अधिकारी।

करने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त ने ऑनलाईन दाखिल खारिज मामलों की समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में उन्होंने लंबित दाखिल खारिज मामलों को निष्पादित करने का निर्देश दिया। साथ ही अवैध जमाबंदी संबंधित मामलों की समीक्षा के क्रम मे अंचल अधिकारियों दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि राजस्व संग्रहण का कार्य बहुत ही महत्वपूर्ण है। इसमें किसी भी तरह की कोताही नहीं होनी चाहिए। इसके साथ ही अतिरिक्त भू- अर्जन के लंबित मामले के निष्पादन का निर्देश दिया गया। साथ हीं उन्होंने सभी सम्बन्धित पदाधिकारीयों व अंचल अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने स्तर से भी सारे कार्यो को निरीक्षण करे ताकि सारे कार्यो की प्रगति सही से एवं समय पर हो सके।

## ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि के संस्थापक का मनाया गया 54वां पुण्य स्मृति दिवस

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के संस्थापक ब्रह्मा बाबा के 54 वां पुण्य स्मृति दिवस बुधवार को मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधीक्षक मोहम्मद वसीम अहमद तथा विशिष्ट अतिथि जिला उपभोक्ता फोरम के न्यायाधीश ओमप्रकाश पांडे, ब्रम्हाकुमारीज संस्थान की संचालिका शांति दीदी के द्वारा शांति स्तम्भ पर पुष्पांजलि अर्पित कर विश्व शांति दिवस मनाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शांति दीदी ने कहा कि प्रकृति का



पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथि।

शाश्वत नियम है रात के बाद दिन और दिन के बाद रात आने का। ठीक उसी तरह जब जब मानव अपने धर्म कर्म मयार्दाओं से घिर जाता है तब तक कोई ना कोई प्रकाश की किरण ऊपर से नीचे उतरती है जो जीवन को यथार्थ मार्ग दिखा जाती है।

### प्रधानमंत्री चाहते हैं युवाओं को ऐसा तैयार करें जिससे वे आत्मनिर्भर बनें : चंद्रशेखर

# क्षेत्र में बही विकास की गंगा : अर्जुन मुंडा

**गुमला।** केंद्रीय कौशल विकास राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि प्रधानमंत्री स्कील योजना जब 2016 में शुरू हुआ तो प्रधानमंत्री की सोच थी कि युवाओं को ऐसा तैयार किया जाये के वे आत्मनिर्भर बन सके। आत्मनिर्भरता का यह मार्ग गांव से चलकर भारत को आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग करे। श्री चंद्रशेखर बुधवार को विकास भारती विशुनपुर के द्वारा आयोजित संसदीय संकुल ग्राम उद्यमी परियोजना के प्रशिक्षित जनजातीय प्रशिक्षणार्थियों के बीच प्रमाण पत्र वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय मंत्री जनजातीय मामले भारत सरकार श्री



उद्घाटन करते केंद्रीय मंत्री, केंद्रीय राज्य मंत्री, अशोक भगत व अन्य, प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान करने के बाद उनके साथ अतिथि।

अर्जुन मुंडा ने कहा कि विकास भारती के 40 वर्षो के अथक प्रयास के बाद इस क्षेत्र में विकास की जो धारा बही है वह इस राज्य के लिए एक उदाहरण है। उन्होंने कहा कि आईटी के माध्यम से जो बदलाव आजादी के बाद हुआ है वह काफी सराहनीय है।

# मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर में अर्जुन मुंडा ने की पूजा-अर्चना



पूजा-अर्चना करते अर्जुन मुंडा।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल विकास और उद्यमिता प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार राजीव चंद्रशेखर, क्षेत्रीय सांसद सुदर्शन भगत बुधवार को विकास भारती, बिशुनपुर में आयोजित राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति मोर्चा की पहल से स्किल इंडिया मिशन एवं संसदीय संकुल विकाश परियोजना के बैनर तले आयोजित ग्रामीण उद्यमी प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरण समारोह में शामिल होने के लिए जाने के क्रम में शहरी क्षेत्र के बरवा टोली स्थित मनोकामना सिद्धि दुर्गा मन्दिर में रुक कर मां दुर्गा का दर्शन किया। साथ ही भाजपा कार्यकताओं से मुलाकात की। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उराँव के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता और मंदिर समिति के सदस्यों के द्वारा गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। स्वागत के पश्चात पूर्व मुख्यमंत्री, केंद्रीय राज्य मंत्री व क्षेत्रीय सासंद ने मनोकामना सिद्ध मंदिर माता दुर्गा के समीप जा कर पूजा अर्चना की और साथ ही मीडिया के द्वारा पूछे गए सवालों पर अर्जुन मुंडा ने कहा कि जिले में भव्य मंदिर में मां की प्रतिमा स्थापित हुई है। साथ ही मां का दर्शन का अवसर प्राप्त हुआ। उन्होंने स्थानीय नीति को लेकर कहा कि सरकार इसे लेकर राजनीति कर रही है। सरकार यदि झारखंड का नेतृत्व कर रहा तो सभी नागरिकों के बारे में सोचते हुए क्या बेहतर हो सकता है राजनीति से परे और एडमिनिस्ट्रेशन के दृष्टिकोण से देखना चाहिए।

## जय श्रीराम समिति ने किया दही-चूड़ा कार्यक्रम का आयोजन

### समिति के नवनिर्वाचित नगर अध्यक्ष बने दीपक साहू

**लोहरदगा।** जय श्री राम समिति के द्वारा मकर सक्रांति के अवसर पर पावरगंज स्थित दुर्गा बाड़ी मंदिर प्रांगण में पूर्व विधायक व समिति के मुख्य संरक्षक रमेश उरांव की अध्यक्षता में दही चूड़ा, तिलकुट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य संरक्षक रमेश उरांव संरक्षक सुषमा सिंह,उदय शेखर ,बृज बिहारी प्रसाद,अमरेश भारती, राजेश महतो,कपिंद्र महतो,रोहित साहू,रमेश विश्वकर्मा,अजय सोनी ने अपने अपने विचार दिए ,तत्पश्चात जिला अध्यक्ष राजीव रंजन के द्वारा नगर अध्यक्ष की घोषणा की गई। नवनिर्वाचित नगर अध्यक्ष दीपक साहू को मुख्य संरक्षक रमेश उरांव एवं जिला अध्यक्ष राजीव रंजन के द्वारा माला पहनाकर स्वागत किया गया तत्पश्चात चूड़ा तिलकुट गुड़ दही का भोग लगाकर सभी के बीच दिया गया ।मौके पर मुख्य संरक्षक रमेश उरांव ने कहा इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी सनातन धर्मलंबियो को एक जुट करने का प्रयास समिति कर रही है जिससे लोगों के बीच में मिठास बढ़े। नवनिर्वाचित अध्यक्ष दीपक साहू ने कहा समिति के



दही-चूड़ा कार्यक्रम में मौजूद लोग।

संरक्षक पदाधिकारी एवं सदस्यगण का आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने मुझे इस लायक समझा मैं जल्द पूरे नगर क्षेत्र में कमेटी का विस्तार करने का प्रयास करूंगा। मौके पर सिद्धनाथ प्रसाद,मदन प्रसाद साहू, दिलीप पटनायक, डा0 ओम प्रकाश,विजय सिंह, सत्यकाम महतो,राहुल कौशल, वार्ड पार्षद कमला देवी, जिला उपाध्यक्ष व वार्ड पार्षद अनिल उरांव वार्ड पार्षद संगीता देवी संजू महतो,रामखेलावन गुप्ता, बीगन महतो,रमेश राय, कार्यकारी अध्यक्ष दयाशंकर सिंह,ओम महतो जिला महामंत्री अजय साहू जिला उपाध्यक्ष नितेश जयसवाल प्रदीप साहू विक्की कसेरा जिला कोषाध्यक्ष सुनील अग्रवाल सह कोषाध्यक्ष विनोद प्रसाद जिला मंत्री राम कुमार साहू,अवधेश मिश्रा, महिला जिला अध्यक्ष इंदिरा प्रधान, रेशमी देवी, बिंदिया देवी, रेणु देवी, प्रभादेवी, गौरी देवी, बबीता देवी, सुनीता देवी,अंगद महतो, विक्रम दास, प्रिंस सिंह, बिक्की महतो, नकलेश प्रजापति, बजरंग करुवा, अशोक रजक, नंदलाल महतो, जितेंद्र साहू,आदित्य साहू, संतोष साहू प्रदीप कसेरा,चंदन महतो, रामवृष महतो,संजय पासवान, करण गुड्डू, प्रकाश साहू, सचिन महतो, मुकेश यादव, चंदन कुमार समेत सैकड़ों महिला पुरुष मौजूद थे।

एक नजर में

## भ्रष्टाचार की मुख्यमंत्री से करेंगे शिकायत : मोजम्मिल

**लोहरदगा।** एसवीएस क्लस्टर की लगभग 14 करोड़ की योजना में एजेंसी चयन को लेकर हुई गड़बड़ को झारखंड मुक्ति मोर्चा ने गंभीरता से लिया है। इस मामले में निर्माणकारी एजेंसी के साथ-साथ संबंधित विभाग के खिलाफ जांच को लेकर जेएमएम लोहरदगा उपायुक्त और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर शिकायत करेगा। झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद और 20 सूत्री सदस्य अनिल उरांव का कहना है कि संवेदकों द्वारा काम लेने को लेकर जो कागजात समर्पित किए गए हैं, उसमें गड़बड़ी की शिकायत मिली है। इसके अलावा इस योजना में शामिल संवेदकों ने पहले भी पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल परिसर में क्रियान्वित योजना में गलत कागजात समर्पित कर काम ले लिया था।

## सरस्वती यात्रा के तहत बैंक गयीं छात्राएं

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर +2 विद्यालय की बहनों की एक 20 सदस्यों की टोली को बुधवार को बैंकिंग व्यवस्था से अवगत कराया गया। बालिका विकास विभाग की प्रमुख ऋद्धि मिश्रा की अगुवाई में छात्राओं ने इंडियन ओवरसीज बैंक कि लोहरदगा शाखा का भ्रमण किया। बालिका शिक्षा विभाग के कार्यक्रम सरस्वती यात्रा के अंतर्गत छात्राओं को बैंक ले जाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य उत्तम मुखर्जी और शाखा प्रबंधक मिथुन साहू द्वारा किया गया । 20 की संख्या में छात्राओं की इस टोली को इंडियन ओवरसीज बैंक की विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराया गया।

## बिजली चोरी के खिलाफ चलाया गया अभियान

**गुमला।** बिजली चोरी के खिलाफ बुधवार को शहर के सिसई रोड में छापामारी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान 6 लोगों को विद्युत चोरी करते पकड़ा गया। जिनपर जुर्माना लगाया गया और गुमला थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गई। सबसे पहले डुमर टोली निवासी ललित तिर्की के यहां छापामारा गया। जहां पाया गया कि घरेलू क्नेक्शन से ही दुकान में बाईपास कर बिजली जलाया जा रहा है। जहां तार आदि जब्त कर उसपर जुर्माना लगाया गया। इसी तरह डुमरटोली के ही सूरज मिंज, अंजेर टेटे व आनंद मिंज के यहां छापामारी की गई तो बिजली चोरी करते पकड़े गये। वहीं सिसई रोड में ओम प्रकाश गुप्ता व विनोद कुमार गुप्ता के यहां भी छापामारी की गई तो बिजली चोरी करते पकड़ा गया। छापामारी अभियान में कनीय अभियंता कृष्णा कुमार, कनीय अभियंता राकेश कुमार महतो सहित कई कर्मचारी शामिल थे।

## देश में अमन व शांति के लिए अजमेर भेजे जाने वाले चादर को शहर में घुमाया गया

**गुमला।** देश में अमन और शांति की दुआ के लिए अंजुमन इस्लामिया गुमला के बैनर तले अजमेर शरीफ भेजे जाने वाले चादर को पूरे गुमला शहर में घूमाया गया। जिसमें हर धर्म और समुदाय के अकीदतमंदों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरूआत गौसिया मोती मस्जिद बाजार टांड़ गुमला के पास चादर शरीफ की फातिहा ख्वानी जामा मस्जिद के इमाम इनामुल कादरी रब्बानी,गौसिया मोती मस्जिद के इमाम हाफिज जाहिद रजवी और मदरसा कादरिया रिजविया के मुदर्रिस हाफिज सरफराज ने संयुक्त रूप से किया।

## भाजपाइयों ने केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर व अर्जुन मुंडा का किया जोरदार स्वागत

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड मुख्यालय के चांदनी चौक में बुधवार को केंद्रीय राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा का बिशुनपुर जाने के क्रम में घाघरा के भाजपाइयों ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद के नारे लगाये गये। इस क्रम में भाजपाइयों ने दोनों केंद्रीय मंत्रियों को बुके देकर व माला पहनाकर स्वागत किया। दोनों केंद्रीय मंत्रियों ने शहीद देवनारायण भगत की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद समीर उरांव, पूर्व विधायक शिव शंकर उरांव, भाजयुमो अध्यक्ष आशीष कुमार सोनी, पप्पू गुप्ता, श्याम किशोर पाठक, संजय सिंह सहित कई भाजपाई उपस्थित थे।

## साफ-सफाई से बीमारी की जंग जीती जा सकती है : हेमंत

**गुमला।** सांता पब्लिक स्कूल शास्त्री नगर डैम साइट गुमला के स्कूली बच्चों द्वारा बुधवार को साफ सफाई को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई। यह रैली शास्त्री नगर व करमटोली वार्ड में भ्रमण किया। मौके पर स्कूल के डाइरेक्टर हेमंत कुमार ने कहा आज गंदगी से कई प्रकार के बीमारी फैल रही है। हमें निर्णय लेने है की शौचालय का प्रयोग करके अपने देश को खुशियाँ से भर दें। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने आस पास गंदगी नहीं फैलायें। सरकारी नालियों पर कुड़ा कर्कट न डाले। यह सरकार का नहीं यह हमारी सम्पति है। साथ ही खान पान पर भी लोग ध्यान दें। सफाई से ही वीमारी की जंग को जीत सकते हैं।

## 9 सूत्री मांग को लेकर दफादार-चौकीदार पंचायत शाखा गुमला ने दिया धरना

**गुमला।** झारखंड राज्य दफादार- चौकीदार पंचायत शाखा गुमला जिला कमिटी द्वारा 9 सूत्री मांगों को लेकर बुधवार को कचहरी परिसर में एक दिवसीय धरना- प्रदर्शन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष श्री किशोर कुमार महली ने की। धरना-प्रदर्शन में बतौर मुख्य वक्ता झारखंड राज्य दफादार- चौकीदार पंचायत के राज्याध्यक्ष श्री कृष्ण दयाल सिंह शामिल हुए। धरना के बाद 9 सूत्री मांग-पत्र उपायुक्त को सौंपा गया और मांगों पर तत्काल कार्रवाई करने की मांग की गई।

## चंदावल में शिविर का किया गया आयोजन

**डुमरी।** सामुदायिक पुलिसिंग के तहत बुधवार को डुमरी प्रखंड के सुदूरवर्ती गांव चंदावल में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पुलिस अधीक्षक डॉ एहतेशाम वकारिब शिविर में शामिल हुए। शिविर में पुलिस अधीक्षक ने कोरबा व असुर जनजाति के लोगों से मुलाकात की और उनकी परेशानियों के बारे में जानने का प्रयास किया और पुलिसिंग स्तर से हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया। साथ ही ग्रामीणों के बीच साड़ी, धोती, कंबल का वितरण एसपी ने किया। वहीं बच्चों के लिए स्कूल बैग, फुटबॉल खेलने वाले नवयुवकों के लिए फुटबॉल किट आदि का वितरण किया गया। शिविर में डॉक्टरों की टीम द्वारा मेडिकल कैंप भी लगाया गया। जिसमें पुलिस अधीक्षक ने स्वयं मरीजों की जांच की।

## खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने चलाया छापामारी अभियान

**गुमला।** खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी के लव कुमार के द्वारा बुधवार का सिसई प्रखंड के दुकानों में छापामारी अभियान चलाया गया। निरीक्षण के क्रम में करीब 10 दुकानों एवं होटलों में नकली सॉस प्रयोग करते पाया गया। जिन्हें जब्त किया गया एवं सभी दुकानदारों के विरुद्ध एफएसएसएआई 2006 के तहत करवाई की जायेगी। नकली सॉस प्रयोग नहीं करने की चेतावनी दी गई। साथ ही प्रतिबंधित पान मसाला भी जब्त किया गया। जिनका एफएसएसएआई का लाइसेंस नहीं है वे सभी छोटे बड़े खाद्य संचालक दिनांक 20 जनवरी को सिसई प्रखंड परिसर में कैंप में आकर निबंधन कराने का निर्देश दिया गया। सभी दुकान एवं होटल संचालक को साफ सफाई रखने, इंडस्ट्रियल रंग प्रयोग नही करने, नकली सॉस का प्रयोग नही करने संबंधी चेतावनी दी गई। ऐसा नही करने पर फूड सेफ्टी एक्ट 2006 के तहत करवाई की जायेगी। निरीक्षण में श्री लव कुमार, खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, गुमला एवं सुमित केशरी, अनुमंडल कर्मी शामिल थे।

## कांग्रेस की बैठक आज

**गुमला।** जिला कांग्रेस कमेटी गुमला का विस्तारित कार्यसमिति की बैठक 19 जनवरी को परिसदन भवन गुमला में रखा गया है। इस बैठक में जिला प्रभारी माननीय मंत्री डॉ रामेश्वर उरॉव ,कार्यकारी अध्यक्ष सह जिला प्रभारी श्री बंधु तिर्की, जिला प्रभारी विधायक श्री रामचंद्र सिंह, पीसीसी सह जिला प्रभारी श्री अजय नाथ शहदेव, तथा विधानसभा प्रभारी श्री पीटर मुंडु, श्री अनूप केसरी, श्री जगदीप भगत उपस्थित रहेंगे।

स्पीड न्यूज

## कतरास स्टेशन की बदलेगी सूरत

**धनबाद।** धनबाद रेल मंडल के 15 स्टेशनो की सूरत बदलने वाली है। अमृत भारत स्टेशन स्कीम के तहत चयनित इन स्टेशनो पर विकास की गंगा बहाने की तैयारी है। धनबाद डिविजन के गोमो और कतरास के अलावा अन्य स्टेशनो का चयन किया गया है। 15 फरवरी तक मास्टर प्लान बनाकर इन स्टेशनो को चमकाने का टास्क दिया गया है। रेल्वे बोर्ड के आदेश पर देश के सभी 68 रेल मंडलो मे 15-15 स्टेशनो पर अमृत भारत स्टेशन स्कीम के तहत यात्री सुविधा बढाने की योजना है। सूची मे कतरास और गोमो के अलावा गढवा रोड, डाल्टनगंज, कोडरमा, पारसनाथ, लातेहार, पहाडपुर, हजारीबाग रोड,चोपन, रेणुकूट, नगर उटारी, गढवा टाउन, बरकाकाना और चंद्रपुरा शामिल है। हर स्टेशन पर 10 से 15 करोड रुपए खर्च किए जाएगे। इसके लिए सभी रेल मंडलो को अतिरिक्त फंड दिया जाएगा।

## कारखाना में मजदूर का पैर कन्वेयर बेल्ट में फंसा

**सिंदरी।** प्रधानमंत्री की ड्रीम प्रोजेक्ट हर्ल खाद कारखाना सिन्दरी में पश्चिम बंगाल निवासी एक मजदूर की कन्वेयर बेल्ट में पैर फँसने की दुर्घटना की खबर की पुष्टि हर्ल प्रबंधन ने की है। हर्ल सिन्दरी के सिनियर वाइस प्रेसिडेंट दिप्तेन राय ने बताया कि ठेकाकर्मी पारितोष बनर्जी का पैर बुधवार की शाम लगभग साढ़े चार बजे कन्वेयर बेल्ट में फँसने की खबर आई है। फिलहाल उक्त मजदूर को तत्काल में धनबाद स्थित एशियन जालान अस्पताल भेजा गया है। चिकित्सकों की टीम दुर्घटनाग्रस्त युवक का इलाज कर रही है। उक्त श्रमिक हर्ल के श्रमिक कैंप में रह रहा था। समाचार लिखे जाने तक युवक का इलाज उक्त अस्पताल में चल रहा था।

## नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन



**बेरमो।** सीसीएल ढोरी क्षेत्र के अंतर्गत केंद्रीय अस्पताल ढोरी के सौजन्य से एनसीआरएपी के तहत नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन राजाबेडा पंचायत भवन में किया गया। शिविर में 108 लोगों को डां डॉक्टर श्वेता शरण ने इलाज कर दवा दिया। डॉ. श्वेता शरण ने उपस्थित ग्रामीणों से कहा कि इस मौसम में हमेशा गर्म कपड़े और पानी का सेवन करें। ठंड से बचने की हमेशा प्रयास करें। शिविर को संचालन करने में चीफ फार्मासिस्ट आर के प्रताप, फार्मासिस्ट चंद्रकांत प्रसाद,आया सावित्री देवी, वार्ड बॉय गणेश तुरी, हेल्पर मोहम्मद अफरोज आलम का सराहनीय योगदान रहा।

## जरूरतमंदों के बीच बंटा कंबल

**बेरमो/ कथारा।** सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र सिर्फ कोयला ही उत्पादन नही करती बल्कि अपनी समाजीक दायित्व का निर्वाह भी समय समय करती है उपरोक्त बाते सीएसआर अधिकारी एस चंदन ने बुधवार को कम्बल वितरण के दौरान मिडिया से कही। कहा कि जब ठंड ने दस्तक दी है जब से लगातार सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र द्वारा गरिबो और जरुरतमंदों के बीच ठंड से बचाव के लिए कम्बल का वितरण किया जा रहा है। इस मौके पर कम्बल प्राप्त करने वालो के अलावे पंचायत के दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## टुंडी विधायक ने मेडिकल स्टोर का किया उद्घाटन



**गोमो।** टुंडी के लोकप्रिय विधायक सह सत्तारूढ़ दल के सचेतक माननीय मथुरा प्रसाद महतो ने तांतरी पंचायत के चिरुडीह में महावीर झारखंडी मेडिकल स्टोर का उद्घाटन फीता कटकर किया। इस दौरान विधायक जी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह के दवा दुकान खुलने से ग्रामीणों को काफी सस्ती और बेहतर दवाएं मिलेंगी। इस मौके पर मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि जगदीश चौधरी, परितोष महतो, लालचंद महतो, नवल किशोर केवट, बसंत महतो, दुर्गा प्रसाद महतो व अन्य मौजूद थे।

# सरकार के खिलाफ भाजपा ने खोला मोर्चा

### धनबाद-झरिया में बिगड़ती विधि व्यवस्था व भ्रष्टाचार को ले राज्य सरकार पर साधा निशाना

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** बुधवार को धनबाद-झरिया में बिगड़ती विधि व्यवस्था को लेकर भारतीय जनता पार्टी महिला नेत्री रागिनी सिंह ने प्रेसवार्ता कर वर्तमान सरकार पर जम कर निशाना साधा है। साथ ही जिले में हो रही भ्रष्टाचार के खिलाफ झरिया विधायक पुर्णिमा नीरज सिंह पर जम कर भड़ास निकालते हुए कहा की आठ जनवरी को वर्तमान झरिया विधायक के देवर एकलव्य सिंह के द्वारा सोनू सिंह को हत्या करने के उद्देश्य से गोली मारी गई थी। नगर निगम में टेंडर डालने पहुंचे बाहर के तीन कंपनीयों के प्रतिनिधियो को रघुकुल के गुर्गों के द्वारा बंधक बनाया गया था। यहां तक भौंरा के ए. जे. महाप्रबंधक पर हमला, सेना के जवान और उनके महिला परिजनों के साथ मारपीट छेड़खानी रघुकुल के गुर्गों के द्वारा किया गया। साथ ही झरिया क्षेत्र में कोयला, लोहा चोरी के साथ-साथ पीडीएस के चावलों की कालाबाजारी जारी है। वहीं रागिनी सिंह ने आगे कहा की जब से सत्ता परिवर्तन हुआ है तब से पुलिस प्रशासन बिकाऊ हो चुकी है। प्रशासन की मिली भगत से झरिया समेत पुरे क्षेत्र में कोयला लोहा बालु की लुट हो रही है। आवाज उठाने वालों पर रघुकुल के गुर्गों द्वारा जान लेवा हमला होना आम बात हो गई है। भारतीय जनता पार्टी इसे कभी भी बर्दास्त नहीं करेगी। यहां तक नामजद प्राथमिकी दर्ज होने के बावजुद आरोपी पर पुलिस प्रशासन का सह रघुकुल को हासिल है। सिंदरी डीएसपी से लेकर झरिया के थानेदार भी झरिया विधायक के इशारे पर काम कर रही है। यदि वर्तमान सरकार इस पर जल्दी पहल नहीं करती तो भारतीय जनता पार्टी उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगी। आज की प्रेस वार्ता में भाजपा जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह, रमेश राही, मानस प्रसून, संजय झा, मिल्टन पार्थसारथी भाजपा महिला मोर्चा की सदस्याएं समेत जिले के सभी प्रखंडों के भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहें।



प्रेसवार्ता करतीं भारतीय जनता पार्टी की नेत्री रागिनी सिंह व अन्य।

## पेड़ से लटकता मिला युवक का शव



**गोमो।** गोमो में उस समय सनसनी फैल गई जब ग्रामीणों ने बुधवार की सुबह जंगल में पेड़ की डाली से लटकता एक युवक का शव देखा। शव मिलने की सूचना पर काफी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। मामला तोपचांची थाना क्षेत्र अंतर्गत पंडित नेहरू मेमोरियल कॉलेज का है। शव की पहचान उसके पॉकेट से मिले आधारकार्ड के आधार पर ध्वजाटांड़ निवासी सुरेश मांझी के रूप में की गई है। पुलिस मौके पर पहुंच कागजी कार्रवाई के बाद शव को पोस्मार्टम के लिए धनबाद भेज दिया है। फिलहाल पुलिस आत्महत्या या

## झूठ की बुनियाद पर टीका रागिनी की राजनीति : कांग्रेस


खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया।** विधानसभा युवा कांग्रेस के महासचीव रवि सिंह ने झरिया भाजपा नेत्री श्रीमती रागिनी सिंह जी के द्वारा सैकड़ों लोगों को कांग्रेस पार्टी छोड़ भाजपा में शामिल कराने वाले प्रकरण को हाश्यपद बताते हुए अपना बयान जारी किया है। रवि सिंह जी ने कहा की जिस चंदन सिन्हा के नेतृत में उन्होंने कांग्रेस पार्टी छोड़ भाजपा में शामिल कराई है अगर उनका या सैकड़ों में किसी एक का भी कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्य की रशीद दिखा दे तो आजीवन रागिनी सिंह जी की चौकीदारी करूंगा। झरिया विधायक आदरणीय पुर्णिमा नीरज सिंह जी की लोकप्रियता से घबरा कर भाड़े के लोगो को सदस्यता दिलवा रही है। कांग्रेस पार्टी का एक एक कार्यकर्ता संघर्ष की उपज है 15वर्षो के गड्ढे की भराई आदरणीय पूर्णिमा नीरज सिंह जी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी का एक एक कार्यकर्ता कर रहा है। भाजपा सस्ती लोकप्रियता छोड़ दे। जानता सब जानती है।



रवि सिंह

## बड्स गार्डन स्कूल में नि:शुल्क मेडिकल कैंप का हुआ आयोजन



**राजगंज।** बुधवार को आरोग्य भारती महिला आयाम द्वारा बड्स गार्डन स्कूल दलूडीह,राजगंज परिसर में एक निःशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया था जिसमें विद्यालय के लगभग 700 छात्र छात्राओं ने अपने दांतो का चेकअप करवाया। बड्स गार्डन स्कूल में आयोजित की निःशुल्क मेडिकल कैंप में धनबाद के जाने-माने सुप्रसिद्ध दंत चिकित्सक डॉक्टर राजीव रंजन एवं डॉक्टर श्रीमती बिम्मी द्वारा बच्चों का दांतो का मशीनों की सहायता से जांच किया गया एवं उनके द्वारा दवाई आदि भी निशुल्क वितरण किया गया। आरोग्य भारतीय महिला आयाम की ओर से जिला की अध्यक्ष श्रीमती ममता सिंह, जिला सचिव मनमोहन सहाय, स्वस्थ ग्राम प्रमुख श्रीमती संगीता शर्मा के अलावे श्रीअंजलि प्रसाद एवं कौशल्या जी भी उपस्थित थी, जबकि दंत चिकित्सा विभाग की ओर से अजय कुमार, रोहित कुमार, अशोक कुमार, अमित कुमार आदि ने भी बच्चों की जांच में सहायक के रूप में काम कर रहे थे इसके पूर्व स्कूल के द्वारा बच्चों के अभिभावकों को पूर्व में ही निशुल्क शिविर की जानकारी दी गई। स्कूल के बच्चों ने ध्यान पूर्वक चिकित्सक की बातें सुनी और भविष्य में उनकी बातों पर अमल करने का भी विश्वास दिलाया।

# झरिया में जलापूर्ति व बिजली की समस्या होगी खत्म : पूर्णिमा

### झमाडा को मिला 6 करोड़, विद्युत विभाग का होगा भुगतान

खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया।** झरिया कोयलांचल में जलापूर्ति समस्या में बाधा हुआ दुर। झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह के प्रयास से झमाडा प्रबंधन को धनबाद उपायुक्त ने जारी की छः करोड़ रुपये।

विदित हो कि विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने नियमित विद्युत आपूर्ति हेतु उपयुक्त धनबाद से बात की थी। जिसमे विद्युत विभाग को बकाया राशि का भुगतान हेतु जमाडा को निर्देशित किया गया था। विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह के पहल पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु बिजली विभाग को बकाया विद्युत विपत्र के विरुद्ध 6 करोड़ रुपए का भुगतान की कारवाई जमाडा द्वारा की जा रही है। जिसके तहत जामाडोबा प्लांट का बकाया राशि 4 करोड़, कुसुंडा 1.5 करोड़ तथा मुख्यालय का 50 लाख का विद्युत बिल का भुगतान होना है। इसे लेकर विधायक प्रतिनिधि केडी पांडेय, सूरज सिंह ने कहाकि विद्युत विभाग के द्वारा नियमित विद्युत आपूर्ति झमाडा कारण नहीं किया जाता था। जिस कारण जलापूर्ति में समस्या उत्पन्न हो रहा। विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह के प्रयास से झमाडा का बकाया बिजली विभाग का 6 करोड़ रुपये भुगतान करने को मिला। जिससे पेयजल समस्या दुर हो जायेगा।



**झमाडा ने मांगा अलग फीडर**

साथ ही बैठक में बताया गया कि दामोदर हेड वर्क्स जामाडोबा स्थित फिल्टर प्लांट को निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु एक अलग फीडर की व्यवस्था हेतु झमाडा द्वारा विद्युत कार्यपालक अभियंता झरिया को पत्राचार किया गया है। अलग फीडर के संयोजन का खर्च का वहन जमाडा प्रबंधन द्वारा किया जायेगा। अलग फीटर से विद्युत आपूर्ति बहाल होने पर जामाडोबा जल संयंत्र को नियमित विद्युत आपूर्ति होगी तथा जलापूर्ति के समस्या का निदान होगा।

## बस्ताकोला गोशाला में राधा कृष्ण प्राण प्रतिष्ठा संपन्न



**झरिया।** श्री झरिया धनबाद गौशाला बस्ताकोला के नवनिर्मित मंदिर में स्थापित श्री राधा कृष्ण भगवान के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा का तीसरे दिन बुधवार को प्रातः 9:00 प्राण प्रतिष्ठा विद्वान पंडित पंडित पवन चौबे, बदरीनाथ पांडे, रवि कांत पांडे, दीपक पांडे, धर्मेंद्र वेद द्वारा पूजा कराई गई प्राण प्रतिष्ठा के मुख्य यजमान नीरज कथुरिया है। भजनों प्रांत आरती कर तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का समापन हुआ

गौशाला कमेटी के महेंद्र कुमार अग्रवाला, मुरलीधर पोद्दार, द्वारका प्रसाद गोयनका, कैलाश चौधरी, सत्यनारायण भोजगढ़िया, अनिल खेमका, शारदा नंद सिंह, शिवकुमार खेमका, प्रकाश शर्मा, जगदीश तुलसियान,अशोक, संजय सिंघल, नवीन कटेसरिया, उदय शंकर राय अनिल खरकिया,सतीश अग्रवाल, बबीता पोद्दार रेवा रिटोलीया आदि कमेटी के सदस्य कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय रहे।

## मोटरसाइकिल सवार ने मारी टक्कर, मौत

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा थाना अंतर्गत शहीद चौक के पास तेज रफ्तार से आ रहे मोटरसाइकिल सवार ने मां कल्याणेश्वरी मिष्ठान भंडार चिरकुंडा के संचालक 63 वर्षिय राजेन्द्र कुमार मोदी को जोरदार टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। अस्पताल में उनकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार राजेन्द्र मौदी अपना मिठाई दुकान बंद कर घर जा रहे थे। इसी बीच सोमवार को मोटरसाइकिल सवार ने जोरदार टक्कर मारी जिससे राजेन्द्र मोदी टक्कर से दूर फेंका गए तथा उनके पैर व सर मे गंभीर चोटे आई आनन फानन मे चिरकुंडा पुलिस मौके पर पहुंची तथा उन्हे विवेकानंद अस्पताल दुगार्पुर ले जाया गया जहां इलाज के दौरान मंगलवार को उनकी मौत हो गई।

## साईं मंदिर के तनेजा आश्रम में लगा मोतियाबिंद नेत्र जांच शिविर



**सिन्दरी।** साईं बाबा मंदिर सिन्दरी के तनेजा आश्रम में बुधवार को नारायण फाउंडेशन हाइटेक अस्पताल व सिन्दरी ॐ साईं संस्थान के संयुक्त में निःशुल्क मोतियाबिंद नेत्रजाँच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 39 लाभुकों के नेत्रजाँच 16 मरीजों को निःशुल्क आँख के आपरेशन के लिए गोविंदपुर स्थित हाइटेक अस्पताल भेजा गया।

साईं संस्थान सिन्दरी संरक्षक रविन्द्र सिंह, फ्रांस की कंपनी टेक्नीप के आरसीएम बब्बन सिंह व पूर्व पुलिस उपाधीक्षक हीरालाल यादव के द्वारा संयुक्त रुप से शिविर का उद्घाटन फीता काटकर किया गया। संरक्षक ने बताया कि शिविर में हाइटेक अस्पताल के चिकित्सक डॉ प्रदीप कुमार गुप्ता, डॉ एम डी गुप्ता, जितेंद्र कुमार मंडल, शशि चौधरी सहित मेडिकल टीम ने 39 लाभुकों का मोतियाबिंद का जाँच किया गया। इस अवसर पर संस्थान के अशोक सिंह, पवन शर्मा, राजू पांडेय, ड़ी के सिंह, उपेन्द्र सिंह, गुरुचरण सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## डीपू धौड़ा में छापेमारी कर किया कोयला जब्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**तीसरा।** सिन्द्री अनुमंडल क्षेत्र में अवैध कोयला धंधा जोर शोर से चालू है। इसका खुलासा सीआईएस एफ व तिसरा पुलिस की संयुक्त छापामारी में हुई। तीसरा थाना क्षेत्र के साउथ गोलकडीह डिपु धौड़ा रेलवे का रैक लोडिंग साइडिंग पास कोयला चोरो द्वारा भारी मात्रा में अवैध कोयला छिपाकर रखने के सूचना के बाद बुधवार को लोदना क्षेत्रीय सीआईएसएफ व तीसरा पुलिस ने सयुक्त रूप से छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध कोयला जब्त किया। जब्त कोयला नार्थ तीसरा प्रबन्धन को सौप दिया। इससे पूर्व लोदना क्षेत्र के सीआईएसएफ इस्पेक्टर आदर्श कुमार व तीसरा थाना के एसआई सुनील कुमार के नेतृत्व में जवानों ने एक पेलोडर की सहायता से विभिन्न स्थानों पर साइडिंग से चुराकर रखे गए कोयले को एक स्थान पर जमा कराया। इसके बाद हाईवा में कोयला लोड कर जीनागोडा कांटा घर में अवैध कोयला वजन कर बीसीसीएल प्रबन्धन को हवाले कर दिया। हालांकि इस दौरान किसी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई। छापेमारी में एसआई एसके तिवारी, एम तिवारी, सुनील कुमार, क्राइम विभाग के पी गोगोई, अमित कुमार व आधा दर्जन महिला पुरुष जवान थे।

लोदना क्षेत्र के सीआईएसएफ इंस्पेक्टर आदर्श कुमार सिंह ने कहा कि क्षेत्र में अवैध कोयला चोरी नहीं चलने दी जाएगी।



## सिजुआ नागरिक समिति को झाकोबस करेगी समर्थन : शिवबालक

झरिया। 18 जनवरी आहूत सिजुआ नागरिक समिति की ओर से 19 तारीख 2023 को होने वाली महापंचायत को झरिया कोलफील्ड बचाओ समिति के उपाध्यक्ष तथा दलित शोषण मुक्ति मंच के झारखंड राज्य कमेटी के अध्यक्ष शिव बालक पासवान ने पुरजोर समर्थन किया है और आगे कहा, बीसीसीएल, डीजीएमएस, झरिया कोलफील्ड को डेंजर जोन घोषित कर कोयला उत्पादन करने की गहरी साजिश है। ऐसे में तमाम राजनीतिक दल सामाजिक संगठनों को एकजुट होकर इसके खिलाफ एक बडे.जोरदार संघर्ष की जरूरत है। मात्र सरकारी महकमा की ओर से पहल एकतरफा की जा रही है जो पूरे तरीके से असंवैधानिक है जहां लाखों लोगों के आवास, रोजगार का सवाल है वहां एक तरफा चाहे कोयला सचिव, राज्य व केन्द्र सरकर फैसला ले अथवा जब तक उसमें जनता की भागीदारी नहीं ली जाएगी और उनके सलाह पर ही आगे बढ़ा जा सकता है। कोयला क्षेत्र में डेंजर जोन होने का मुख्य दोषी डीजीएमएस और बीसीसीएल प्रबंधन के हैं उनके ऊपर कानूनी कार्रवाई करने की भी पहल होनी चाहिए। क्या तमाशा है कई दिनों से झरिया क्षेत्र में पानी की काफी किल्लत है वह लोग परेशान विधायक हो या संसद हो इस पर उचित कार्रवाई करनी चाहिए। चुनाव के समय पानी का टैंकर गली-गली तमाम राजनीतिक दल घुमाया करते थे जो देखा गया था और आज जनता बेहाल है जनता जवाब देगी।

## डीपीएस बोकारो में सहोदया की आमसभा आयोजित

**बोकारो।** नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत विद्यार्थियों की क्षमता बढ़ाने, बैगलेस डे, स्किल डेवलपमेंट, वोकेशनल ट्रेनिंग, मातृभाषा में शिक्षा सहित सभी निदेर्शों का विद्यालय गंभीरता के साथ अनुपालन करेंगे। डीपीएस बोकारो में निजी विद्यालयों के संगठन डॉ. राधाकृष्णन सहोदय स्कूल कांप्लेक्स बोकारो की आमसभा के दौरान इस आशय का निर्णय लिया गया। सहोदया के अध्यक्ष एवं डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ. एएस गंगवार की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में स्कूल की गतिविधियां बढ़ाने के साथ-साथ जिले के शैक्षणिक विकास में बढ़-चढ़कर सहभागिता पर विचार-विमर्श किया गया। आमसभा में कोषाध्यक्ष एवं एमजीएम के प्राचार्य ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए बजट प्रस्तुत किया। बैठक में डॉ. गंगवार को डॉक्टरेट की मानद उपाधि मिलने, चिन्मय के प्राचार्य सूरज शर्मा को सीबीएसई का सिटी कोऑर्डिनेटर तथा श्री अयप्पा की प्राचार्या पी. शैलजा जयकुमार को डिप्टी सिटी कोऑर्डिनेटर बनाए जाने पर बधाई दी गई। मौके पर सभी स्कूलों के प्राचार्य व विद्यालयों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## सड़क सुरक्षा पर हुआ सेमिनार का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** स्थानीय जायका हैपनिंगस सभागार में सड़क सुरक्षा पर आयोजित सेमिनार में अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार,एडीसी सादात अनवर,एसडीओ चास दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, एसडीओ बेरमो अनंत कुमार, डीटीओ संजीव कुमार समेत अन्य पदाधिकारी, विभिन्न विद्यालयों के प्रतिनिधि, पेट्रोल पंप संचालकों के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।सभी पदाधिकारियों व अन्य वक्ताओं ने सतर्कता व सावधानी बरतने, अपने परिवार/मित्रों/आमजनों आदि को जागरूक करने,रोल्स एवं रिस्पांसिबिलिटी को समझने पर जोर दिया। डीटीओ ने सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत किए गए कार्यों की जानकारी विस्तार से दी। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका निरूपमा कुमारी ने एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी शक्ति कुमार ने किया। मौके पर जिला भूमि उप समाहर्ता जेम्स सुरीन, ओएसडी विवेक सुमन, सीटी डीएसपी कुलदीप कुमार, ट्रैफिक डीएसपी पूनम मिंज, कार्यपालक फुसरो नगर परिषद मनोज कुमार,एपीआरओ अविनाश कुमार, अन्य पदाधिकारी, मीडिया प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।



एक नजर में

## गोमो स्टेशन पर नेताजी सुभाषचंद्र बोस का महाभिनिष्क्रमण दिवस मनाया गया

**गोमो।** द चैंबर ऑफ कॉमर्स गोमो के नेतृत्व में बीती रात्रि गोमो स्टेशन में नेताजी सुभाषचंद्र बोस जी के महाभिनिष्क्रमण दिवस मनाया गया।इस अवसर पर स्टेशन में संस्था के सदस्यों समेत कई समाजसेवियों की उपस्थिति रही।मध्य रात्रि को कालका मेल के ड्राइवर श्री एस के सिन्हा, असिस्टेंट ड्राइवर ए हुसैन, हावड़ा से आनेवाले गार्ड लालमणी पासवान और गोमो से गार्ड श्री मृत्युंजय प्रसाद, गोमो स्टेशन के स्टेशन मास्टर श्री सत्यनारायण झा को माला पहनाकर एवं उपहार देकर इस ऐतिहासिक दिन को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से द चैंबर ऑफ कॉमर्स गोमो के अध्यक्ष धीरज कुमार,पवन कुमार सिंह,लक्ष्मण प्रसाद,मनोज रजक, सूरज, अकबर खान, बिट्ठु, उपेन्द्र,सी वाई एम बी सी मंडल,पूर्व मुखिया राजेन्द्र सिंह, विद्यानंद यादव समेत दर्जनों उपस्थित रहे।

## सांसद ने डीआइ के समक्ष उठाये जनहित के मुद्दे



**बोकारो।** धनबाद सांसद पीएन सिंह ने बोकारो इस्पात संयंत्र के प्रभारी निदेशक अमरेंदु प्रकाश से मिलकर ड्यूटी के दरम्यान मरे ठेका कर्मी आनंद कुमार के आश्रितों को नियोजन देने, बंद पड़े कम्युनिटी हॉल को चालू करने, विस्थापितों के नियोजन में स्थानीय भाषा को प्राथमिकता देने,आउटसोर्सिंग में न्यूनतम २०% स्थानीय श्रमिकों को रखने, लाइसेंस पर आबंटित आवास हेतु 11 माह का ही किराया लेने, पुस्तकालय भवन का जीणोर्धार सहित अन्यान्य जनहित के मुद्दों को को उठाया। मौके पर मुख्य रूप से कीम्स, एचएमएस के महामंत्री राजेंद्र सिंह,भैया आरएन ओझा,कमलेश राय, एके वर्मा ,विद्या सागर सिंह,अनिल सिंह, प्रकाश सिंह मोंटी, बीबीएल श्रीवास्तव, एके सिन्हा, सुनील कुमार, विदेशी महतो, फूलचंद महतो, गोल्डी सिंह, गुड्डू सिंह, आरके सिंह, विरु खान सहित अन्य उपस्थित थे।

## पेज एक का शेष

### कोताही पर होंगे दंडित : सीएम हेमंत...

इस पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सीएम ने कहा कि वरीय अधिकारियों के साथ वह खुद जिलों में जाकर समीक्षा करेंगे। अगर कोई समस्या आ रही है तो उसकी गहराई तक जायेंगे और उसका समाधान करेंगे, ताकि दुरुस्त किया जा सके। अधिकारी समन्वय स्थापित कर पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ काम करें तो सरकार की जो सोच है, जो उद्देश्य है, उसे हासिल कर लेंगे। उन्होंने कहा, अगर आप सही तरीके से अपने काम नहीं करेंगे तो समाज में अराजकता और अपराध समेत अन्य घटनाएं बढ़ जायेंगी। मैं नहीं चाहता कि ऐसी स्थिति पैदा हो। सीएम ने तिसरी अंचल के सीओ को वादों के निष्पादन में लापरवाही बरतने के लिए निलंबित करने का निर्देश दिया।

### इडी ने साहिबगंज डीसी को समन भेजा...

**2020 से ही हैं पद पर :** साहिबगंज डीसी के रूप में श्री यादव की तैनाती साल 2020 में हुई थी, इसके बाद वहां भारी पैमानें पर अवैध खनन हुआ है। ईडी ने भी खुलासा किया है कि बीते दो ढाई सालों में साहिबगंज में अवैध खनन के जरिए 100 करोड़ की अवैध कमायी की गयी। जिला में डीसी अवैध खनन रोकने वाली एक्शन टीम के प्रमुख होते हैं, ऐसे में उनके द्वारा की गयी कार्रवाईयों पर भी ईडी जानकारी ले सकती है। पूर्व में ईडी ने संताल परगना के कमीश्नर को भी नोटिस देकर बुलाया था। उनका बयान इस मामले में दर्ज किया जा चुका है। साहिबगंज से गंगा नदी के रास्ते अवैध पत्थर से लदे ट्रकों को जलयान से बिहार, बंगाल भेजे जाने की बात भी सामने आयी है। ओवरलोडिंग के कारण गंगा नदी में पिछले वर्ष 24- 25 मार्च की रात हुए हादसे को लेकर चौकानें वाले तथ्य सामने आए हैं। एक ही हादसे पर साहिबगंज के डीसी और कटिहार के डीएम ने अलग अलग रिपोर्ट तैयार की थी। दोनों की रिपोर्ट में इतना अंतर क्यों आया इसे लेकर भी इडी साहिबगंज डीसी से सवाल-जवाब करेगी।

### दिल्ली में पहलवान धरना पर...

क्या उन्हें पिछले दस साल से फेडरेशन से कोई समस्या नहीं थी? ये सारी बातें तब हो रही हैं जबसे नये नियम लागू किये गये हैं। धरने पर बैठे पहलवानों ने ओलंपिक के बाद से किसी भी राष्ट्रीय टूनार्मेंट में हिस्सा नहीं लिया है। यौन शोषण की कोई घटना नहीं हुई है। अगर ऐसा कुछ हुआ है तो मैं फांसी लगा लूंगा।

**हर जांच के लिए तैयार हूं**

श्री सिंह ने कहा, मैं विनेश फोगाट से पूछना चाहता हूं कि उन्होंने ओलंपिक में हार के बाद कंपनी की लोगो वाली पोशाक क्यों नहीं पहनी थी? उसके मैच हारने के बाद, मैंने केवल उसे प्रोत्साहित और प्रेरित किया था। यौन शोषण के बहुत बड़ा आरोप है। जब मुझे ही इसमें घसीटा गया है तो मैं कैसे कोई कार्रवाई कर सकता हूं? मैं जांच के लिए तैयार हूं। जब मुझे पता चला कि पहलवान धरने पर बैठे हैं तो मैं तुरंत फ्लाइट का टिकट लेकर दिल्ली पहुंच गया। क्या कोई सामने है कि कह दे कि संघ ने कभी किसी खिलाड़ी का शोषण किया है? क्या कोई मेरे सामने कह सकता है कि मैंने शोषण किया है? यह गलत है। इसमें मुख्य कोच का नाम भी लिया गया है। उन्होंने कहा, मैं ये पूछना चाहता हूं कि आप नेशनल में नहीं खेलोगे और आप ओपन-नेशनल में नहीं खेलोगे। उसके बाद यह कहोगे कि ट्रायल भी सिर्फ एक हो। देश के अन्य खिलाड़ी भी एशिया या ओलंपिक स्तर पर खेलना चाहते हैं। जब आपको फेडरेशन से इतनी ही समस्या थी तो आपने 10 सालों में क्यों नहीं बताया?

**बजरंग और साक्षी को नहीं थी कोई दिक्कत**

बृजभूषण ने आगे कहा, हाल ही में बजरंग और साक्षी मुझसे मिलकर गये थे, लेकिन तब उन्होंने अपनी समस्या के बारे में बात नहीं कही थी। उन्होंने कहा था कि सबकुछ सही है।

स्पीड न्यूज

### दुनिया की सबसे उम्रदराज महिला का निधन



**वाशिंगटन।** फ्रांस की नन और दुनिया की सबसे उम्रदराज महिला ल्यूसिल रैंडन का 118 साल की उम्र में निधन हो गया है। सैंटे-कैथरीन-लेबर नर्सिंग होम के प्रवक्ता डेविड टावेला के हवाले से कहा गया कि बहुत दुख है, लेकिन यह उसकी अपने प्यारे भाई से जुड़ने की इच्छा थी।

### मनप्रीत बादल कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल

**चंडीगढ़।** पंजाब के पूर्व वित्त मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनप्रीत सिंह बादल भाजपा में शामिल हो गए हैं। उन्होंने राहुल गांधी को इस्तीफा दे दिया है। भारत जोड़ो यात्रा के बीच पंजाब में कांग्रेस को झटका लगा है।

### एमपी : कमलनाथ के भतीजे को जमानत

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने कथित उर्वरक घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के भांजे रतुल पुरी को बुधवार को जमानत दे दी।

### मुख्तार उच्च सुविधाएं पाने का हकदार नहीं

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने माफिया मुख्तार अंसारी को जेल में उच्च श्रेणी की सुविधाएं देने के स्पेशल कोर्ट एमपी/एमएलए गाजीपुर का आदेश रद्द कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि मुख्तार अंसारी के लंबे आपराधिक इतिहास और उसके विरुद्ध दर्ज गंभीर मुकदमों को देखते हुए वह उच्च श्रेणी की सुविधा पाने का हकदार नहीं है।

### सेंसेक्स 390 अंक चढ़ा

**मुंबई।** बुधवार को सेंसेक्स 390 अंकों की बढ़त के साथ 61,046 अंकों पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी 110 अंकों की बढ़त के साथ 18163.80 अंकों पर बंद हुआ।

### दिल्ली सरकार से तल्खी के बीच एलजी को मिलीं नयी शक्तियां

**नयी दिल्ली।** बीते साल के आखिर में हुए एमसीडी चुनाव के नतीजे आने के बाद से दिल्ली के उपराज्याल विनय कुमार सक्सेना और दिल्ली सरकार के बीच विवाद बढ़ गया है। इस बीच, राष्ट्रपति मुर्मू ने औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य की स्थिति संहिता, 2020 के तहत दिल्ली एलजी, वीके सक्सेना को दो नई शक्तियां दी हैं।

## सांसद खेल महाकुंभ के दूसरे चरण का उद्घाटन

# खेल एक साधना और तपस्या है : पीएम मोदी

एजेंसी

**बस्ती।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा है कि खेल एक साधना और तपस्या है जो जितना तपता है उतना ही निखरता है भारत सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर अग्रसर है। पीएम मोदी ने बुधवार को उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले के शहीद सत्यवान सिंह स्टेडियम में सांसद खेल महाकुंभ के 'द्वितीय चरण' का वर्चुअल उद्घाटन करने के बाद सम्बोधित करते हुए कहा है कि बस्ती की धरती तप, त्याग और महाऋषि की धरती है।

खिलाड़ियों को एक के बाद एक पड़ाव मिलते है और उसे खिलाड़ी पार करके विजय प्राप्त करते है। विशाल खेल महाकुंभ से गांवों के खेलों को बढ़ावा मिलेगा। पूरे भारत में दो सौ संसद सदस्य द्वारा 'सांसद खेल महाकुंभ' का आयोजन कराया जा रहा है हजारों युवा इसमें भाग ले रहे हैं।

### मुझे भी खो-खो के खेल का आनंद प्राप्त हुआ




मोदी ने कहा कि अभी मुझे खो-खो खेल देखने का अवसर मिला हमारी बेटियां जिस चतुराई के साथ और टीम के साथ पूरी तरह टीम के साथ खेल रही थी वाकई बड़ा आनंद आ रहा था देखकर मैं जानता नहीं कि मेरी ताली आपको सुनाई नहीं दे रही थी कि दे रही थी मुझे भी खो-खो के खेल का आनंद प्राप्त हुआ सभी बेटियों को बधाई देता हूं और शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है बस्ती, पूर्वांचल, उत्तर प्रदेश की बेटियां ऐसे ही राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अपना दमखम दिखाएंगे।

#### खेल महाकुंभ एक नई उड़ान का अवसर देगा

उन्होंने कहा कि भारत सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए और उन्हें प्रोत्साहन राशि उपलब्ध करा रही है। सबसे बड़ी बात तो यह है की इन खेलों में बालिकाएं अधिक संख्या में प्रतिभाग कर रही। भारत के खेलों इंडिया में परंपरागत स्थानीय खेलों को एक सांसद खेल महाकुंभ एक नई उड़ान का अवसर देगा। मैं भी एक सांसद हूं काशी का एक सांसद हूं मेरे काशी के संसदीय क्षेत्र में भी ऐसे खेल प्रतिभाओं का अवसर मिला है। इसी तरह के खेल महाकुंभ अनेक स्थानों पर आकर लोकसभा सदस्य खेल स्पर्धा कराकर सभी सांसद नई पीढ़ी का भविष्य करने का काम कर रहे हैं सांसद खेल महाकुंभ में अच्छा प्रदर्शन करने वाले युवा खिलाड़ियों को स्पोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया आगे के ट्रेनी के लिए भी चुना जा रहा है इससे देश की युवा शक्ति को बहुत लाभ होगा। इस महाकुंभ में भी 40,000 से ज्यादा युवा हिस्सा ले रहे हैं और मुझे बताया गया कि पिछले साल की तुलना में तीन गुना ज्यादा है।

## यूक्रेन में हेलीकॉप्टर क्रैश, गृह मंत्री समेत 16 की मौत

### कीव के पास छोटे बच्चों के स्कूल पर गिरा



एजेंसी

**कीव।** यूक्रेन की राजधानी कीव में एक हेलीकॉप्टर हादसे की खबर है। इस हादसे में यूक्रेन के मंत्री समेत 16 लोगों की मौत की खबर है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मृतकों में दो बच्चे भी शामिल हैं। हेलीकॉप्टर, कीव के बाहरी इलाके में स्थित छोटे बच्चों के स्कूल पर गिरा। यह हादसा कीव के उत्तरपूर्व में स्थित शहर ब्रोवरी में हुआ है। घटना के सूचना पाकर पुलिस और आपात सेवाओं से जुड़े लोग मौके पर पहुंच गए हैं। इस एयरक्राफ्ट हादसे का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें हादसे के बाद बच्चों का स्कूल आग की लपटों से घिरा नजर आ रहा है।

**हादसे की वजह का पता नहीं**

अभी तक हादसे की वजह पता नहीं चल सकी है। यूक्रेन की नेशनल पुलिस के मुखिया इगोर क्लिमेंको ने कहा है कि अभी तक 16 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। मरने वालों में यूक्रेन के गृह मंत्रालय के कई अधिकारी और गृह मंत्री डेनिस मोनास्त्रिस्की और उनके डिप्टी मंत्री यावगेनी येनिन शामिल हैं।

### जासूसी के आरोप में वित्त मंत्रालय का कर्मचारी गिरफ्तार

**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्रालय के एक कर्मचारी को जासूसी के शक में गिरफ्तार किया गया है। इस कर्मचारी का नाम सुमित बताया जा रहा है, जो कि कॉन्ट्रैक्ट पर बतौर डेटा एंट्री ऑपरेटर काम कर रहा था। इस पर पैसों के बदले संवेदनशील जानकारी दूसरे मुल्कों को बेचने का आरोप है। सुमित के पास से एक मोबाइल फोन जब्त किया गया है। इसी फोन से वह दूसरे मुल्कों को सीक्रेट जानकारी शेयर कर रहा था।

### केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल किया हलफनामा

## सिमी पर लगा प्रतिबंध सही

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में एक हलफनामा दाखिल किया है। ये हलफनामा स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) पर लगे प्रतिबंध को लेकर दाखिल किया है। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में सिमी पर लगे प्रतिबंध को सही ठहराया है। केंद्र ने कहा कि सिमी भारतीय राष्ट्रवाद के खिलाफ है। केंद्र ने कोर्ट से कहा कि कोई भी संगठन जिसका उद्देश्य भारत में इस्लामिक शासन स्थापित करना है, उसे अस्तित्व में रहने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। उन्हें हमारे धर्मनिरपेक्ष समाज में कायम रखने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

**देश के कानूनों के विपरीत हैं सिमी के उद्देश्य :** केंद्र ने अपने हलफनामे में आरोप लगाया कि सिमी के उद्देश्य देश के कानूनों के विपरीत हैं, क्योंकि संगठन का उद्देश्य इस्लाम के प्रचार में छात्रों और युवाओं को जुटाना और जिहाद के लिए समर्थन प्राप्त करना है।

### बीआरएस की जनसभा में विपक्ष का शक्ति-प्रदर्शन, कई नेता हुए शामिल



एजेंसी

**खम्मन।** तेलंगाना में सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) ने खम्मम में एक जनसभा का आयोजन किया। जनसभा में मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की उपस्थिति में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल, पंजाब के सीएम भगवंत मान, केरल के सीएम पिनाराई विजयन, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और सीपीआइ महासचिव डी. राजा शामिल हुए। तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) का नाम बदलकर बीआरएस किए जाने के बाद यह पहली सार्वजनिक बैठक है। इस कारण ये बैठक राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है।

### गणतंत्र दिवस पर सप्ताह भर तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

**नयी दिल्ली।** देश के 74 वें गणतंत्र दिवस पर सप्ताह भर चलने वाले आयोजनों का महान स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस की जयंती 23 जनवरी से आगाज होगा और ये 30 जनवरी को महात्मा गांधी की पुण्य तिथि यानी शहीद दिवस को संपन्न होंगे। रक्षा सचिव ने बुधवार को बताया कि सरकार के विजन के अनुरूप इस बार के गणतंत्र दिवस समारोह में जनभागीदारी को बढावा देते हुए लोगों को बड़ी संख्या में इन आयोजनों का हिस्सा बनाने के लिए व्यापक व्यवस्था की गयी है। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन कर्तव्य पथ पर होगा।

## त्रिपुरा में 16, नगालैंड व मेघालय में 27 फरवरी को चुनाव

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग ने त्रिपुरा, मेघालय और नागालैंड में इसी साल होने वाले विधानसभा चुनावों की तारीखों का ऐलान किया। त्रिपुरा में 16 फरवरी, मेघालय और नागालैंड में 27 फरवरी को चुनाव होंगे। 2 मार्च को तीनों राज्यों के नतीजे एक साथ घोषित किए जाएंगे।

चुनाव के तारीखों की घोषणा के साथ ही तीनों राज्यों में आदर्श चुनाव आचार संहिता भी लागू हो गई। नगालैंड विधानसभा का कार्यकाल 12 मार्च को खत्म हो रहा है, वहीं मेघालय और त्रिपुरा की विधानसभाओं का कार्यकाल क्रमशः 15 और 22 मार्च को समाप्त हो रहा है। तीनों राज्यों की विधानसभाओं में 60-60 सीटें हैं। पूर्वोत्तर के तीन राज्यों में इस साल सबसे पहले विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं।

त्रिपुरा में जहां भाजपा की सरकार है, वहीं नगालैंड में नेशनलिस्ट डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी सत्ता में है। मेघालय में नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) की सरकार है।

एनपीपी पूर्वोत्तर की एकमात्र पार्टी है जिसे राष्ट्रीय दल के तौर पर मान्यता हासिल है।

#### सात विधानसभा-लोकसभा सीटों पर उपचुनाव

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने इसके साथ ही उन्होंने छह राज्यों की सात विधानसभा और लोकसभा सीटों पर उपचुनाव की प्रक्रिया और तारीखों की भी घोषणा की। जिन सीटों के लिए उपचुनाव की घोषणा की गई है उनमें अरुणाचल प्रदेश, झारखंड, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु की एक-एक विधानसभा सीट के साथ ही ही महाराष्ट्र की दो विधानसभा सीटें शामिल हैं। इसके अलावा केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप की एक लोकसभा सीट पर भी उपचुनाव की घोषणा की गई है। चुनाव आयोग के मुताबिक, इन सीटों पर चुनाव के लिए 31 जनवरी को अधिसूचना जारी की जाएगी। वहीं नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख सात फरवरी है। आठ फरवरी को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। वहीं, 10 फरवरी तक नामांकन वापस लिए जा वापस लिए जा सकेंगे। इन सीटों पर 27 फरवरी को मतदान होगा। दो मार्च को छह विधानसभा सीटों और एक राज्य की लोकसभा सीट पर उपचुनाव के नतीजों की घोषणा होगी।

### इंडिगो मामले पर सिंधिया बोले- तेजस्वी सूर्या ने गलती के लिए माफी मांगी

**नयी दिल्ली।** इंडिगो के विमान का आपातकालीन दरवाजा खोलने के मामले में अब उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का बड़ा बयान आया है। मामले में भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या पर आरोप लगाए गए हैं। जब ज्योतिरादित्य सिंधिया से तेजस्वी सूर्या को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि तथ्यों को देखना जरूरी है। फ्लाइट के ग्राउंड पर होने पर गलती से दरवाजा उनके द्वारा खोल दिया गया था और सभी जांच के बाद फ्लाइट को उड़ान भरने की अनुमति दी गई थी। उन्होंने गलती के लिए माफी भी मांगी है। तेजस्वी की इंडिगो घटना पर सिंधिया ने कहा कि घटना जमीन पर हुई थी।

### नीतीश विरोधी बयानों के लिए राजद ने विधायक सुधाकर सिंह को जारी किया नोटिस

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ लगातार बयान देने के कारण राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव के निर्देश पर विधायक और पूर्व मंत्री सुधाकर सिंह को पार्टी ने बुधवार को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जारी नोटिस में सुधाकर सिंह से पूछा गया है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उनके नेतृत्व वाली महागठबंधन सरकार के खिलाफ बार-बार बयान देने के लिए पार्टी द्वारा उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई क्यों नहीं की जानी चाहिए। सिंह को नोटिस का जवाब देने के लिए 15 दिन का समय दिया गया है। सूत्रों के अनुसार, लालू प्रसाद यादव ने नीतीश कुमार के खिलाफ सिंह के लगातार बयान पर संज्ञान लिया है। सिंह का बयान महागठबंधन सरकार के लिए काफी नुकसानदेह साबित हो रहा था इसलिए उन्होंने तुरंत नोटिस जारी करने का पार्टी को निर्देश दिया।

### कड़ाके की ठंड की चपेट में उत्तर भारत



एजेंसी


**नयी दिल्ली।** उत्तर भारत के कई हिस्से बुधवार को भी कड़ाके की ठंड की चपेट में रहे जबकि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में न्यूनतम तापमान गिरकर शून्य से 11.7 डिग्री सेल्सियस नीचे चला गया। राष्ट्रीय राजधानी में जनवरी के दौरान अब तक आठ दिन शीतलहर का प्रकोप रहा। दिल्ली की सफदरजंग वेधशाला में न्यूनतम तापमान 2.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।राजस्थान में फतेहपुर, सीकर, चूरू और करौली में रात का तापमान जमाव बिंदु से नीचे चला गया और पूरे प्रदेश में कड़ाके की सर्दी का सितम जारी है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक, मंगलवार रात सीकर के फतेहपुर में पारा शून्य से 2.2 डिग्री सेल्सियस नीचे, सीकर में शून्य से 1.5 डिग्री नीचे, चूरू में शून्य से 1.2 डिग्री नीचे और करौली में शून्य से 0.8 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा। पंजाब और हरियाणा में कड़ाके की ठंड का प्रकोप जारी है। प्रदेश के अधिकांश इलाकों में न्यूनतम तापमान सामान्य से नीचे बना रहा। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, पंजाब के बठिंडा और फरीदकोट में भीषण ठंड पड़ रही है। यहां का न्यूनतम तापमान क्रमशः शून्य से 0.2 डिग्री सेल्सियस नीचे और 0.5 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया।

### माइक्रोसॉफ्ट दस हजार कर्मियों की करेगा छंटनी

**न्यूयॉर्क।** मंदी की आशंका के बीच दिग्गज कंपनी ने माइक्रोसॉफ्ट ने 10 हजार कर्मचारियों को बाहर निकालने की तैयारी में है। कंपनी घटता रेवन्यू एक बड़ी समस्या बनकर उभरा है। बता दें, माइक्रोसॉफ्ट से पहले अमेजन, सेल्सफोर्स जैसी कंपनियों ने भी छंटनी की थी। इसी सप्ताह के शुरूआत में भारत की स्टार्ट अप कंपनी शेयरचैट ने भी 600 कर्मचारियों को बाहर निकाल दिया था। कंपनी की तरफ से कहा गया है कि वित्त वर्ष 2023 के अंत तक करीब 5 प्रतिशत वर्क फोर्स को घटाया जाएगा। कंपनी ने इस फैसले के पीछे खराब आर्थिक स्थिति का हवाला दिया है। दावोस में माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्या नडेला ने कहा, 'हम अपने भविष्य के लिए रणनीतिक तौर पर निवेश करना जारी रखेंगे। यानी हम अपना पैसा और टैलेंट को लॉन्ग टर्म के लिए ध्यान में ग्रोथ पर फोकस करते हुए अलग-अलग क्षेत्रों में लगाएंगे।'

## शादी से पहले सैलून के बाहर दिखीं अथिया शेट्टी

अथिया शेट्टी इन दिनों लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार एक्ट्रेस जल्द ही क्रिकेटर केएल राहुल के साथ सात फेरे लेने वाली हैं। दोनों के घरों की सजावट भी शुरू हो चुकी है। इस बीच बुधवार को अथिया को एक सलून के बाहर देखा गया। इंस्टाग्राम पर एक पैपराजी ने उनका एक वीडियो साझा किया है। यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में अथिया को सैलून के बाहर देखा जा सकता है। इस छोटे से क्लिप में अथिया सैलून से बाहर निकलते हुए तेजी से कार में बैठती नजर आ रही हैं। उनके बाहर आते ही पैपराजी ने उन्हें कैमरे में कैद कर लिया। वीडियो में अथिया ग्रीन कलर की ड्रेस में नजर आ रही है। इस दौरान उनके चेहरे पर चमक देखी जा सकती है। मिनिमल मेकअप के साथ अथिया का यह वीडियो फैंस को काफी पसंद आ रहा है।



**इस दिन होगी शादी**

मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो अथिया और केएल राहुल 23 जनवरी को शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। इसके लिए दोनों के घरों में जोर-शोर के साथ तैयारियां भी शुरू हो चुकी हैं। जानकारी के मुताबिक दोनों की शादी के फंक्शन तीन दिनों तक चलेंगे। बता दें कि दोनों एक दूसरे को लंबे समय से डेट कर रहे हैं। अक्सर दोनों को एक साथ अपनी फोटोज सोशल मीडिया पर पोस्ट किया करते हैं। हालांकि शादी को लेकर दोनों की तरफ से अभी तक कोई बयान नहीं दिया गया है।

## शुभमन गिल वनडे में दोहरा शतक लगाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने, लगाई रिकॉर्ड की झड़ी



एजेंसी

**हैदराबाद।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में ही शुभमन गिल ने इतिहास रच दिया। उन्होंने 149 गेंदों में 208 रन की पारी खेली। उनकी पारी में 19 चौके और नौ छक्के शामिल थे। इस मैच में गिल ने एक साथ कई रिकॉर्ड अपने नाम कर लिए। गिल वनडे में सबसे कम उम्र में दोहरा शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने 23 साल की उम्र में यह कारनामा किया। इससे पहले यह रिकॉर्ड ईशान किशन के नाम था, जिन्होंने 24 साल की उम्र में बांग्लादेश के खिलाफ दोहरा शतक लगाया था। इसके अलावा गिल वनडे में सबसे कम उम्र में एक हजार रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज भी बन गए हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड विराट कोहली और शिखर धवन के नाम था। इन दोनों खिलाड़ियों 24 पारियों में एक हजार वनडे रन बनाए थे। वहीं, शुभमन गिल ने 19 वनडे पारियों में ही एक हजार रन पूरे कर लिए हैं। वनडे क्रिकेट में सबसे तेज एक हजार पूरे करने के मामले में गिल संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं। पाकिस्तान के फखर जमान ने 18 वनडे पारियो में एक हजार बनाए थे। वह इस मामले में सबसे तेज हैं। वहीं, 19 पारियों में एक हजार रन बनाने वाले शुभमन गिल पाकिस्तान के इमाम उल हक के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं।

### रोहित ने तोड़ा धोनी का रिकॉर्ड

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया। उन्होंने अपनी 34 रन की पारी में दो छक्के लगाये। रोहित अच्छी शुरुआत करने के बाद बड़ी पारी नहीं खेल पाये, लेकिन पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी और ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर एडम गिलक्रिस्ट का रिकॉर्ड जरूर तोड़ दिया। रोहित मैच में दो छक्के लगाने के साथ ही घरेलू मैदान पर वनडे में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गये। उन्होंने इस मामले में धोनी को पीछे छोड़ दिया। टीम इंडिया के पूर्व कप्तान ने भारतीय जमीन पर वनडे मैचों में 123 छक्के लगाए थे। रोहित ने जब भारतीय पारी के तीसरे ओवर में हेनरी शिपली की गेंद पर छक्का लगाया तो वह धोनी से आगे निकल गए। उसके बाद उन्होंने एक और सिक्स जड़ा। भारतीय जमीन पर रोहित के छक्कों की संख्या अब 125 हो गई है।

**गिलक्रिस्ट से आगे निकले हिटमैन**

रोहित ने वनडे में रन के मामले में गिलक्रिस्ट को पीछे छोड़ दिया। हिटमैन के 9630 रन हो गए। गिलक्रिस्ट ने 9619 रन बनाए थे। रोहित ने 38 गेंदों की पारी में 34 रन बनाए थे। इस दौरान चार चौके और दो छक्के लगाए। रोहित ने श्रीलंका के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज में 142 रन बनाए थे। वह जनवरी 2020 के बाद से वनडे में एक भी शतक नहीं लगा पाए हैं। रोहित ने पिछला शतक ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जनवरी 2020 में बेंगलुरु में लगाया था। तब उन्होंने 119 रनों की पारी खेली थी।

## स्पोर्ट्स

### हॉकी : भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 7-0 से हराया



**केपटाउन।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने दक्षिण अफ्रीका दौरे पर एक और शानदार जीत दर्ज करते हुए मेजबान टीम को दूसरे मैच में 7-0 से हराया और लंबे समय बाद टीम में लौटी रानी रामपाल ने फिर गोल किया। पहले मैच में 5-1 से जीत दर्ज करने वाली एफआईएच नेशंस कप चैम्पियन भारतीय टीम ने उसी लय को कायम रखा। उदिता ने नौवे मिनट में पहला गोल किया। गोलकीपर सविता की अगुवाई वाली टीम ने दूसरे क्वार्टर में दक्षिण अफ्रीका पर और दबाव बनाया। वैष्णवी विट्ठल फाल्के ने 22वें मिनट में दूसरा गोल किया। इसके बाद पूर्व कप्तान रानी ने फील्ड गोल किया जो छह महीने बाद टीम में लौटी हैं। दूसरे क्वार्टर के आखिर में भारत की बढत छह गोल की हो गई जब संगीता कुमारी, नवनीत कौर और वंदना कटारिया ने 25वें, 26वें और 27वें मिनट में गोल दागे। तीसरे क्वार्टर में कोई गोल नहीं हो सका लेकिन वंदना ने चौथे क्वार्टर में 58वें मिनट में गोल किया।

### चोटिल राफेल नडाल आस्ट्रेलियाई ओपन में हारे

**मेलबर्न।** कूल्हे की चोट से जूझ रहे राफेल नडाल को 23वें ग्रैंडस्लैम के लिए अभी और इंतजार करना होगा क्योंकि वह ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में मैकेंजी मैकडोनाल्ड के हाथों अप्रत्याशित हार के साथ बाहर हो गए गत चैम्पियन और शीर्ष वरीयता प्राप्त नडाल पर विश्व रैंकिंग में 65वें स्थान पर काबिज मैकडोनाल्ड ने 6.4, 6.4, 7.5 से जीत दर्ज की।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० रॉंची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 120 | Hindi | ₹ 100 |
| English | ₹ 120 | English | ₹ 120 |
| Mathematics | ₹ 120 | Mathematics | ₹ 120 |
| Science | ₹ 120 | Science | ₹ 120 |
| Social Science | ₹ 120 | Social Science | ₹ 120 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi - B | ₹ 80 | Hindi - B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran - II | ₹ 100 | Hindi Vyakaran - II | ₹ 100 |
| English Grammar - II | ₹ 100 | English Grammar - II | ₹ 100 |
| Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 70 | Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 70 |
| Hindi Practical | ₹ 50 | Hindi Practical | ₹ 50 |
| English Practical | ₹ 50 | English Practical | ₹ 50 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 60 | Science Practical | ₹ 55 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 60 |
| Sanskrit Practical | ₹ 50 | Sanskrit Practical | ₹ 50 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 60 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 60 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !